अदालत ने भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता को शुक्रवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और कविता के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश जारी किया। सीबीआई ने कविता को तिहाड़ जेल में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद रखा गया है। सीबीआई ने कविता को भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 477-ए (खातों में हेराफेरी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (लोक सेवक को रिश्वत देने के आरोप में संबंधित अपराध) के तहत गिरफ्तार किया।

12 कॉलेजों में वित्तीय संकट जारी, सड़क पर उतरा डूटा

● अग्रसेन कॉलेज गेट पर दिल्ली सरकार के खिलाफ धरना, पूर्ण और नियमित अनुदान की भी मांग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के बारह वित्त पोषित कॉलेजों में पिछले कई वर्षों से चल रहा वित्तीय संकट अभी तक जारी है। शुक्रवार को नाराज दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) ने अग्रसेन कॉलेज गेट पर धरना दिया।

साथ ही उन्होंने मंत्री आतिशी के पत्र को वापस लेने और नियमित असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कर्मचारियों की भर्ती शुरू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। डूटा का यह चौथा क्लस्टर धरना था जिसमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर, महाराजा अग्रसेन, शहीद राजगुरु महर्षि वाल्मीकि, आचार्य नरेंद्र देव, पी जी डी ए वी, रामानुजन, देशबंधु, श्यामलाल कॉलेज, एलआईसी, एमएससी और विवेकानंद कॉलेज के शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। धरने पर मौजूद शिक्षकों ने दिल्ली सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की। सैंकड़ों शिक्षक सड़क पर उतरे और जनता और छात्रों को दिल्ली सरकार वित पोषित बारह कॉलेजों में चल रहे वित्तीय संकट और अन्य समस्याओं की जानकारी दी और दिल्ली सरकार द्वारा इन कॉलेजों के अधिग्रहण करने, स्व वित पोषित करने और अंबेडकर यूनिवर्सिटी में लेने की मंशा से अवगत कराया।

शिक्षकों ने बताया कि दिल्ली सरकार इन बारह कॉलेजों की फंडिंग को रोक कर समस्या पैदा कर रही है। डूटा अध्यक्ष प्री अजय कुमार भागी ने धरने पर बैठे शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के दिल्ली सरकार में आने के बाद से इन कॉलेजों का संकट शुरू हो गया था। दिल्ली सरकार की नीयत इन कॉलेजों को अपने नियंत्रण में लेकर इनको स्व वित पोषित मॉडल में बदलना है। इसीलिए दिल्ली सरकार इनको दिल्ली यूनिवर्सिटी से डी एफिलिएट करना चाहती है। इसीलिए आतिशी ने केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा था

संक्षिप्त समाचार

आप यूपी में नहीं लड़ेगी चुनाव : संजय सिंह

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में चुनाव नहीं लड़ेगी, लेकिन इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के प्रत्याशियों को पूरा समर्थन देगी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इस बात का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हम बिना शर्त इंडिया गठबंधन के साथ खड़े हैं। यह चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने और तानाशाह हुकूमत के खिलाफ जनता को लामबंद करने का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में भाजपा की जीत को लेकर आत्म विश्वास नहीं है। अगर भाजपा जीत रही होती तो वो चुनाव के दौरान विपक्ष के नेताओं के खिलाफ इस तरह कार्रवाई नहीं करते। वहीं, अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव समान्य परिस्थितियों में नहीं हो रहा है, बल्कि इस चुनाव पर पूरे देश और दुनिया की नजर है।

जय किशन ने कांग्रेस आला कमान को लिखा पत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली की अपने हिस्से की तीनों लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर लिए हैं। इसको लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का एक खेमा सूची में शामिल उम्मीदवारों के नामों से सहमत नहीं है। इनकी कोशिश सूची में बदलाव करवाने की है। इसी के मद्देनजर का अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव व पूर्व विधायक जय किशन ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी व केसी वेणुगोपाल को पत्र लिखकर खुद के नाम पर भी विचार करने की गुहार लगाई है। जय किशन ने पत्र में लिखा है कि उनके राजनीतिक जीवन, वफादारी, ईमानदारी के बारे में आप लोग अच्छे से जानते है। पार्टी के लिए समय समय पर कई बार धरना, प्रदर्शन, लाठी-डंडे खाए, संघर्ष किया और जेल भी गए। पार्टी के दलितों में मेरे से ज्यादा सेवा, पैसे खर्च करने में दिल्ली समेत आस पास कोई नहीं दिखता। लोक सभा चुनाव नजदीक है तो मेरे विरोधियों के बहकावे में नहीं आए। मेरा राजनीतिक जीवन खत्म करने में पार्टी को फायदा नहीं होगा। देश के लाखों दलित मेरे से जुड़े हुऐ हैं। उनका अपमान नहीं करें। मेरे वफादारी पर भरोसा रखा जाए ।

ओपी धनखड़ ने प्रत्याशियों संग किया जन संवाद

● पार्टी का चुनाव थीम गीत जारी कर कार्यकर्ताओं का किया उत्साह वर्धन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पार्टी का चुनावी थीम गीत जारी करते लोस प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ व अन्य।

प्रदेश भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ ने दो लोकसभा क्षेत्रों उत्तर पश्चिम एवं पूर्वी दिल्ली लोकसभा से प्रत्याशियों योगेन्द्र चंदोलिया एवं हर्ष मल्होत्रा के साथ आज कार्यकर्ता संवाद किया और भाजपा नेताओं के बीच पार्टी का विजय संकल्प गीत जारी किया।

ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि दिल्ली की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है। पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर कमल खिलाने के संकल्प के साथ चुनावी मैदान में उतर गए हैं। जनता जर्नादन का भरपूर आशीर्वाद भाजपा के प्रत्याशियों को मिल रहा है। वे स्वंय पिछले कई दिनों से विभिन्न वर्गो के लोगों से मिल रहे हैं और लोगों का भाजपा के प्रति उत्साह देख रहे हैं। देश की जनता के साथ जनता ने भी एक बार फिर मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। अब पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि हर मतदाता के पास पंहुचकर शालीनता के साथ कमल का बटन दबाने की अपील करें। कार्यकर्ताओं को अति आत्मविश्वास से बचना है और हर मतदाता तक पंहुचना है। चुनावी मैदान में जो आखिरी तक लड़ता है वहीं जीतता है। दिल्ली प्रदेश प्रभारी ने दोनों लोकसभा सीटों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की और सभी तरह की चुनावी प्रक्रियाओं पर मंथन किया, जो भाजपा को बड़ी जीत की ओर अग्रसर करेंगी। अच्छा बूथ प्रबंधन एवं समर्पित पन्ना प्रमुख भाजपा को बड़ी सफलता दिलाने की शक्ति बनेंगे। कार्यकर्ताओं से इन दोनों कार्यों पर पूरा ध्यान दें। भाजपा कार्यकर्ताओं के पास मतदाताओं को बताने के लिए केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार के अनेक ऐतिहासिक कार्य हैं जो आजादी के बाद कांग्रेस अपने 60 वर्ष के शासन काल में नहीं कर पाई और मोदी जी ने पिछले दस वर्षों में ही कर दिखाए। गुलामी के प्रतीक जार्ज पंचम की प्रतिमा स्थल पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित करना, किसानों के खातों में सीधे पैसे भेजना, फसलों की एमएसपी बढ़ाना, फसल लागत मूल्य का डेढ़ गुणा लाभकारी मूल्य देना।

स्कूल बस ने ऑटो-रिक्शा और बाइक को मारी टक्कर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● बाइक सवार की मौत, तीन बच्चे सहित पांच घायल

हरियाणा के महेंद्रगढ़ जैसी भयावह घटना आंखों से उतरी भी नहीं थी कि मध्य दिल्ली में स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही एक बस ने शुक्रवार को सुबह एक स्कूटी और ऑटो-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी।

इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवाल की मौत हो गई है, जबकि तीन बच्चों सहित पांच अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा सुबह 7:30 बजे आईटीओ के पास हुआ। बस में 42 बच्चे सवार थे जिन्हें लेकर वह मध्य दिल्ली स्थित एक स्कूल जा रही थी। आईटीओ रेड लाइट के पास बस चालक समय पर ब्रेक नहीं लगा सका, जिसकी वजह से वाहन ने स्कूटी और ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ब्रहम्पुरी के रहने वाले स्कूटी चालक अभिषेक जैन, ऑटो चालक महेश कुमार और बस चालक घायल हो गए। आईपी एस्टेट पुलिस थाने के पुलिसकर्मी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने जैन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि एम्स अस्पताल ले जाते समय जैन ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। इस हादसे में स्कूल के तीन छात्रों को मामूली चोटें आई हैं। उनकी उम्र 11 से 15 साल के बीच है।

स्कूल के अपने वाहनों व बाहरी वाहनों में

बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी स्कूलों की होगी

कनीना की घटना के बाद निजी स्कूल वाहनों को लेकर हरकत में आई सरकार

हरियाणा के मुख्य सचिव ने प्रदेशभर में स्कूल बसों की जांच के आदेश दिए

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में निजी स्कूल के वाहनों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी निशांत कुमार यादव।

गुरुग्राम के करीब 500 निजी स्कूलों और उनकी करीब 2600 बसों व अभिभावकों द्वारा अपने स्तर पर बच्चों को स्कूल भेजने वाले वाहनों में बच्चे सुरक्षित रहें, इसके लिए संबंधित प्राइवेट स्कूल प्रबंधक की जिम्मेदारी रहेगी। जिला का एक भी बच्चा असुरक्षित वाहन में घर से स्कूल तक का सफर नहीं करेगा। स्कूली वाहनों में स्कूल जाने वाले बच्चों का सफर सुरक्षित हो, कनीना की घटना के बाद सरकार हरकत में आ गई है।

कनीना की दुखद घटना के बाद सरकार ने निजी स्कूलों के वाहनों की जांच समेत अन्य कई बिन्दुओं की जांच के आदेश दिए हैं। शुक्रवार को हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद, डीजीपी शत्रुजीत कपूर व शिक्षा विभाग की एसीएस जी. अनुपमा ने प्रदेशभर के जिला उपायुक्तों व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करके स्कूली वाहनों की फिटनेस समेत सभी कमियों पर गंभीरता से काम करने के आदेश दिए। इस दौरान डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि जिला में सभी स्कूली वाहनों और उनके चालकों का व्यापक स्तर पर निरीक्षण किया जाएगा। जो भी स्कूल वाहन सुरक्षित नहीं पाया गया, उसे जब्त कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों से मुख्य सचिव ने आदेश दिए कि हर एक जिला में स्कूल वाहनों की चेकिंग होनी चाहिए। जो कोई वाहन सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के अनुरूप नहीं पाया जाता है, उसे बंद कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल वाहनों के चालक पूर्ण रूप से प्रशिक्षित और ड्राईविंग लाईसेंस धारक होने चाहिए। उनकी मेडिकल फिटनेस ठीक होनी चाहिए। कोई भी चालक अप्रशिक्षित या नशे का आदी पाया जाता है तो उसे फौरन स्कूल वाहन से हटाया जाए। डीसी ने बताया कि शनिवार और रविवार को जिला में पांच स्थानों पर उपमंडल के अनुसार प्राइवेट स्कूलों की बसों और वैन की चेकिंग की जाएगी।

स्कूली वाहनों में इन नियमों की करनी होगी पालना : सरकारी नियमों के अनुसार एक स्कूल वाहन में जीपीएस सिस्टम, स्वस्थ व प्रशिक्षित चालक-परिचालक, फस्ट एड बॉक्स, बस पर पीला रंग, स्कूल प्रबंधक के फोन नंबर, बस में सीसीटीवी कैमरा, 50 कि.मी. प्रति घंटा की गति का स्पीड गर्वनर होना आवश्यक है। बस में रंगीन शीशे या पर्दे नहीं लगे होने चाहिए। इस अवसर पर एडीसी हितेश कुमार मीणा, आरटीए सचिव गजेंद्र सिंह, डीईओ कैप्टन इंदु बोकन कसाना, डीईईओ मनीराम आदि उपस्थित रहे।

डीसीपी, एसीपी ने शंकर चौक पर वाटर कूलर का किया शुभारंभ

गुरुग्राम के शंकर चौक पर वाटर कूलर का शुभारंभ करते डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र विज व एसीपी सुखवीर सिंह।

गुरुग्राम। ट्रैफिक पुलिस गुरुग्राम द्वारा आम आदमी के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए गर्मी के मौसम में शंकर चौक पर लोगों के लिए शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर लगवाया। इसका उद्घाटन डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र विज एवं एसीपी सुखवीर सिंह ने किया।

इस अवसर पर डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र विज ने कहा गर्मी के मौसम में रोड पर चलने वाले लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध होगा। उद्योग विहार में आने जाने वाले लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इस जगह से हजारों लोग काम करने के लिए निकलते हैं। उन लोगों को शुद्ध एवं ठंडा पीने का पानी मिलेगा। इसके साथ ही आम आदमी को हर चौक पर पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत हाइवे के किनारे कुछ और प्रमुख चौक-चौराहों पर लोगों को शुद्ध एवं ठंडा पीने का पानी मिलेगा। इसके पहले यातायात पुलिस द्वारा पीने के पानी के मटके भी रखे गए हैं। अब इसके साथ-साथ ही वाटर कूलर लगाने की शुरुआत की है। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार हाइवे वन प्रभारी ने बताया कि अभी हाइवे पर सरहौल बार्डर, शंकर चौक, इफको चौक, एटलस चौक, सिग्नेचर टावर चौक के पास अभी पानी की व्यवस्था की है। पुलिस प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से यहां पर भी वाटर कूलर लगाए जाने की व्यवस्था की जाएगी। और गर्मी के मौसम में लोगों को शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध हो सके। इसके लिए प्रशासन पूर्ण व्यवस्था करने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस गर्मी के मौसम में यातायात करने वाले किसी भी यात्री को कोई परेशानी नहीं हो। इसका भी ख्याल रखा जा रहा है। इस अवसर पर कर्नल बक्शी और निहाल सिंह, सरवन, लक्ष्मण कुमार आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

धूमधाम से मनाई ईद, गले मिलकर दी एक-दूसरे को मुबारकबाद

सोहना। क्षेत्र के ग्रामीण और शहर में स्थापित मस्जिदों पर ईद की नमाज अमन चैन के वातावरण में पढ़ी गई। सभी मस्जिदों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनी रही। ईद की नजाम पढ़ने के बाद एक दूसरे को गले लगकर बधाइयां दी। गुरुवार को रमजान के माह की आखिरी नमाज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्थित मस्जिदों पर पढ़ी गई। नमाज पढ़ने का समय लगभग सभी मस्जिदों पर सुबह 9 बजे का रहा था। 9 बजे से पहले ही नमाजियों ने मस्जिदों पर पहुंचना शुरू कर दिया। शहर के वार्ड-19 में स्थित सबसे बड़ी और प्राचीन मस्जिद पर सबसे ज्यादा भीड़ थी। इसके अलावा नेहरु बाजार, पुराना लेबर चौक, अंबेडकर बाईपास, रायपुर, सांचौली, धुनेला में बनी मस्जिदों पर नमाज पढ़ी गई। नगर परिषद के गांव धुनेला में एलिवेटेड मार्ग के साथ बनी मस्जिद के सामने खाली परिसर में सैकड़ों की संख्या में नमाज पढ़ी। नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे को गले लगकर मुबारिक बाद दी गई। नमाज पढ़ने से पहले मस्जिदों पर मौलानाओ ने कुर्बान के आधार पर हिंसा को छोड़ अमन चैन के रास्ते पर चलने का संदेश दिया।

पर्यावरण को समर्पित रही महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती

गुरुग्राम में महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 197वीं जयंती पर राहगिरों को पौधे वितरित करने के दौरान कुआं पूजन करने जा रही महिलाओं को पौधे वितरित करते समाज उत्थान न्यास संस्था की सदस्य।

गुरुग्राम। समाज सुधार, पर्यावरण सुधार की बातें सिर्फ भाषणों में ही नहीं होनी चाहिए, इन्हें धरातल पर भी उतारा जाना चाहिए। इसी उद्देश्य से समाज उत्थान न्यास संस्था गुरुग्राम की ओर से महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 197वीं जयंती को पर्यावरण को समर्पित किया। इस दौरान राहगिरों को 197 पौधे वितरित करके उन्हें हरियाली के लिए प्रेरित किया गया। समाज उत्थान न्यास गुरुग्राम संस्था के पदाधिकारियों की ओर से इस बार महात्मा ज्योतिबा राव फूले की 197वीं जयंती को कुछ अलग तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया था। जयंती उत्सव को पर्यावरण से जोडक़र मनाया गया। इस अवसर पर कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, भाई मुकेश शर्मा, निवर्तमान मेयर मधु आजाद, प्रसिद्ध उद्योगपति सुरेंदर सैनी, समाजसेवी सुमेर तंवर अतिथि के रूप में पहुंचे। संस्था के संरक्षक सूबे सिंह, सलाहकार बुधराम सैनी, चेयरमैन नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष हितेश, महासचिव भाई गौतम, समाज सेवी ओम प्रकाश क्यात, रेवाड़ी जिला भाजपा प्रभारी नीलम सैनी, नानक चंद, मुकेश, कुलवंत, कृष्ण झाड़सा, महेंद्र सिंह, करण सिंह, मुकेश, दुलीचंद समेत अनेक लोगों ने अतिथियों के साथ मिलकर राहगिरों को गमले में लगे पौधे वितरित किए। डा. डीपी गोयल ने कहा कि समाज उत्थान न्यास संस्था के सदस्यों की ओर से महापुरुष महात्मा ज्योतिबा राव फूले जी की 197वीं जयंती के अवसर पर पौधे वितरण का नेक काम किया है। हकीकत में संस्थाओं का उद्देश्य समाज में ऐसी शुरुआत करने का होना चाहिए, जो आगे चलकर सर्व समाज के लिए उदाहरण पेश करें। निवर्तमान मेयर मधु आजाद ने कहा कि पेड़-पौधों के बिना हमारी जीवन शून्य है। जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। प्रसिद्ध उद्योगपति सुरेंदर सैनी ने कहा कि समाज उत्थान न्यास का यह प्रयास जरूर रंग लाएगा।

हरियाणा में बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल बिकी गेहूं की फसल : नवीन गोयल

न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से किसानों को दी गई है बड़ी राहत

नवीन गोयल।

गुरुग्राम। व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने प्रदेश के किसानों का बधाई देते हुए कहा कि इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गेहूं के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी के साथ गेहूं की फसल की खरीद शुरू हो गई है। सरकार की ओर से गेहूं के समर्थन मूल्य में 150 रुपये की बढ़ोतरी करके 2275 रुपये प्रति क्विंटल करना किसानों को बड़ी राहत दी गई। नवीन गोयल ने कहा कि बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ अब मंडियों में गेहूं की खरीद शुरू हो चुकी है। इससे प्रदेश के किसानों के चेहरों पर रोनक है।

उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर के हितों के लिए भाजपा की केंद्र और राज्य में सरकार ने अहम कदम उठाए हैं। हर कदम पर इनके हितों का विशेष ख्याल रखा गया है। किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में सरकार वर्षों से 2 हजार रुपये मासिक देकर मोदी सरकार ने आर्थिक मदद दी है। मंडियों में व्यापारियों के बीच जाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि हर स्तर पर व्यवस्थाएं बेहतर हैं। व्यापारी भी खुश हैं और किसान भी खुश हैं। पहले दिन गेहूं की फसल बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बिकी। इससे किसान काफी प्रसन्न नजर आए। नवीन गोयल ने कहा कि 2023-2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को केंद्र सरकार की ओर से गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 110 रुपये की बढ़ोतरी की।

इससे गेहूं खरीद के दाम बढक़र 2125 रुपये प्रति क्विंटल किया गया। अब 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपये की बढ़ोतरी करके फिर से किसानों को लाभ दिया है। अब न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं की फसल बिकी है। नवीन गोयल ने मंडियों से मिले फीडबैक पर किसानों की मांग का समर्थन करते हुए प्रदेश की मंडियों से गेहूं के उठान को लेकर आग्रह किया है कि बिना देरी के गेहूं का उठान हो जाए, ताकि किसानों की आने वाली फसल में किसी तरह की बाधा ना हो।

फोनपे ने फेवा नव वर्ष महोत्सव में UPI पुश के लिए ईसेवा (eSewa) और नेपाल पोखरा होटल एसोसिएशन के साथ साझेदारी की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फोनपे ने आज घोषणा की है, कि वह Fonepay नेटवर्क पर UPI को लोकप्रिय बनाने के लिए ईसेवा (e-Sewa) और होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल (HAN) पोखरा के साथ साझेदारी की है, जो कि फेवा नव वर्ष महोत्सव का हिस्सा है। यह महोत्सव 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। नव वर्ष का यह उत्सव न केवल पूरे नेपाल के नागरिकों के बीच लोकप्रिय है, बल्कि उन भारतीय पर्यटकों के बीच भी काफी लोकप्रिय है, जो नेपाल की यात्रा करते हैं और उत्सवों का आनंद लेते हैं। पारंपरिक नेपाली व्यंजन और अंतरराष्ट्रीय व्यंजन परोसने वाले फूड स्टॉलों, स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के लाइव संगीत प्रदर्शन, पारंपरिक नेपाली नृत्यों और संगीत सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम और कला प्रदर्शनियों एवं वर्कशॉप के साथ, यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम नेपाली संस्कृति और स्थानीय पाक कला के बेहतरीन अनुभव का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

इस साल, फोनपे डिजिटल पेमेंट को UPI के जरिए लोकप्रिय बनाने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए फेवा नव वर्ष महोत्सव के दौरान कई गतिविधियों का आयोजन करेगा। फोनपे स्थानीय मर्चेंट के बीच डिजिटल पेमेंट के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ ग्राहकों के लिए डिजिटल पेमेंट की सुविधा का प्रदर्शन करने के उद्देश्य से ऑन ग्राउंड एक्टिवेशन का अभियान चलाएगा। प्रमुख ऑन ग्राउंड और डिजिटल ब्रांडिंग, डिजिटल पेमेंट का उपयोग करने का तरीका दिखाने वाले कियोस्क और कई इंटरैक्टिव एक्टिविटीज के साथ, फोनपे , ईसेवा (eSewa) और HAN पोखरा मिलकर UPI पेमेंट के आसान उपयोग का प्रदर्शन करेंगे। 3,000 से अधिक मर्चेंट इस महोत्सव का हिस्सा होंगे वहीं 100,000 से अधिक विजिटर आने की उम्मीद लगाई जा रही है।

साझेदारी पर बोलते हुए, फोनपे के CEO इंटरनेशनल पेमेंट, रितेश पई कहते हैं, कि ''हम ईसेवा (eSewa) और नेपाल के होटलियर्स एसोसिएशन के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, इससे फेवा नव वर्ष महोत्सव में UPI को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। नेपाल में हर साल कई भारतीय विजिटर, इस खूबसूरत जगह के संगीत, भोजन और संस्कृति का अनुभव करने आते हैं।

नगर निगम ने बस स्टैंड व आसपास क्षेत्र में हटाए अतिक्रमण

गुरुग्राम। शहर के बाजारों, सडक़ों व फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

शुक्रवार को निगम टीमों ने स्थानीय बस स्टैंड व आसपास के क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इसके तहत सडक़ों पर लगी रेहड़ी-पटरी तथा दुकानों के बाहर लगे सामान को हटाने के साथ ही जब्त भी किया गया। निगम टीम ने अतिक्रमण करने वालों को स्पष्ट चेतावनी दी कि दुबारा से अतिक्रमण ना करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ के अनुसार अतिक्रमण के कारण सडक़ें तंग हो जाती है, जिससे यातायात जाम की समस्या उत्पन्न होती है। इसके अलावा, पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है और कई बार सडक़ पर चलने के कारण दुर्घटना होने का भी खतरा बना रहता है।

गुरुग्राम लोकसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव में निर्णायक भूमिका में होंगे आठ लाख पूर्वांचली प्रवासी: डॉक्टर अजय तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

लोकसभा क्षेत्र में शहरी मतदाताओं में पूर्वांचली या प्रवासी मतदाता निर्णायक भूमिका में होते हैं। इसके चलते सभी राजनीतिक दल और उम्मीदवार इन आठ लाख प्रवासी मतदाताओं में अपनी पैठ बनाने की कवायद में जुटे गए हैं।

गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र की नौ में से करीब छह विधानसभाओं में ये मतदाता बाहुल्य संख्या में है। करीब आठ लाख मतदाता परिणामत: शहर में हरियाणा की राजनीति के बजाए उत्तर-प्रदेश और बिहार की राजनीति हावी रहती है। चुनाव प्रचार के दौरान ज्यादातर राजनीतिक दल भी इन इलाकों में उत्तर-प्रदेश और बिहार के राजनेताओं या प्रभावशाली व्यक्तियों को मैदान में उतारते हैं। गुरुग्राम, बादशाहपुर, सोहना, पटौदी और रेवाड़ी के अलावा बावल में भी प्रवासी मतदाताओ की संख्या करीब 40 से 50 फीसदी तक हैं। इस शहरो में इन मतदाताओं के मुद्दे स्थानीय होते हैं। लेकिन इन मतदातओं पर मूल प्रदेश की राजनीतिक दशा ज्यादा हावी रहती है। ऐसे में पूर्वांचल का मतदाता अपने स्थानीय मुद्दो पर ही मतदान करता है।

पूर्वांचलवासियों के मुद्दों का बोलबाला: औद्योगिक नगरी गुरुग्राम समेत 06 विधानसभाओं में पूर्वांचलवासियों की आबादी अधिक होने के कारण इनके मुददे भी चुनावों में हावी रहते हैं। यह बात अलग है, कि चुनाव जीतने के बाद उनके मुददों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। हर बार की तरह इस बार भी प्रवासी लोगों में मतदान को लेकर खासा उत्साह है। इन मतदाताओ पर उनके मूल प्रदेशों की राजनीतिक का असर दिखाई देता है।

गुरुग्राम के प्रवासी लोगो के मुख्य मुद्दे कुछ इस प्रकार हैं। पूर्वांचलवासियों के प्रमुख मुद्दे गुरुग्राम से चलनी चाहिए पटना तक ट्रेन श्रमिक विहार बनने चाहिए सभी वार्डो में छठघाट के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। न्यूनतम वेतन कम से कम 25 हजार रुपये प्रति माह हो सभी औद्योगिक इकाईयों में न्यूनतम वेतन मिलना चाहिए स्लम बस्तियों को न उजाड़ा जाए देश में एक समान शिक्षा प्रणाली हो जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के खर्च का भार सरकार वहन करें एयरफोर्स स्टेशन के विवादित तीन सौ मीटर दायरे में मकानों के निर्माण पर लगा प्रतिबंध हटाया जाएपीएफ मजदूरों को दिलाया जाए।

एजेंसियों के कारण अच्छी सुविधा देने आ रही बिल्डर को दिक्कत, रेजीडेंट्स परेशान

पिछले तीन सालों में रियल स्टेट में तेजी से विकास हुआ है

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सिक्योरिटी, क्लब हाउस, किड्स प्ले एरिया, ग्रीन एरिया आदि आज कल के खरीदारों की डिमांड है। ऐसे में बिल्डर तो रेजीडेंट्स को टॉप क्लास फेसिलिटीज देने का प्रयास करते है। मगर कुछ एजेंसियों के कारण यह हाँ मुश्किल हो जाता है, जिसके कारण बिल्डर और रेजीडेंट्स दोनों ही परेशान होते है।

अल्ट्रा फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ चंद्रकांत दुबे ने बताया कि बिल्डर और आरडब्लूए इस बात पर बहुत ध्यान देते है, कि रेजीडेंट्स को सारी एमिनिटीज आचे से मिले, हालाँकि इसमें कई बार कुछ एजेंसीज के कारण परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। उदाहरण के तौर पर हाल ही में ग्रेटर नोएडा स्तिथ फ्यूजन होम्स सोसाइटी में गार्ड्स की कंपनी को सही समय पर पेमेंट दी ज्ञी पर उन्होंने अपने गार्ड्स को समय पर वेतन का भुदगतान नहीं किया जिसके चलते वहाँ के गार्ड्स ने धरना दे दिया। सिक्योरिटी एजेंसी की नजरअंदाजी के कारण बिल्डर और रेजीडेंट्स को परेशान होना पड़ा।

बता दें कि एनसीआर के मुख्य रियल एस्टेट मार्केट नोएडा, ग्रेटर नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम है जिसमें ज्यादातर हाई राइज बिल्डिंग का ही निर्माण हो रहा है। अच्छी क्वालिटी का कंस्ट्रक्शन, मॉडर्न एमिनिटीज और बेहतर लोकेशन मुख्य कारण है। जिनके चलते लोगों यहाँ घर खरीदना पसंद करते है।

मंडियों में सरसों, गेहूं का तय समय में उठान नहीं होने पर दर्ज होगी एफआईआर

संबंधित ट्रांसपोर्टर को डीसी निशांत कुमार यादव की दो टूक

डीसी ने टौदी-जाटौली व फर्रुखनगर अनाज मंडी में लिया जायजा

मंडियों में सरसों व गेहूं की खरीद को लेकर निरीक्षण करते डीसी निशांत कुमार यादव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला की मंडियों में सरसों व गेहूं की आवक का संबधित ट्रांसपोर्टर निर्धारित समय में उठान नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि नियमों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

शुक्रवार को पटौदी-जाटौली मंडी व फर्रुखनगर मंडी का औचक निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने कहा कि फसल बिक्री के दौरान अगर किसानों को परेशानी आती है तो संबंधित अधिकारी कार्यवाही के लिए तैयार रहें। फसल बिक्री के दौरान केवल किसान और उसके लिए की जाने वाले सुविधाएं ही प्राथमिकता है। डीसी निशांत कुमार यादव ने निरीक्षण दौरे में मंडी में उपस्थित किसानों से फसल बिक्री के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। इस दौरान किसानों ने डीसी को बताया कि जिला प्रशासन की ओर से फसल खरीद के दौरान मंडियों में आने वाले किसानों की सुविधा को पूरा ध्यान रखा जा रहा है तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जा रही है। व्यापार मंडल के सदस्यों द्वारा उठाये गए मंडियों में गेंहू व सरसों उठान में आ रही दिक्कत के मुद्दे पर डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

रविवार तक सरसों व गेहूं के उठान की दें रिपोर्ट : उन्होंने पटौदी के एसडीएम होशियार सिंह को निर्देश दिए कि वे आगामी रविवार की शाम तक दोनों मंडियों में सरसों व गेहूं के उठान की रिपोर्ट डीसी कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। डीसी ने व्यापार मंडल की एक अन्य मांग को स्वीकार कर आगामी सोमवार व मंगलवार को फर्रुखनगर मंडी में सरसों व गेहूं की खरीद को बंद रखने तथा बुधवार से रॉस्टर प्रक्रिया को खत्म कर ओपन मंडी लगाने के निर्देश दिए।

डीसी ने फसल खरीद प्रक्रिया से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को गेट पास प्राप्त करने से लेकर फसल बेचने उपरांत उनके खातों में पैसे आने से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर मार्केटिंग बोर्ड की जोनल एडमिनिस्ट्रेटर मीतू धनखड़, पटौदी के एसडीएम होशियार सिंह, मार्किट कमेटी पटौदी के सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी विपिन यादव, मार्किट कमेटी फर्रुखनगर के सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी विद्या सागर, जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी विनय यादव, हैफेड के डीएम राजेन्द्र गिल, वेयर हाउसिंग के डीएम मनोज पराशर, फर्रुखनगर तहसीलदार नवनीत कौर सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

किरण नादर कला सग्रंहालय द्वारा एक नए दृश्यात्मक पहचान का अनावरण किया गया जो सग्रंहालय को एक जीवतं सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

साल 2010 में राजधानी में जिसकी शरुआत कला और संस्कृति के क्षेत्र में एक बड़ी कमी को पूरा करने और समकालीन कला एवं उसके अभ्यासों को प्रदर्शित करने के समर्पण से हुई थी, वह पिछले कुछ वर्षों में भारत और दक्षिण एशिया में आधुनिक एवं समकालीन कला को आगे ले।

जाने वाले प्रमुख संस्थान के रूप में अपनी पहचान बना चूका है। किरण नादर कला सग्रंहालय की प्रगति की यह यात्रा-कला और एक व्यापक आम जनता के बीच की दुरी को लगातार कम करने के उनके प्रयासों का परिचायक है, जो कला को सभी के लिए आसान एवं सलुभ बनाने के लिए प्रतिबद्धत हैं। केएनएमए की संस्थापक एवं अध्यक्ष किरण नादर के दूरदर्शी नेतृत्व में सग्रंहालय ने बातचीत और साझा संवाद के माध्यम से एक गतिशील सांस्कृतिक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए अपनी सीमाओं एवं क्षमताओं को लगातार आगे बढ़ाया है। नई तरह से खदु को प्रदर्शित करने की यह पहल, दृश्यात्मक रूप से कला और संस्कृति के क्षेत्र में केएनएमए की एक वैश्विक संस्थान की नई पहचान को दर्शाती है, जिसके भीतर सभी प्रकार की मानवीय रचनात्मकता और अभिव्यक्ति शामिल है। केएनएमए की संस्थापक एवं अध्यक्ष किरण नादर कहती हैं, किरण नादर सग्रंहालय का लक्ष्य एक ऐसे गतिशील सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभरना है, जो कला के सदंर्भ में सीमाओं और अनुशासनों से परे, एक ऐसे समावेशी वातावरण को बढ़ावा देता है जहाँ सभी प्रकार के दर्शक एक साथ एक जगह पर मौजदू हो सकते हैं। एक तरफ भारत नए अवसरों को बढ़ाने और नर्म शक्ति के प्रतिक के रूप में उभर रहा है, वहीं केएनएमए की नई जगहें बदलाव की परिवर्तनकारी शक्तियों का उपयोग करने की दिशा में एक बहुत बड़े कदम का प्रतिनिधित्व करती है। किरण नादर सग्रंहालय की यह नई दृश्यात्मक पहचना वास्तुशिल्प के विभिन्न रूपों एवं उनके डिजाइन को दर्शाती है।

इंडेल मनी ने नई दिल्ली में नई शाखा की शुरूआत के साथ बढ़ाई अपनी उपस्थिति

वित्त वर्ष 2024-25 में पहली शाखा की शुरूआत

वित्त वर्ष 2024-25 में दिल्ली-एनसीआर में 20 और शाखाओं की शुरूआत का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अग्रणी गोल्ड लोन नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) इंडेल मनी ने नई दिल्ली में अपनी नई शाखा के भव्य उद्घाटन की घोषणा की है, चालू वित्त वर्ष में खुलने वाली यह पहली शाखा इस क्षेत्र में इंडेल मनी की रणनीतिक विस्तार योजना को दिखाती है, कंपनी ने पिछली तिमाही में 11 शाखाओं की शुरूआत की थी।

सी-4/19, पहली मंजिल, आचार्य निकेतन, मयूर विहार फेज वन में स्थित शाखा ग्राहकों की विभिन्न वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए गोल्ड लोन सॉल्यूशन की एक व्यापक रेंज की पेशकश करेगी। तेजी से लोन प्रोसेस करने, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों, पुनर्भुगतान (रिपेमेंट) के लचीले विकल्प उपलब्ध कराने और ग्राहकों की गोपनीयता सुनिश्चित करने को लेकर अटूट प्रतिबद्धता के साथ इंडेल मनी नई दिल्ली के लोगों और कारोबारियों का पसंदीदा वित्तीय भागीदार बनना चाहती है। इस महत्वपूर्ण डेवलपमेंट को लेकर इंडेल मनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ उमेश मोहनन ने कहा, हम नई शाखा की शुरूआत के साथ दिल्ली-एनसीआर में अपनी उपस्थिति मजबूत करने को लेकर काफी अधिक उत्साहित हैं। यह विस्तार सहज और नवोन्मेषी वित्तीय समाधान पेश करने को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। इससे हमारे ग्राहकों को अपने वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलती है।

दिल्ली-एनसीआर में इंडेल मनी की वृद्धि की रफ्तार राज्य भर में शाखाओं का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित करने की इसकी व्यापक रणनीति का हिस्सा है। कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 20 और शाखाओं की शुरूआत करना है। इससे कंपनी को गोल्ड लोन उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस शाखा की शुरूआत के बाद अब इंडेल मनी ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, पुडुचेरी और केरल सहित नौ राज्यों में 285 से ज्यादा शाखाओं का परिचालन करती है।

अभिनय कौशल से बढ़ते हैं रोजगार के अवसर : ललित परिमू

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को अभिनय के गुर सिखा रहे हैं शक्तिमान धारावाहिक के डॉक्टर जयकाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शक्तिमान धारावाहिक में डॉक्टर जयकाल के नाम से मशहूर हुए बॉलीवुड एक्टर ललित परिमू युवाओं को अभिनय कौशल सिखा कर उनके व्यक्तित्व के विकास में लगे हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में शुरू हुई पांच दिवसीय अभिनय योग कार्यशाला में 22 विद्यार्थी अभिनय कला के गुर सीख रहे हैं। ललित परिमू उनको व्यक्तित्व विकास एवं स्वयं के प्रकटीकरण की बारीकियां बता रहे हैं। विद्यार्थी अभिनय के साथ जुड़ कर काफी प्रफुल्लित महसूस कर रहे हैं। ललित परिमू का कहना है कि अभिनय कौशल एक योग है।

इसके माध्यम से व्यक्तित्व का विकास संभव है। यह एक थैरेपी भी है, जिससे अवसाद और मानसिक व्याधियों से मुक्ति पाई जा सकती है। ललित परिमू ने इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभिनय में हम वह बनते हैं, जो हम वास्तव में नहीं होते हैं। खेल-खेल में हम कुछ और बन जाते हैं। हम अभिनय के माध्यम से खुद को एक्सप्रेस करना सीखते हैं। अपने भाव को बेहतर तरीके से प्रकट करना सीखते हैं। ललित परिमू ने कहा कि अभिनय एक रस है। इससे हमारे मस्तिष्क में अच्छे हार्मोन रिलीज होते हैं और हमें फील गुड होता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को वृक्ष बनाना सिखाया जा रहा है, ताकि वह वृक्ष के भावों, संवेदनाओं और पीड़ा को अनुभूत कर सकें। इसके माध्यम से विद्यार्थी भाव भंगिमाएं सीख रहे हैं और उनको प्रकट कर रहे हैं। अभिनेता ललित परिमू ने बताया कि पर्यावरण पर आधारित उनका नाटक वसुधैव कुटुंककम है। विद्यार्थी कार्यशाला के समापन पर उसका प्रस्तुतिकरण करेंगे।

कार्यशाला में हिस्सा ले रहे समीर वशिष्ठ का कहना है कि हम यहां इमोशन, स्पीच, बॉडी लैंग्वेज से लेकर खुद को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने के गुर सीख रहे हैं। खुद को कैसे एक्सप्रेस करना है, यह हमारे वास्तविक जीवन में भी काम आएगा।

मंडी में खरीद के बावजूद नहीं हो रहा उठान

70 हजार क्विंटल हो चुकी खरीद, लिफ्टिंग जीरो, बारिश में नुकसान की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बल्लभगढ़ अनाज मंडी में अब तक 70 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। किसान लगातार फसल लेकर मंडी में पहुंच रहे हैं। बावजूद इसके अभी तक गेहूं का उठान नहीं हो रहा है। मंडी में गेहूं डालने के लिए जगह कम होने से किसान व आढ़ती परेशान हैं।

मार्केट कमेटी सचिव इंद्रपाल का कहना है कि अब तक मंडी में 70 हजार क्विंटल की खरीद हो चुकी है। अभी मंडी से उठान नहीं हो पाया। इसमें लिफ्टिंग एजेंसी की कमी है। मंडी से न के बराबर उठान हुआ है। उन्होंने कहा है कि इस दौरान मौसम का भी बदलाव चल रहा है। मंडी के आढ़तियों को सूचित कर दिया है कि तिरपाल की व्यवस्था कर ली गई है। लेकिन उठान को लेकर संबंधित लिफ्टिंग एजेंसी को कई बार पत्र लिखा जा चुका है। इसके बावजूद भी अभी तक उन्होंने मंडी से एक ट्रक भी पास नहीं किया है। अगर ऐसे में बारिश हो जाती है तो अनाज का काफी नुकसान हो जाएगा।

> फसल की खरीदारी के चलते किसानों को कोई परेशानी नहीं रही है। ट्रांसपोर्टर का टेंडर करके मंजूरी के लिए चंडीगढ़ भेजा गया है। मंजूरी मिलने के बाद उठान भी शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **-सीमा शर्मा, सरकारी खरीद नोडल अधिकारी व जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक फरीदाबाद**

वहीं फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट के अधिकारी गिरीश मिश्रा का कहना है टेंडर लेट पास हुआ है। जिसकी वजह से मंडी से अभी उठान नहीं हो पा रहा। अभी ट्रांसपोर्ट और मजदूर की कमी है। इसकी वजह से भी लिफ्टिंग नहीं हो पा रही है। सरकार की तरफ से आदेश हैं कि सभी गाड़ियों में जीपीएस लगाना अनिवार्य है। उसमें भी अभी देरी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मंडी से जल्दी से जल्दी उठान हो, इसके लिए सभी ट्रांसपोर्टेशन को आदेश जारी कर दिया गया है।

उनकी मंडी में हर रोज 10 से 12 किसान ट्रॉली से गेहूं लेकर आ रहे हैं। जिनकी खरीद नमी की जांच करने के बाद की जाती है। खरीद तो हो रही है, लेकिन ट्रांसपोर्टर की ओर से उठान नहीं हो रहा है। इसकी वजह से मंडी में गेहूं का ढेर लगा हुआ है। अभी गेहूं की मात्रा कम है, लेकिन आने वाले 10 दिनों के अंदर यह मात्रा बढ़ाकर 10 गुना हो जाएगी। इसके बाद मंडी में गेहूं को रखने की जगह नहीं रहेगी, जिससे परेशानी बढ़ेगी।

चुनाव के दौरान एग्जिट पोल पर रहेगी पाबंदी

पलवल। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव व 12 राज्यों के 25 विधानसभाओं के उप निर्वाचन के चलते लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क की उपधारा एक के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोग की अधिसूचना की उप धारा दो के दृष्टिगत 19 अप्रैल से एक जून 2024 तक कोई भी व्यक्ति और मीडिया किसी भी प्रकार का एग्जिट पोल का आयोजन नहीं कर सकता है। लो.प्र.अ. 1951 की धारा का उल्लंघन करता है तो उसको दो वर्ष तक का कारावास या जुर्माना अथवा दोनों ही दंड दिए जा सकते हैं।

इस बारे में निर्वाचन आयोग की अधिसूचना की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नेहा सिंह ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन करना सभी का कर्त्तव्य है। लोकसभा चुनाव 2024 के साथ-साथ 12 राज्यों के 25 विधानसभाओं के उप निर्वाचन के चलते 19 अप्रैल को सुबह सात बजे से एक जून को दोपहर शाम 6.30 बजे तक लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क व निर्वाचन आयोग की उप धारा दो के उपबंधों की दृष्टिगत कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा। इसके अलावा किसी निर्गम मत सर्वेक्षण का परिणाम को प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन, प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रचार नहीं करेगा। अगर कोई भी इसका उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

महंत ने कार में किया महिला से दुष्कर्म

वीडियो बनाकर दो वर्ष तक शारीरिक शोषण

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

घरेलू परेशानी को लेकर शनिधाम पर गई महिला की मुलाकात एक महंत से हुई। आरोप है कि महंत ने नशीला प्रसाद खिलाकर उसे बेहोश कर दिया और फिर कार में दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल किया। इसके बाद दो वर्ष तक उसका शारीरिक शोषण किया।

बहीन थाना पुलिस के अनुसार, दिल्ली के एक सेक्टर की रहने वाली युवती ने कोर्ट में दायर इस्तगासा में कहा है कि वह घरेलू तौर से परेशान थी तो वह कोकिलावन स्थित शनिधाम दर्शन के लिए पहुंची। शनिधाम पर उसकी मुलाकात एक महंत के चोले में मिले जानकीदास नामक से हुई। उसने अपने आपको शनिदेव मंदिर का महंत बताया। उसने उसे सांत्वना दी कि भगवान की भक्ति में आस्था रखने से सब दुख दूर हो जाते हैं।

आरोप है कि 18 जून 2021 को जानकीदास अपनी फॉर्च्युनर कार में चालक संजू के साथ बहीन गांव स्थित माता के दर्शन कराने की बात कहकर अपने साथ ले गया। लेकिन जब गाड़ी होडल-नूंह रोड़ पर पहुंची तो चालक संजू ने गाड़ी को लोहिना गांव की तरफ मोड़ दिया। युवती के पूछने पर महंत ने कहा बहीन गांव का रास्ता यही है।

कुछ आगे चलते ही महंत जानकीदास ने उसे खाने के लिए प्रसाद के रूप में मिठाई दी। उसके खाते ही वह बेहोश हो गई। जब उसे होश आया तो उसके व मंहत के शरीर पर कपड़े नहीं थे। महंत ने उसके साथ सड़क किनारे गाड़ी खड़ी करके दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील फोटो व वीडियो बना ली।

युवती का कहना है कि उसने विरोध किया तो महंत व उसके ड्राइवर ने अवैध हथियार निकाल कर उसे जान से मारने व ब्लैकमेल करने की धमकी देते हुए उसे होडल हाईवे पर गाड़ी से उतार कर फरार हो गए। डर के कारण इस बारे में किसी को नहीं बताया। इसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल कर दो वर्ष तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।

उसने विरोध किया तो उसके ड्राइवर संजू ने उसे कुछ पैसे देकर शांत रहने को कहा। उसका कहना है कि जब महंत के अत्याचारों से तंग आ गई और मरने को तैयार हो गई तो उसने इसकी शिकायत बहीन थाना पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया और अदालत के आदेश पर बहीन थाना पुलिस ने आरोपी महंत जानकीदास व उसके चालक संजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

डीएवी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज स्थापना दिवस मनाया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

डीएवी पब्लिक स्कूल पलवल के प्राचार्य तरुण प्रकाश ने बताया कि विद्यालय में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के सभी छात्र यज्ञ में उपस्थित हुए। इस अवसर पर उनकी कक्षा अध्यापक एवं अध्यापिकाएं भी अपस्थित रहीं। यज्ञ आचार्य देशराज शुक्ला के ब्रह्मत्व में संपन्न हुआ। यज्ञ द्वारा बच्चों को संदेश दिया गया की 149 वर्ष पूर्व महर्षि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना काकडवाडी नामक स्थान पर मुंबई के अंदर डॉक्टर माणिक चंद की वाटिका में की थी। 150वें वर्ष का शुभारंभ है। साथ ही महाराजा वीर विक्रमादित्य के राज्याभिषेक के 2081 वर्ष के प्रारंभ होने पर बच्चों को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। एक अरब 96 करोड़ आठ लाख 53000 125वें वर्ष की सृष्टि दिवस के अवसर पर सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अभिभावकों एवं छात्रों को दीं। विद्यालय के धर्म शिक्षक देशराज शुक्ला ने बताया कि आज ही के दिन महर्षि दयानंद सरास्वती ने मुंबई में डॉ माणिक चंद्र की वाटिका में आर्य समाज की स्थापना की थी। उस समय प्रारंभ में आर्य समाज की स्थापना के समय आर्य समाज के 28 नियम बनाए गए थे। आर्य समाज का उद्देश्य था संसार में एक ईश्वर की पूजा, सत्य का ग्रहण, असत्य का त्याग, मानव मात्र की सेवा तथा राष्ट्र सेवा सर्वोच्च था। उसी सोच के करण राष्ट्र स्वतंत्र हुआ। महर्षि दयानंद वो पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वाराज्य शब्द का प्रयोग किया था।

छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी से बचने के लिए किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

थाना सेक्टर-58 प्रभारी की टीम पुलिस चौकी सिकरोना ने पंडित एलआर कॉलेज कबूलपुर बांगर में छात्र-छात्राओं को साइबर फ्रॉड, महिला विरुद्ध अपराध, डायल 112 एप, नशे के दुष्परिणाम एवं लोकसभा चुनाव में मतधिकार का शांतिपूर्ण तरीके से प्रयोग करने के लिए जागरुक किया।

चौकी प्रभारी ने पंडित एलआर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि आए दिन साइबर फ्रॉड की वारदात घटित हो रही हैं। साइबर फ्रॉड से संबंधित व्यक्ति के लालच के कारण झांसे में आकर लोग साइब फ्रॉड के शिकार हो रहे हैं। आरोपी व्यक्ति को कुछ मिनट में ही लोन देने के लिए, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने का लालच देती हैं और फर्जी एप डाउनलोड करवाकर, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगाने के नाम पर, वाउचर जीतने के नाम पर, बैंक कर्मी बनकर, विदेश भेजने के नाम पर, जॉब दिलाने के नाम पर, अश्लील वीडियो कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर इत्यादी के नाम पर फ्रॉड करते हैं। बचाव में अगर किसी के पास कोई अज्ञात नंबर से कॉल आती है तो उसको अपने बैंक खाते, पैन, आधार कार्ड की निजी जानकारी न दें।

अगर किसी भी विभाग से कॉल आए तो पीड़िम को तुरंत सरकारी नंबर से संपर्क कर जानकारी लेनी चाहिए। किसी भी विदेशी नंबर से कॉल आए तो नजरअंदाज करें। व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से विडियो कॉल, कॉल आने पर नजरअंदाज करें। किसी की बहकावे में न आएं, क्योंकि यूट्यूब चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करने पर पैसे नहीं मिलते। इस तरह के मैसेज भेजने वालों के नंबर को ब्लैक लिस्ट में डालें और 1930 पर उनकी रिपोर्टिंग करें।

नशे के दुष्परिणाम के संबंध मे पुलिस टीम ने बताया कि बच्चे पहले तो शौकिया तौर पर नशा करना शुरु कर देते हैं, फिर धीरे-धीरे आदत हो जाती है। फिर नशा की पूर्ति के लिए पैसे के लिए घर पर लडाई-झगड़ा करते हैं। पैसे नहीं मिलने पर चोरी, स्नेचिंग इत्यादि अपराध करने लगते हैं, जिससे बच्चे की खुद की तो जिंदगी बर्बाद होती है, साथ ही परिजन भी परेशान रहते हैं।

इसके साथ ही महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरुक करते हुए बताया कि अगर कोई महिला घर या ऑफिस से निकलती है और कोई व्यक्ति उसका पीछा करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। महिला अपनी सुरक्षा के लिए डायल 112 एप डाउनलोड करें।

कस्टमर केयर अधिकारी बनकर 5.72 लाख रुपये ठगे

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ उपमंडल के छांयसा गांव में जनरल स्टोर चलाने वाले मनोज ने बेटी की पढ़ाई के लिए केनरा बैंक से साढ़े तीन लाख रुपये का लोन लिया था। वह अपनी बेटी को कंप्यूटर साइंस कराना चाहते थे, जिसका पूरे साल का खर्च दो से ढाई लाख रुपये के बीच है, लेकिन शायद उनको अंदाजा नहीं था कि वह इस लोन के चलते वह ठगी का शिकार हो जाएंगे। मनोज से ठग ने बजाज फाइनेंस के कस्टम केयर कर्मचारी बनकर पांच लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित का कहना है कि उनके पास छह लाख रुपये जमा पूंजी थी। वह चाहते तो बेटी की पढ़ाई में इस जमा पूंजी को भी खर्च कर सकते थे, लेकिन फिर उनका हाथ तंग हो जाता था। इसलिए उन्होंने पढ़ाई के कैनरा बैंक से एजुकेशन लोन लिया। साइबर थाना बल्लभगढ़ में दी गई शिकायत में बताया कि उनका कैनरा बैंक में अकाउंट हैं।

उन्होंने बजाज फाइनेंस से साढ़े तीन लाख रुपये का एजुकेशन लोन लिया हुआ है। पांच दिन पहले मनोज कुमार के पास किसी व्यक्ति का फोन आया।

साइबर ठगी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

फरीदाबाद। साइबर थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर अमित की टीम ने फरीदाबाद में बैठकर इंडिया बुल्स धानी फाइनेंस कंपनी से लोन दिलवाने के नाम पर साइबर फ्रॉड करने वाले तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों द्वारा तमिलनाडु के लोगों से तमिल भाषा में बात कर फरीदाबाद के इंडिया बुल्स धानी फाइनेंस कंपनी से लोन कराने के नाम पर ठगी कर रहे थे। आरोपी तमिल भाषा में फर्जी बैंक अधिकारी, कर्मचारी बनकर लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते थे। आरोपी व्हाट्सएप के माध्यम से बैंक के फर्जी लोन का लोन अप्रूवल लेटर अलग-अलग नाम के व्यक्तियों के नाम के गलेरी मे है तथा व्हट्सअप के माध्यम लेटर अलग अलग अज्ञात व्यक्तियों को भेजे जाने पाये गए। आरोपियों के खिलाफ सूचना मिलने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

भाजपा के शासनकाल में 10 वर्षों में प्रदेश में हुआ चहुंमुखी विकास: गुर्जर

कहा, तिगांव, पृथला और एनआईटी में रैली को संबोधित करेंगे सीएम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मोदी ने 10 वर्षों में देश में विकास के नये आयाम सेट किए हैं, जिसमें देश आर्थिक तौर पर मजबूत हुआ है। देश में हर ओर मोदी की लहर है और जनता के आशीर्वाद व मोदी के 10 वर्षों के काम के दम पर इस बार भाजपा 400 सीटों पर कमल खिलाएगी और मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएगी।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद सेक्टर 28 कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ फरीदाबाद की विधानसभाओं में होने वाली विजय संकल्प रैलियों के आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा के दौरान यह कहा। लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों के निमित्त भाजपा संगठन में लगातार बैठकों का दौर जारी है और इसी कड़ी में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सेक्टर-28 कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में तिगांव विधायक राजेश नागर, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़, वरिष्ठ उप महापौर देवेंद्र चौधरी, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, पार्षद अजय बैसला, जितेंद्र यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश रेक्सवाल, पार्षद रवि भड़ाना, रवि भड़ाना, जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, महिला मोर्चा अध्यक्ष राजबाला सरदाना, अमित मिश्रा, उमेश सरपंच मंडल अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

कृष्णपाल गुर्जर ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में फरीदाबाद में होने वाली रैलियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को शाम पांच बजे तिगांव विधानसभा के सेक्टर-31 स्थित दशहरा ग्राउंड और 14 को ही शाम पांच बजे बडखल विधानसभा के एसजीएम नगर स्थित बुद्ध विहार पार्क में विजय संकल्प रैली का आयोजन किया जायेगा। 18 अप्रैल को सुबह 10 बजे पृथला विधानसभा के गदपुरी टोल के पास विजय संकल्प रैली का आयोजन होगा और 19 अप्रैल को शाम पांच बजे एनआईटी विधानसभा स्थित डबुआ अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली का आयोजन किया जायेगा, जिसको प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संबोधित करेंगे। 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली तिगांव विधानसभा रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और 14 को ही बड़खल विधानसभा रैली को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल संबोधित करेंगे। इस अवसर पर कृष्णपाल गुर्जर ने रैलियों के आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने बैठक में कार्यकर्ताओं से रैलियों के आयोजन के विषय में जानकारी दी और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी भी सौंपी। लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा की विधानसभाओं में आयोजित होने वाली सभी रैलियों के लिए जनता में उत्साह है और बड़ी संख्या में जनता अपने प्रिय नेताओं को सुनने आएगी। अजय गौड़ ने कहा कि संख्या के मामले में फरीदाबाद में होने वाली सभी विजय संकल्प रैलियां ऐतिहासिक होंगी।

संक्षिप्त समाचार

आयुष एवं बागवानी विभाग ने किसानों को जागरूक किया

पलवल। जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजीव कुमार के मार्गदर्शन में आयुष ग्राम बडौली में आयुष विभाग एवं बागवानी उद्यान विभाग पलवल द्वारा संयुक्त तत्वावधान में किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। जिला बागवानी उद्यान विभाग से डॉ. योगेश शर्मा ने किसानों को जागरुक करते हुए कहा कि किसानों को आज के समय में खेतों में औषधीय पौधे जैसे एलोवेरा, अश्वगंधा, शतावरी, गुग्गुल आदि का उत्पादन भी करना चाहिए, जिससे फसल चक्र अच्छा रहता है। उन्होंने बताया कि किसानों को फलदार पौधे जैसे आम, अमरूद, जामुन आदि के बाग लगाने की ओर भी ध्यान देना चाहिए। जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। सरकार गैर परंपरागत खेती के लिए सरकार समय समय पर कई योजनाएं चलाती है तथा अनुदान भी देती है। आज के आधुनिक समय में जहां हर तरफ फैक्ट्री तथा व्यवसाय के कारण अच्छी जमीन कम हो रही है, ऐसे में किसानों को पारंपरिक खेती छोड़ खेती के दूसरे स्वरूप को अपनाना चाहिए। जिससे किसानों की आय में निश्चित रूप से बढ़ोतरी होती है तथा पारंपरिक खेती का नुकसान भी कम होता है। डॉ. उर्वशी ने किसानों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए देसी खानपान अपनाने तथा ऋतु अनुसार भोजन करने के लिए बताया। इस जागरूकता कार्यक्रम में किसानों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि आयुष ग्राम बडौली में किसानों के साथ समन्वय से जागरूकता कायक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं।

शिविर में छात्राओं को दिया योग का प्रशिक्षण

पलवल। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल व योग समिति अहरवां के संयुक्त तत्वावधान में योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहरवां में योग विज्ञान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन गायत्री महामंत्र के उपरांत योग गुरु मास्टर प्रताप सिंह डागर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल डॉ. मोनिका रानी ने की तथा संयोजन बलवीर सिंह रावत ने किया। शिविर के दौरान योगाचार्य गुरमेश सिंह ने छात्राओं को योगासन में त्रिकोणासन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, पद्मासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तानासन, उत्थित पद्मासन, पदमबकासन, चक्रासन, सर्वांगासन, हलासन, सूत गर्भासन, मयूरासन, शीर्षासन, एक पद सिकंदरासन, पदम सर्वांगासन, करणपिंड आसन, धनुरासन, भुजंगासन, वज्रासन आदि का अभ्यास कराया गया। साथ ही जोगिंग जॉगिंग, सेकंद चालन, हस्त चालन, कट्टी चालन, गिरवा चालन के साथ सूक्ष्म व्यायाम कराए गए। प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतकारी, शीतली आदि कराए गए। इस अवसर पर ओमवीर, धारा सिंह, अमरचंद, शमशेर सिंह, इंद्रपाल, राकेश, सुरेंद्र कुमार, जगबीर सिंह, उमेश, जगदीश, कामता मंगला, गीता, कल्पना, सुशील, बबली, मंजू स्टाफ सहित सभी ने योग शिविर का लाभ उठाया।.

प्राचार्य ने स्टाफ के अनुसंधान की सराहना की

फरीदाबाद। नेहरू कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर तथा कंप्यूटर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम अहलावत के कुशल निर्देशन में कंप्यूटर विज्ञान के एक्सटेंशन लेक्चरर मिसेज रश्मि गेरा और एमएससी कंप्यूटर विज्ञान के छात्र निशांत भामला ने भारतीय धारात्मक संपत्ति पर एक पेटेंट प्रकाशित किया है। इस पेटेंट में, उन्होंने आईओटी आधारित स्मार्ट कृषि के विषय पर अपने अनुसंधान और नवाचारों को प्रस्तुत किया है। इस पेटेंट के माध्यम से, उन्होंने कृषि क्षेत्र में आईओटी के उपयोग के माध्यम से तकनीकी उन्नति को सुधारने के लिए अपने योगदान को साझा किया है। प्राचार्या तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने रश्मि गेरा और निशांत भामला के अनुसंधान को सराहते हुए, इस पेटेंट को उनकी योगदान की प्रशंसा की।

ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का किया निरीक्षण

पलवल। गत दिनों ओलावृष्टि और बारिश के कारण किसानों की खराब हुई फसल का फरीदाबाद के मंडलायुक्त संजय जून और पलवल जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने बामनीखेड़ा गांव के खेतों में जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में जाकर खराब हुई फसल को देखा और संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। फसल खराबे को लेकर जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने तहसीलदार, कानूनगो और पटवारी को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द खराब हुई फसल का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेंजें, ताकि किसानों को जल्द मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसल खराबा की रिपोर्ट तैयार करते समय एक-एक पहलु का ध्यान रखा जाए और स्टीक जानकारी सरकार को उपलब्ध करवाई जाए।

बच्चों को चुनावी पाठशाला लगाकर किया जागरूक

पलवल। डोनर्स क्लब जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत क्लब ने झाबरनगर स्थित एसवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मतदाता जागरूक अभियान के अंतर्गत चुनावी पाठशाला आयोजित की गयी। इस अवसर पर क्लब के संयोजक विकास मित्तल और सह संयोजक अल्पना मित्तल ने बच्चों को जागरुक करते हुए बताया कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का सदुपयोग करेगा। इसलिए प्रत्येक युवा को चाहिए जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो वह अपना तथा अपने परिवार का वोट अवश्य बनवाए और निश्चित तिथि पर पहले मतदान करे और फिर जलपान करे। इसी कड़ी में उन्होंने बच्चों को बताया कि लोकतंत्र में बिना भय, बिना लालच, बिना भेदभाव के अपने मत का सदुपयोग जरुर करें, ताकि लोकतंत्र की स्थिति मजबूत हो सके।

भाजपा की रणनीति

दक्षिण में बढ़त

भाजपा ने दक्षिण भारत में ज्यादा सीटें जीत कर लोकसभा में अपनी संख्या बढ़ाने की रणनीति बनाई है। लगातार बदलती राजनीति अक्सर रास्ते में परिवर्तन की मांग करते हुए राजनेताओं को अपनी चुनावी सफलतायें बढ़ाने के लिए नए क्षेत्रों में प्रवेश को प्रेरित करती है। हाल के समय में भाजपा ने हिंदी हृदय प्रदेश के परंपरागत क्षेत्रों से आगे बढ़ कर अन्य क्षेत्रों में विस्तार के प्रयास तेज किए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों ने भाजपा को पूर्वोत्तर तथा दक्षिण भारत में विजय की सलाह दी है। प्रधानमंत्री मोदी का 'दक्षिण अभियान' लगातार जोर पकड़ रहा है जिसमें तमिलनाडु, और केरल जैसे राज्यों पर खास ध्यान दिया गया है जहां कभी पार्टी को विजय नहीं मिली है। भाजपा का दक्षिण अभियान कोई आवेग न हो कर सुनियोजित रणनीति है। परंपरागत रूप से दक्षिण भारतीय राज्यों पर मजबूत भाषाई व सांस्कृतिक पहचान वाले क्षेत्रीय दलों का प्रभुत्व रहा है। इससे भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों को कठोर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। लेकिन भाजपा ने व्यावहारिक रूप से दक्षिण भारतीय मतदाताओं की आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति देने वाली रणनीति बनाई है। तमिलनाडु एक ऐसा प्रमुख क्षेत्र है जहां जीवन्त राजनीतिक संस्कृति तथा आक्रामक क्षेत्रवाद का बोलबाला रहा है। ऐतिहासिक रूप से तमिलनाडु पर द्रविड़ पार्टियों, मुख्यत: अन्नाद्रमुक व द्रमुक का वर्चस्व रहा है। लेकिन हालिया वर्षों में राजनीति में परिवर्तन आया है और भाजपा इस क्षेत्र में अपनी पहुंच बढ़ा रही है। उसे अपना मत प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्रिय दृष्टिकोण ने तमिलनाडु में भाजपा की संभावनायें मजबूत की हैं।

सार्वजनिक रैलियों में ढांचागत परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए मोदी ने स्वयं को सक्रिय रूप से तमिलनाडु की जनता से जोड़ा है। पार्टी का अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन रहा है और इसने भी राज्य में उसकी स्थिति मजबूत की है। दक्षिण में भाजपा के विस्तार में केरल का भी महत्वपूर्ण स्थान है। हालांकि, परंपरागत रूप से यहां एलडीएफ व यूडीएफ का वर्चस्व रहा है, पर भाजपा कुछ क्षेत्रों में स्वयं को मजबूत कर रही है। मोदी ने केरल पर बहुत ध्यान दिया है। इससे भाजपा की दूरगामी रणनीति स्पष्ट होती है कि वह यहां विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभरना चाहती है। भाजपा समावेशी विकास तथा केरल में सुशासन का अपना दृष्टिकोण सक्रिय रूप से उजागर कर रही है। हालांकि, दक्षिण भारत में भाजपा की बढ़त में अनेक चुनौतियां भी हैं। पार्टी को तमिलनाडु और केरल में भारी राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र का विविधतापूर्ण भाषाई व सांस्कृतिक ढांचा एक व्यावहारिक दृष्टिकोण की मांग करता है जिसमें स्थानीय संवेदनाओं व पहचानों का सम्मान किया गया हो। ऐसे में अपने एजेंडे को स्थानीय लोगों की आकांक्षाओं तथा मोदी के नेतृत्व से जोड़ कर भाजपा तमिलनाडु और केरल में मजबूत शक्ति के रूप में उभरना चाहती है, लेकिन यह काम बहुत आसान नहीं है। भाजपा की दक्षिण भारत में उपस्थिति बहुत कम है और यह स्थिति बदलने में कुछ समय तथा प्रयासों की आवश्यकता है। देश के दक्षिण भारत में मोदी के प्रचार अभियान से कुछ लाभ मिल सकता है, पर इसके लिए थोड़ी प्रतीक्षा करनी होगी। निश्चित रूप से भाजपा ने पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में जमी बर्फ तोड़ने में सफलता पाई है, लेकिन इसमें भी काफी समय लगा है। निश्चित रूप से दक्षिण में किए भाजपा के प्रयास बेकार नहीं जाएंगे और भावी चुनावों में सफलता का मार्ग खोलेंगे।

रिजर्व बैंक ने बनाए रखी यथास्थिति

भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति पर नजर रखते हुए कठोर मौद्रिक नीति बनाए रखी है। हालांकि, इसके आर्थिक वृद्धि पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर थोड़ी चिन्ता है।

उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 5 अप्रैल, 2024 को वर्तमान वित्त वर्ष की पहली छमाही के लिए छ: सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति-एमपीसी बैठक के निर्णयों की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'अब हाथी टहलने चला गया है और लगता है कि वह जंगल में लौट रहा है। हम चाहते हैं कि हाथी जंगल में लौट जाए और वहां स्थाई रूप से बना रहे।' शक्तिकांत दास हाथी के प्रतीक का प्रयोग खुदरा मुद्रास्फीति के लिए कर रहे थे जिसका प्रतिनिधित्व उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई से होता है। अप्रैल, 2022 में 7.8 प्रतिशत की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद सीपीआई में गिरावट आई ओर वह दिसंबर, 2023 में 5.7 प्रतिशत पर पहुंच गया। इसके बाद उसमें और गिरावट आई तथा वह जनवरी-फरवरी, 2024 में 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गया।

उनकी इच्छा है कि सीपीआई में गिरावट जारी रहे और वह टिकाऊ आधार 'लक्ष्य' पर स्थिर बना रहे। चीजों को सही परिप्रेक्ष्य में देखने के लिए हमें कुछ तथ्यों पर गौर करना चाहिए। 2016 में केन्द्र सरकार ने एक संस्थागत ढांचा तैयार किया ताकि एमपीसी को मौद्रिक नीति बनाने तथा मुद्रास्फीति को लक्षित प्रमुख ब्याज दरें निर्धारित करने में सफलता मिले। इसने आरबीआई को नीतिगत दर, यानी आरबीआई द्वारा बैंकों को दिए जाने वाले कर्ज की ब्याज दर इस तरीके से निर्धारित करने का आदेश दिया जिससे सीपीआई को 4 प्रतिशत के दो प्रतिशत अधिक या कम के लक्ष्य पर पांच साल के लिए निर्धारित करना संभव हो। यह अवधि 31 मार्च 2021 तक के लिए निर्धारित थी। लेकिन इसके बाद यह सीमा रेखा बढ़ा कर 31 मार्च, 2026 कर दी गई।

आरबीआई मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए दो प्रमुख मौद्रिक नीति उपकरणों का प्रयोग करती है जिनमें नीतिगत दर तथा तरलता, यानी बैंकिंग व्यवस्था को उपलब्ध होने वाला कर्ज। इसके साथ ही वह उच्च तथा समावेशी आर्थिक विकास बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध है। लेकिन व्यवहार में वह मुद्रास्फीति को सीमा में रखने पर ज्यादा ध्यान देती है। इसके बावजूद मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भी वह पूरी तरह सफल नहीं है। कुछ तथ्यों पर गौर करें। दिसंबर, 2018 में शक्तिकांत दास के जिम्मेदारी संभालने के समय अर्थव्यवस्था ढलान पर थी ओर 2018-19 की की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर गिर रही थी। उस समय उनके पूर्ववर्ती उर्जित पटेल के कठोर दृष्टिकोण के कारण नीतिगत दर 6.5 प्रतिशत के शिखर पर थी। फरवरी, 2019 के बाद दास ने नीतिगत दर में आक्रामक रूप से कटौती की जो मई, 2020 में 4 प्रतिशत पर पहुंच गई। लेकिन इस कटौती के बावजूद आर्थिक वृद्धि तेज नहीं हुई। 2019-20 में जीडीपी वृद्धि दर ऐतिहासिक रूप से गिर कर 4 प्रतिशत पर पहुंच गई। 2020-21 में यह कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के दुष्प्रभाव के कारण माइनस 6.6 प्रतिशत पहुंच गई। 2021-22 में जीडीपी वृद्धि दर में तेजी आई और हय 8.9 प्रशित पहुंची। हालांकि, तर्क दिया जा सकता है कि कम ब्याज दर ने वृद्धि में सहायता की, पर यह तथ्य अपनी जगह है कि इसका कारण कोराना संबंधी नियंत्रण हटने से आर्थिक गतिविधियों की बहाली थी। हालांकि, उस वित्त वर्ष में पहली तीन तिमाहियों में मुद्रास्फीति कम ब्याज दर के बावजूद लक्षित सीमा में बनी रही।

जनवरी, 2022 के बाद से मुद्रास्फीति में बढ़ोत्तरी हुई और 2022-23 में अधिकांश समय तक यही स्थिति बनी रही। इस वृद्धि के कारण आरबीआई ने 'मुद्रास्फीति लक्षित' रणनीति पर कदम बढ़ाए। मई, 2022 में इसने वित्त वर्ष की पहली छमाही में नीतिगत दरों में 1.4 प्रतिशत वृद्धि की7 इसके बाद उसने दूसरी छमाही में फिर इसमें 1.1 प्रतिशत वृद्धि की। इस प्रकार फरवरी, 2023 तक इसमें कुल 2.5 प्रतिशत वृद्धि हुई और यह पहले की तरह 6.5 प्रतिशत के शिखर पर पहुंच गई। इसके बावजूद मुद्रास्फीति पूरे 2022-23 में पहले की तरह बनी रही।

अप्रैल, 2023 में इसे स्वीकार करते हुए शक्तिकांत दास ने कहा था, 'जब हमने फरवरी, 2019 में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए दरों में कटौती की तो सीपीआई मुद्रास्फीति लगभग 2 प्रतिशत तथा नीतिगत रेपो दर 6.50 प्रतिशत थी। अब नीतिगत दर 6.50 प्रतिशत है, पर मुद्रास्फीति 6.4 प्रतिशत है।' दूसरे शब्दों में आरबीआई ने स्वीकार किया कि वह नीतिगत दरों को बढ़ा कर भी मुद्रास्फीति को 6.4 प्रतिशत पर ही बनाए रख सका था। फरवरी, 2023 के बाद छ: नीतिगत समीक्षायें हो चुकी हैं, पर आरबीआई ने नीतिगत दर बिना किसी परिवर्तन के 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखी है। यह इस तथ्य के बावजूद था कि सीपीआई मुद्रास्फीति दर जुलाई, 2023 में 7.4 प्रतिशत से गिर कर सितंबर, 2013 में 5 प्रतिशत, अक्टूबर, 2023 में 4.8 प्रतिशत तथा जनवरी-फरवरी, 2024 में 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। इस प्रकार पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में यह 5.4 प्रतिशत पर बनी रही जो अधिकतम लक्षित सीमा 6 प्रतिशत से कम है।

अप्रैल, 2024 की समीक्षा में आरबीआई ने नीतिगत दर को अपरिवर्तनीय 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा है। यह उसके इस आंकलन के बावजूद है कि सीपीआई मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2024-25 में 4.5 प्रतिशत पर बनी रहेगी जो 4 प्रतिशत से दो प्रतिशत अधिक या कम की लक्षित सीमा में है। इसके बावजूद केन्द्रीय बैंक का निर्णय शक्तिकांत दास द्वारा परिभाषित 'अंतिम स्तर पर मुद्रासंकुचन सुनिश्चित' करने की आवश्यकता पर आधारित है। ऐसे में जब तक मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के लक्ष्य पर नहीं आ जाती है तब तक ब्याज दरों में कटौती शुरू नहीं होगी। यदि वास्तव में रिजर्व बैंक का यही इरादा था तो दो प्रतिशत अधिक या कम की अवधारणा क्यों बनाए रखी गई है। आरबीआई ने एक नीतिगत दृष्टिकोण और बनाए रखा है जिसका लक्ष्य 'विड्राल आफ एकमोडेशन' है। यह शब्दावली दास ने जून, 2019 में गढ़ी थी जब उन्होंने नीतिगत दरों में कटौती और कर्ज उपलब्धता में वृद्धि के मामले में 'एकमोडेटिव' दृष्टिकोण की बात कही थी। जून, 2022 के बाद से आरबीआई ने अपना यह दृष्टिकोण उलट दिया है और अब तक विड्राल आफ एकमोडेशन पर दृढ़ है। दास ने दिसंबर, 2023 में द्वैमासिक नीति समीक्षा में एक नई शब्दावली गढ़ी जिसे अब 'एक्टिवली डिसइन्फ्लेशनरी' कहा जाता है। आखिरकार आरबीआई अपना कठोर नीतिगत दृष्टिकोण क्यों नहीं छोड़ना चाहता है। जब ईंधन व भोजन को छोड़ कर प्रमुख मुद्रास्फीति 3.4 प्रतिशत पर बनी हुई है जो आरबीआई के वर्तमान 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे है और ईंधन की कीमतों में पूरे साल कोई परिवर्तन नहीं आया है।

उसकी मुख्य चिन्ता खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति की है। जुलाई, 2023 में यह 11.8 प्रतिशत से गिर कर अक्टूबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत रह गया। हालिया महीनों में इसमें थोड़ी वृद्धि हुई है और यह 8 प्रतिशत है। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति पर बहुत अधिक ध्यान देना उचित नहीं है। पहला, वर्तमान सीपीआई बास्केट में खाद्य पदार्थों का हिस्सा लगभग 39 प्रतिशत है। लेकिन इसका आधार 2011-12 का उपभोक्ता खर्च सर्वेक्षण-सीईएस है। 2022-23 के आंकड़ों से स्पष्ट है कि सीईएस में काफी गिरावट आई है। इस सुधार के साथ सीपीआई में खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति के प्रभाव में काफी गिरावट आएगी। खाद्य वस्तुओं में मुद्रास्फीति का प्रमुख कारण मुख्यत: मौसमी कारणों से सप्लाई श्रृंखला में आने वाली बाधा होती है।

पिछले दो साल में गेंहूं की पैदावार 2021-22 में ज्यादा गरमी तथा 2022-23 में बैमौसम बरसात तथा ओले गिरने से प्रभावित हुई। जुलाई, 2023 में सब्जियों के दाम में वृद्धि भी मौसमी कारणों से थी। ऐसे में आरबीआई नीतिगत दरें बढ़ाने या कर्ज उपलब्धता घटाने के माध्यम से ज्यादा कुछ प्राप्त नहीं कर सकता है। उसे मांग पक्ष के बजाय समस्या ग्रस्त सप्लाई पक्ष पर ध्यान देना चाहिए। शक्तिकांत दास ने कहा है कि कृषि एवं ग्रामीण गतिविधियों में सक्रियता उत्साहजनक है। ऐसे में रिजर्व बैंक को उपयुक्त कदम उठाने चाहिए।

चीन की व्यापारिक गतिविधियों से परेशान अमेरिका

> सबसे बड़ी चिंताओं में से एक चीन की विघटनकारी व्यापार प्रथाएं हैं, जो अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचा रही हैं और उसके कारखानों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है।

कुमारदीप बनर्जी
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)

चीन एशियाई देश की कई हाई-प्रोफाइल यात्राओं के साथ पश्चिमी रडार पर वापस आ गया है। इस सप्ताह अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने एक साल से भी कम समय में अपनी दूसरी चीन यात्रा की, जहां उन्होंने कई व्यापार मुद्दों पर अमेरिका की गहरी चिंताओं के संबंध में चीनी सरकार के अधिकारियों के साथ दृढ़ और विनम्र व्यवहार किया।

येलेन द्वारा उजागर की गई सबसे बड़ी चिंताओं में से एक चीन की विघटनकारी व्यापार प्रथाएं हैं, जो अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचा रही हैं और इसके कारखानों की उत्पादकता को प्रभावित कर रही हैं, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा उपकरण और लिथियम-आयन बैटरी में। बीजिंग में एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, जेनेट येलेन ने कहा, चीनी अर्थव्यवस्था की कुछ विशेषताएं हैं जिनका अमेरिका और दुनिया पर नकारात्मक प्रभाव बढ़ रहा है। मैं इस बात को लेकर विशेष रूप से चिंतित हूं कि कैसे चीन के स्थायी व्यापक आर्थिक असंतुलन, अर्थात् इसकी कमजोर घरेलू खपत और व्यापार में अत्यधिक निवेश, विशिष्ट औद्योगिक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सरकारी समर्थन से बढ़ गया है - संयुक्त राज्य अमेरिका और दुनिया के बाकी हिस्सों में श्रमिकों और व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करेगा।

वह जिस बात को उजागर करना चाहती थी वह चीन में विशाल विनिर्माण परिसरों द्वारा बनाई गई भारी आपूर्ति की प्रचुरता थी। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों में भारी मात्रा में सस्ते चीनी उत्पादों की बाढ़ आ रही है, जिससे न केवल अमेरिका बल्कि दुनिया भर में घरेलू विनिर्माण को खतरा है। चीनी

सरकार की औद्योगिक नीति दुनिया भर में कई वस्तुओं की कीमतों को अनुचित रूप से प्रभावित कर रही थी। उन्होंने उल्लेख किया कि लगभग एक दशक पहले पीआरसी सरकार के समर्थन के कारण स्टील की कीमतें सस्ती हो गईं, जिसने अमेरिका और दुनिया में कई उद्योगों को नष्ट कर दिया और इसकी पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जेनेट येलेन की चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा का पेचीदा मुद्दा भी सामने आया. उन्होंने रूस को चीनी समर्थन के संबंध में अमेरिका की चिंताओं को सावधानीपूर्वक व्यक्त किया और कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में भी हमारे बीच कठिन बातचीत हुई। राष्ट्रपति बिडेन और मैं उस सामग्री के प्रवाह को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो रूस के रक्षा औद्योगिक आधार का समर्थन कर रही है और यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने में मदद कर रही है। हम रूस की सैन्य खरीद में पीआरसी समेत किसी भी कंपनी की भूमिका को लेकर चिंतित हैं। मैंने इस बात पर जोर दिया कि पीआरसी सहित कंपनियों को रूस के युद्ध के लिए सामग्री सहायता नहीं देनी चाहिए और यदि वे ऐसा करते हैं तो उन्हें महत्वपूर्ण परिणाम भुगतने होंगे।

जब जेनेट येलेन अपना चीन दौरा समाप्त कर रही थीं, तब चीनी वाणिज्य मंत्री यूरोपीय सांसदों को यह समझाने के लिए यूरोप पहुंचे थे कि अतिरिक्त इलेक्ट्रिक वाहन क्षमता/आपूर्ति एक मिथक थी और यह केवल चीन में कुशल कारखानों का परिणाम था। पेरिस में एक बातचीत के दौरान चीनी वाणिज्य मंत्री वांग बेटाओ ने बाद में एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया था कि चीन की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियां प्रतिस्पर्धी लाभ हासिल करने के लिए सब्सिडी पर निर्भर न होकर तेजी से विकास के लिए निरंतर तकनीकी नवाचार, सही उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली और पूर्ण बाजार प्रतिस्पर्धा पर भरोसा करती हैं। लाभ, भारत अपने इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन को तेजी से बढ़ा रहा है, हालांकि इसे कई आपूर्ति-पक्ष बाधाओं का सामना करना पड़ता है, मुख्य रूप से उन घटकों पर जिनका प्रमुख निर्यातक चीन है।

भारत को चीनी इलेक्ट्रिक वाहन क्षमता की बराबरी करने में लगभग एक दशक का समय लगेगा और हरित ईंधन की ओर बढ़ने के लिए अमेरिकी और यूरोपीय कंपनियों से भारी निवेश की आवश्यकता होगी। अगली भारतीय सरकार अपने पहले 100-दिवसीय एजेंडे में मौजूदा इलेक्ट्रिक वाहन नीति में बदलाव करने की संभावना है। लंबित यूरोप भारत प्रौद्योगिकी और व्यापार परिषद की बैठक वर्ष के अंत से पहले निर्धारित होने की संभावना नहीं है।

इसी तरह, किसी भी महत्वपूर्ण यूएस-भारत व्यापार नीति मंच की बातचीत के लिए अगले साल की शुरुआत तक इंतजार करना होगा। हालाँकि, भारत सरकार का स्पष्ट नीतिगत दृष्टिकोण और आउट-ऑफ़-द-बॉक्स सोच अभी भी स्वच्छ वाहन ईंधन के लिए भारत का दिन जीत सकती है।

आप की बात

सेंसेक्स की छलांग

गत 5 वर्षों में ही सेंसेक्स दो गुना हो गया जिससे कई लोगों ने अच्छा खासा पैसा कमाया। मोदी के सत्ता में आने के समय 25 हजार वाला सेंसेक्स अब 75 हजार पर पहुंच गया है और इसके तेजी से आगे बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन उसकी इस छलांग के पीछे अनेक कष्टदायक कथायें भी छिपी रहती हैं। हर वर्ष कई नए आईपीओ जारी किए जाते हैं जो शुरुआत में तो अच्छा दम भरते हैं। मगर उनमें से लगभग 25 से 30 पतिशत तक अपनी वैल्यू के मात्र 10 प्रतिशत या उससे भी कम पर आ जाते हैं। जिसमें निवेशकों का विशेष तौर से छोटे निवेशकों का अच्छा खासा पैसा डूब जाता है। सोशल मीडिया पर इन दिनों मुकेश अंबानी से लेकर कई इकोनॉमिक्स विशेषज्ञों की फोटो के साथ रातों-रात मालामाल होने के दावे करने वाले विज्ञापनों की बाढ़ सी आ गई है। जो कि शरू में मुनाफा देकर फिर अपने अकाउंट में निवेशक का पैसा डलवा कर गायब हो जाते हैं। इन पर भी सेबी या वित्त मंत्रालय का कोई नियंत्रण नहीं है। वित्त मंत्रालय को देश में और सोशल मीडिया पर निवेशकों को ठगने वाली गतिविधियों पर निगरानी रखना होगी। निवेशकों को भी विश्वसनीय संस्थाओं के माध्यम से ही व्यापार करना चाहिए। शेयर बाजार के बारे में जन-शिक्षण व जागरूकता तथा वित्तीय-साक्षरता की भी जरूरत है।

- विभूति बुपक्या, खाचरोद

सड़क दुर्घटनायें

भयानक सड़क दुर्घटनायें अक्सर सुर्खियों में छाई रहती हैं। हरियाणा में एक स्कूल बस के पलटने से 8 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई और 37 घायल हो गए। बताते हैं कि ड्राइवर नशे में था। महाराष्ट्र में कार ओवरटेक करते समय ट्रक से भिड़ी जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई। कहीं ड्राइवर के नशे में होने, कहीं अचानक ब्रेक लगने तो कहीं ओवरटेक करने से दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। इनके कारणों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि देश में हर साल सैकड़ों सड़क दुर्घनाएं किसी न किसी की लापरवाही से होती हैं। वाहन चालक तो जिम्मेदार हैं ही किन्तु हमारे सरकारी अधिकारी भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। इनमें परिवहन, ट्रैफिक विभाग हो या स्थानीय निकायों के लोग शामिल हैं। दुर्घटना के बाद सब सक्रिय हो जाते हैं। लेकिन समय बीतते ही उनको न ख़राब वाहनों की चिंता होती है और न ही ख़राब गड्ढेनुमा सड़कों, खुले मेनहोल, ऊँचे-नीचे अधोमानक गतिरोध और न ही आबादी वाले गाँव-शहरों की सड़कों पर रात में बिजली की समुचित व्यवस्था की। सड़क दुर्घटनाओं को स्थाई रूप से घटाने और रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

महिलाओं की उपस्थिति

भारत के प्रधान न्यायाधीश-सीजेआई न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बार समेत न्यायपालिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के समुचित जरूरत पर भी जोर दिया। सीजेआई ने इस बात पर प्रकाश डाला कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया में एक भी महिला पदाधिकारी नहीं थी। इसी तरह उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति में केवल एक महिला सदस्य थी। सीजेआई ने एक सटीक मुद्दा उठाया है। वर्तमान में अनेक महिलाएं वकालत के क्षेत्र में नाम कमा रही हैं। इसके साथ ही विभिन्न न्यायिक परीक्षाओं के माध्यम से निचली अदालतों में आने वाली महिलाओं की संख्या भी बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायायलय में महिला न्यायाधीशों की कम संख्या चिन्ताजनक है। सीजेआई को गौर करना चाहिए कि कहीं इसका कारण कॉलेजियम व्यवस्था तथा न्यायपालिका में सर्वोच्च स्तर पर व्याप्त पुरुष श्रेष्ठता की भावना तो नहीं है। न्यायपालिका में सभी स्तरों के साथ ही पुलिस, अभियोजन तथा प्रशासन में जमीनी स्तर पर महिलाओं की उपस्थिति बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। इससे बेहतर प्रशासन के साथ सामाजिक सुधार में भी तेजी आने की उम्मीद बढ़ेगी।

सुभाष बुडावन वाला, रतलाम

भारत का सम्मान

संयुक्त राष्ट्रसंघ में भारत को एक बड़ी ज़िम्मेदारी मिली है जिससे भारत का सम्मान वैश्विक स्तर पर पहले की तुलना में बहुत बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियन्त्रण बोर्ड के साथ साथ भारत को संयुक्त राष्ट्रसंघ में कई महत्वपूर्ण निकायों का दायित्व भी मिला है जो भारत के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण है। भारत की जगजीत पवाडिया ने तीसरी बार अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियन्त्रण बोर्ड में निर्वाचित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल कर मार्च 2025 से 2030 तक अपना कार्यकाल सुनिश्चित किया है। इसके अलावा भारत को 2025 से 2029 तक की अवधि के लिए कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ वूमेन के लिए भी चुना गया है। साथ ही 2025 से 2027 की परियोजना सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष, संयुक्त राष्ट्र कार्यालय, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण, विश्व खाद्य कार्यक्रम एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के कार्यकारी बोर्ड में भी भारत को चुना गया है। एकसाथ संयुक्त राष्ट्रसंघ में इतने महत्वपूर्ण निकायों का उत्तरदायित्व मिलना निश्चित ही भारत के लिए गर्व की बात है।

- पारस जैन, मेरठ

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

माफियाओं के सामने कांग्रेस-सपा नतमस्तक थी

सीएम योगी ने सहारनपुर के देवबंद में जनसभा को किया संबोधित

● कहा, माफिया या तो जेल में हैं या जहन्नुम में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ सहारनपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि माफिया रक्तबीज हैं, इन्हें किसी भी हाल में दोबारा पनपने नहीं देना है। इनके सामने कांग्रेस नतमस्तक थी और सपा दुम दबाकर चलती थी, मगर आज इनमें से कुछ जेल में हैं तो कुछ जहन्नुम चले गये हैं। इनकी गर्मी को पूरी तरह से शांत कर दिया गया है। सीएम योगी शुक्रवार को देवबंद में सहारनपुर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये चुनाव स्पष्ट रूप से दो ध्रुवों में बंट चुका है। एक तरफ जातिवादी लोग हैं, दूसरी तरफ राष्ट्रवाद को समर्पित लोग हैं। एक तरफ सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाले हैं तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत माता का स्वाभिमान ऊंचा रहे, तेरा वैभव अमर रहे के भाव वाले लोग हैं।

मुख्यमंत्री ने जनसभा में आई जनता को चैत्र नवरात्रि की चतुर्थ तिथि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता बालासुंदरी, मां शाकम्भरी और मां यमुना की पावन गोद में बसा सहारनपुर जनपद वीरों की उर्वरा भूमि है। आज महाप्रतापी महाराणा सांगा की पावन जयंती है। उनकी जयंती पर उनके सुपौत्र महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पुष्पांजलि प्रदान करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।सैकड़ों साल के बाद भी देश महाराणा प्रताप को गर्व के साथ याद करता है, क्योंकि उनका त्याग देश और धर्म के लिए था, सत्ता के लिए नहीं था। मगर कांग्रेस और सपा, बसपा के लोग 20 साल से यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा बनने नहीं दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के पहले कई सरकारें आईं, मगर क्या कोई अयोध्या में राममंदिर का निर्माण करा सकता था। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि राम हुए ही नहीं। जैसे हनुमान जी जब संजीवनी बूटी लेने गये थे तो कालनेमी रामनाम का जप कर रहा था। इस चुनाव में भी आपके पास कालनेमी आएंगे और रामनाम का जप करेंगे। मगर सच्चा राष्ट्रभक्त उसके साथ होगा जो राम को लाए हैं। आपने देश में 10 साल और प्रदेश में 7 साल से हमारी सरकार को देखा है। आज दंगाई दंगा करना भूल गये हैं।

सीएम ने कहा कि पहले जहां से चिल्लाकर उपद्रव करते थे वो माइक ही हमने उतार दिये हैं। न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी। हमारा देश और हमारा धर्म ही हमारा राष्ट्रधर्म है। यह सुरक्षित है तो हम सुरक्षित रहेंगे। ये लोग जो जाति के नाम पर लड़ाने भिड़ाने का काम करते हैं और कालनेमी बनकर गुमराह कर रहे हैं उन्हें बजरंगी बनकर पहचानिए। जातिवाद, सम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद का क्लेश हर डालिए और जनार्दन स्वरूप धारण कीजिए। आपका यही मंत्र होना चाहिए कि जो राम को लाए हैं, जो कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किये हैं, जो तीन तलाक को खत्म किये हैं, हम उनको लाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा सबने शासन किया मगर सहारनपुर को क्या दिया। यहां हाईवे के निर्माण को इसलिए रोक दिया गया, क्योंकि कांट्रैक्टर कमीशन नहीं दे पा रहा था। मगर अब यहां हाईवे बन चुका है। अब जल्दी ही सहारनपुर से दिल्ली महज दो घंटे की दूरी पर होगा। हाईवे, रेलवे कनेक्टिविटी, विश्वविद्यालय और सहारनपुर को स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है। मां शाकम्भरी के नाम पर बने यूनिवर्सिटी में सत्र प्रारंभ हो चुका है, चुनाव बाद इसका भव्य उद्घाटन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की व्यवस्था को माफिया संचालित नहीं कर सकता। माफिया वहीं जाएगा जहां उसकी जगह है। कोई बेटी और व्यापारी के लिए खतरा बनेगा तो उसे मिट्टी भी नहीं मिलेगी। आज कोई माफिया जेल में है तो कोई जहन्नुम में है। बाकी जो बचे हैं स्वयं ही रामनाम सत्य की यात्रा पर निकल गये हैं। यहां बड़े बड़े धुरंधर हुआ करते थे। जब वे चलते थे तो मुख्यमंत्री और मंत्री के काफिले रुक जाते थे। हमने उनकी गर्मी को शांत कर दिया है। जिनकी गर्मी शांत हो चुकी है, उनको ये जातिवादी संगठन फिर से पैदा करना चाहते हैं। इन्हें पैदा नहीं होने देना है, ये रक्तबीज हैं, सामान्य नागरिक का जीना हराम करते हैं। ऐसे जातिवादियों को दो टूक जवाब दीजिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो माफिया समाज को लूटते थे उनकी संपत्ति को जब्त करके गरीबों का घर बनवाया जा रहा है। प्रयागराज का एक बहुत बड़ा माफिया था, उसके कब्जे से जमीनों को मुक्त कराते हुए वहां गरीबों के लिए हाईराइज बिल्डिंग का निर्माण कराया गया। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में मैं सात साल में जितनी बार सहारनपुर आया हूं, उतना कोई सीएम 60 साल में भी नहीं आया होगा। उन्होंने कहा कि देश में 2014 से पहले लोग भूख से मरते थे, आज 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है। पहले कांग्रेस के लोग कमीशनखोरी करते थे। आज जनधन अकाउंट के जरिए बिचौलियों को समाप्त कर दिया गया है। सरकार किसी की जाति, मत मजहब देखकर नहीं, बल्कि सबका साथ सबका विकास के भाव से काम कर रही है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव चुनावी मैदान में आने से बच रहे हैं: पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शुक्रवार को मेरठ में कहा कि, पहले चरण का चुनाव ख़त्म होने को है और सपा मुखिया अखिलेश यादव मैदान में आने से बच रहे हैं । ऐसी क्या मजबूरी है अखिलेश जी! लगता है आपने हार स्वीकार कर ली है। मोदी जी के नेतृत्व में फिर भाजपा पश्चिम यूपी में इंडी गठबंधन का सफ़ाया करने जा रही है।

उन्होंने कहा कि अखिलेश जी चुनाव लड़ नहीं रहे हैं, वे हिम्मत हार चुके हैं। उनके मन में लगातार हार से डर बैठ गया है। अवसाद और डर की वजह से शायद वो अभी बाहर निकलकर प्रचार करने से डर रहे हैं। अखिलेश जी ने यादव समाज का सारा टिकट परिवार को दे दिया है। समाज के साथ छल करने का काम अखिलेश यादव ने किया है। कहा कि इनके परिवार में भी एका नहीं है, वे चाचा को निपटा रहे हैं और चाचा उनको। परिवार में सबको सांसद, विधायक बनना है। दूसरी ओर इनके इंडी पार्टनर्स के तौर पर कांग्रेस में बेटा और दामाद की लांचिंग और रिलांचिंग का ही काम चल रहा है। देश और प्रदेश बेटा- दामाद की राजनीति से आगे बढ़ चुका है। उत्तर प्रदेश में भाजपा और मोदी जी की लहर है। जनता के आशीर्वाद से मोदी जी की सरकार बनने जा रही है। यूपी की सभी सीटों पर कमल खिलने जा रहा है। पहले-दूसरे चरण के बाद हताश निराश विपक्ष सोशल मीडिया से भी भाग जाएगा। मोदी जी के नेतृत्व में योगी जी की सरकार ने प्रदेश में किसानों के गन्ने का रिकॉर्ड भुगतान सरकार नए किया है लगभग अब तक 2.5 लाख करोड़ का भुगतान प्रदेश के गन्ना किसानों को किया गया है। सपा-बसपा सरकारों का भी बकाया हमने चुकाया है।

कहा कि आज प्रदेश में किसान के बिजली का बिल जीरो है। पश्चिम यूपी में बिजली कोई समस्या नहीं है। सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिल रही है। किसान की सिंचाई का खर्च आज शून्य हो गया है। इस्टर्न पेरीफ़ेरल बना कर मेरठ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगो को बड़ी सहूलियत देने का कार्य किया गया। ज़ेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगो के औद्योगिक विकास और रोज़गार समृद्धि और खुशहाली का बड़ा कार्य भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा, मेरठ की स्पोर्ट उद्योग, खेल विश्वविद्यालय की स्थापना तथा गुड उद्योग को बढ़ावा देने का कार्य भाजपा सरकार ने किया। आज मेरठ का क्रिकेट बैट दुनिया के देशों में जाता है। यहाँ का गुड यूरोप, अमेरिका और मिडल ईस्ट में जा रहा है। उन्होंने कहा कि, पश्चिमी उत्तर प्रदेश से माफिया राज का पूरी तरह सफ़ाया हो गया है। जनता भय से मुक्त है। अब तो गाड़ी और भैंस चोरी का उद्योग भी बंद हो चुका है। पुलिस को देखते ही आज माफिया की पैंट गीली हो जाती है। हमने बड़े बड़े माफ़ियाओं को कड़ी से कड़ी सजायें दिलाई हैं। अब यूपी में गुंडई के नाते पलायन की समस्या ख़त्म हो गई है। उन्होंने कहा कि, अब प्रदेश में दंगे नहीं उत्सव मनाये जाते हैं, लेकिन प्रदेश की जनता 2012-17 के बीच सपा की शागिर्दगी में हुए हज़ार दंगों को भूली नहीं है। वह इस चुनाव में सपा और उसके इंडी पार्टनर्स को एक बार फिर सबक सिखायेगी। भव्य राम मंदिर का निर्माण प्रधानमंत्री मोदी जी के सतत प्रयासों का परिणाम है। जिसे इंडी पार्टनर्स और ख़ासकर कांग्रेस और सपा ने लटकाने और भटकाने में कोई कोर कसर बाक़ी नहीं छोड़ी। सपा और कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने।

बसपा ने जारी की चौथी सूची, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आजमगढ़ से मैदान में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को चौथी सूची जारी कर दी है। पार्टी की चौथी सूची में सोशल इंजीनियरिंग दिखाई दे रही है। जारी सूची में तीन ब्राह्मण, तीन ओबीसी, दो मुस्लिम और एक अनुसूचित जाति वर्ग के प्रत्याशी को मौका दिया गया है। पार्टी ने अभी तक 36 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी, अब नौ और को मिलाकर 45 सीटों पर नाम फाइनल हो चुके हैं।

पार्टी की तरफ से जारी सूची के अनुसार भाजपा छोड़कर बसपा में शामिल हुए दयाशंकर मिश्र को बस्ती, श्याम किशोर अवस्थी को धौरहरा और सच्चिदानंद पांडेय को फैजाबाद (अयोध्या) से पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। आजमगढ़ से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को चुनाव मैदान में उतारा है। आजमगढ़ सीट पर राजभर वोटों का अच्छा प्रभाव है। हाल ही में कांग्रेस छोड़कर बसपा में शामिल होने वाले बालकृष्ण चौहान को घोसी से मैदान में उतारा गया है। चौहान इस सीट पर चार बार चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने 1999 में बसपा के टिकट पर घोसी से जीत हासिल की थी। गोरखपुर से पार्टी ने जावेद सिमनानी को टिकट दिया है।

करीब एक माह पूर्व भाजपा छोड़कर बसपा में शामिल होने वाले सच्चिदानंद पांडेय को पार्टी ने फैजाबाद से प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने एटा से मोहम्मद इरफान को मैदान में उतारा है। भाजपा छोड़कर बसपा में शामिल हुए श्याम किशोर अवस्थी धौरहरा से प्रत्याशी होंगे। वहीं, चंदौली से सत्येंद्र कुमार मौर्य और राबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम को पार्टी ने मौका दिया है।

कांग्रेस प्रभारी महासचिव ने वेस्ट यूपी से प्रारंभ किया चुनावी दौरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कांग्रेस के प्रभारी महासचिव, उत्तर प्रदेश अविनाश पांडेय ने शुक्रवार को वेस्ट यूपी से अपना चुनावी दौरा प्रांरभ किया। कांग्रेस प्रवक्ता कहना हैकि पिछले एक महीने से पाण्डेय उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों की चुनावी संगठनात्मक बैठक कर एवं मुख्यालय से ही चुनाव प्रबंधन का कार्य भी देख रहे थे। अब जब संगठनात्मक दृष्टि से सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं तो पाण्डेय जमीन पर उतरकर चुनावी अभियान को गति एवं दिशा देने का काम कर रहे हैं।

अविनाश पाण्डेय अगले दो महीने पूरे चुनाव तक प्रदेश के सभी जनपदों में जाकर वहां की चुनावी गतिविधियों का जायजा लेंगे। संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन कर चुनावी अभियान को धार देंगे एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करेंगे।

मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि इसी क्रम में शुक्रवार को अविनाश पाण्डेय ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह से शाम तक प्रदेश के जनपद गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अमरोहा, बिजनौर एवं सहारनपुर पहुंचकर लोकसभा क्षेत्रों एवं जनपद से सम्बन्धित लोकसभा मीडिया कोऑर्डिनेटर, जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, प्रदेश प्रभारी उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिवों, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों, फ्रंटल संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों के जिला, शहर प्रमुखों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की।

हिंदवी ने बताया कि अविनाश पाण्डेय कल 13 अप्रैल को पुनः सुबह से शाम तक प्रदेश के जनपद शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ एवं गाजियाबाद पहुंचकर लोकसभा क्षेत्रों एवं जनपद से सम्बन्धित लोकसभा मीडिया कोऑर्डिनेटर, जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, प्रदेश प्रभारी उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिवों, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों, फ्रंटल संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों के जिला-शहर प्रमुखों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

दृष्टिबाधित मतदाताओं को दी जाएगी ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट से मतदान की इजाजत

● ब्रेल लिपि न जानने वाले मतदाताओं को मिलेगी सहायक को साथ ले जाने की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लोकसभा चुनाव में दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। यह शीट प्रत्येक पोलिंग बूथ पर उपलब्ध होगी। ईवीएम में अभ्यर्थियों के ब्रेल में क्रमांक नीले बटन के दाहिनी ओर उकेरे गए हैं। प्रत्याशियों की सूची तैयार होने के बाद यह सूची ब्रेल लिपि में तैयार की जा रही है। ब्रेल लिपि वाली डमी बैलेट शीट में सबसे पहले बैलेट यूनिट का नम्बर फिर अभ्यर्थी का क्रमांक अभ्यर्थी का नाम एवं दल का नाम मुद्रित किया जाता है। 15 से अधिक प्रत्याशियों की संख्या होने पर बैलेट यूनिट-1 तथा बैलेट यूनिट-2 तैयार किए जाते हैं।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पोलिंग बूथ पर दृष्टि बाधित मतदाता द्वारा मांग किए जाने पर ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट उपलब्ध कराई जाएगी। मतदान के बाद डमी बैलेट शीट पीठासीन अधिकारी द्वारा वापस ले ली जायेगी। पीठासीन अधिकारी को ऐसे मतदाताओं का जिन्होंने इस सुविधा का उपयोग किया है का रिकार्ड रखना होगा। रिणवा ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची तैयार हो जाने के बाद यह सूची ब्रेल लिपि में तैयार किए जाते हैं। ब्रेल लिपि वाले डमी बैलेट शीट में अभ्यर्थी का क्रमांक, अभ्यर्थी का नाम, उसी क्रम में जिस क्रम में मतपत्र में मुद्रित किया जाएगा, दल से संबंध व निर्दलीय मुद्रित किया जाएगा। डमी बैलेट शीट में संबंधित चुनाव क्षेत्र का नाम अंकित होगा। यह डमी बैलेट शीट प्रत्येक पोलिंग बूथ में उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने बताया कि दृष्टिबाधित मतदाताओं को दी जा रही सुविधाओं तथा उन्हें जागरूक करने के लिए प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों को भी दृष्टिबाधित मतदाताओं को दी जा रही सुविधाओं के बारे में विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही ऐसे दृष्टि दिव्यांग मतदाता जो ब्रेल लिपि नहीं जानते, उन्हें मतदान केंद्र पर चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49एन के अनुसार एक सहयोगी साथ ले जाने की अनुमति होगी।

आप सांसद संजय सिंह ने की अखिलेश यादव से भेंट, बिना शर्त समर्थन का किया ऐलान

● सपा मुखिया ने दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल से फोन पर बात कर जाना उनका हालचाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार की शाम समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में मुकलाकात की। इस दौरान उनकी पत्नी अनीता सिंह भी साथ थीं। पीलीभीत से चुनावी जनसभा और सीतापुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस लौटे अखिलेश यादव आप सांसद व उनकी पत्नी से मिले। उन्होंने फोन पर वार्ता करके दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से भी बात की और उनका हालचाल जाना।

इस मौके पर अखिलेश ने कहा कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। लोकतंत्र में यह तरीका अनैतिक है। सत्ता परिवर्तन तो होती रहती है लेकिन जिस तरीके से केजरीवाल और अन्य नेताओं के साथ उत्पीड़न हो रहा है और उन्हें तिहाड़ जेल में रखा गया है, यह उनका मनोबल तोड़ने की कोशिश है जिसमें भाजपा को सफलता मिलने वाली नहीं है। संजय सिंह ने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन को लोकतंत्र बचाने और तानाशाही खत्म करने के लिए अपना पूरा समर्थन और सहयोग देगी। अखिलेश ने आम आदमी पार्टी के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव और संजय सिंह ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। विपक्ष के प्रति भाजपा उत्पीड़न का जो रवैया अपनाए है उसका करारा जवाब जनता देगी। अखिलेश यादव ने कहा कि देश दुनिया की नज़र लोकसभा चुनाव 2024 पर है। चुने हुए राज्य प्रमुख के साथ अन्याय हो रहा है। संस्थाएं कमजोर की जा रही है। झूठे मुकदमे लगाकर नेता जेल भेजे जा रहे हैं। झारखण्ड के मुख्यमंत्री को जेल में रखा गया है। पुलिस डराकर भाजपा में शामिल करा रही है। संजय सिंह ने संकट की घड़ी में समाजवादी पार्टी के समर्थन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह तानाशाह हुकूमत के खिलाफ लामबंद होने का मौका है। आप के सभी कार्यकर्ता, नेता समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने का काम करेंगे। संविधान, लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में हम साथ-साथ हैं।

भाजपा जनता को राहत देने के बजाए अपने लिए चंदा वसूलती रही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने किसानों को धोखा दिया। भाजपा तीन काले कानून लाई थी लेकिन किसानों की ताकत से घबरा कर भाजपा ने काले कानून वापस ले लिए। पीलीभीत के लोग किसान आंदोलन में सबसे आगे रहे। जो लोग किसान आंदोलन को दबा रहे थे आज भाजपा उन्हें आगे बढ़ा रही है।

अखिलेश यादव शुक्रवार को पीलीभीत में इंडिया गठबंधन, समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी भगवत शरण गंगवार के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा है कि पीलीभीत का नाम सुनते ही भाजपा नेताओं के चेहरे पीले पड़ जा रहे हैं। पीलीभीत से भाजपा के जो प्रत्याशी हैं उन्होंने सड़क मंत्री बनते ही बड़ा घोटाला किया। विभाग में इन्होंने ट्रांस्फर पोस्टिंग के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। यह कई दल घूम कर आए हैं। मंत्री बताएं 40 हजार करोड़ से ज्यादा रुपया गड्ढ़ा पाटने में खर्च हुआ, क्या पीलीभीत की सब सड़के गड्ढामुक्त हो गयी। यहां का किसान, नौजवान भाजपा को सबक सिखाने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पीलीभीत से इस बार समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी इसीलिए यूपी से लेकर दिल्ली तक भाजपा के लोग घबराए हुए हैं। अखिलेश यादव ने कहा है कि जबसे भाजपा दिल्ली की सरकार में आई है महंगाई बढ़ा दिया है। महंगाई बढ़ती जा रही है। डीजल, पेट्रोल, रसोईगैस, खाने-पीने की चीजे सबके दाम बढ़ा दिए हैं। 2014 से 2024 के बीच महंगाई कई गुना बढ़ गयी। भाजपा सरकार ने महंगाई नहीं रोकी। भाजपा जनता को राहत देने के बजाए अपने लिए चंदा वसूलती रही। भाजपा ने भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम किया। भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया। इलेक्टोरल बांड के माध्यम से वसूली की है। ऐसी वसूली दुनिया में कहीं नहीं हुई। जिस कम्पनी का कोई कारोबार नहीं, जिसकी कोई कमाई नहीं, उससे भी भाजपा ने चंदा वसूल लिया। क्या चंदे में एक हजार, पांच सौ और तीन सौ करोड़ लिए जाते हैं? भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों को सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स से डराकर वसूली की है। भाजपा ने कहा था, नोटबंदी से भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। भाजपा ने इलेक्टोरल बांड से कालेधन को सफेद किया। नोटबंदी में भाजपा ने काला धन सफेद किया और इलेक्टोरल बांड में भी कालाधन सफेद किया। इलेक्ट्रोरल बांड की वसूली के कारण देश में महंगाई, बढ़ी है। जिन उद्योगपतियों से भाजपा ने वसूली की है उन्होंने महंगाई बढ़ाकर जनता से वसूला है। भाजपा ने भ्रष्टाचार बढ़ाया है।

2024 चुनाव के बाद सपा खोजने से भी नहीं मिलेगी: केशव प्रसाद मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बदायूं में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी अब समाप्तवादी पार्टी बन चुकी है। जो 2024 चुनाव के बाद खोजने से भी नहीं मिलेगी। बैठक में बूथ अध्यक्षों को बूथ प्रबंधन का मंत्र सौंपते हुए श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अबकी बार 400 पार का संकल्प को पूरा होगा। उन्होंने बूथ अध्यक्षों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर मोदी जी का प्रतिनिधि बनकर जाना है और सभी से भाजपा के लिए वोट की अपील करना है। सबको मतदान के लिए प्रेरित करना है और मतदान पूर्ण होने तक बूथ पर डटे रहना है। उपमुख्यमंत्री ने बदायूं में कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपने चचा शिवपाल को प्रत्याशी बता रहे है तो चचा अपने बेटे को प्रत्याशी बता रहे है। ऐसी स्थिति सिर्फ बदायूं में ही नहीं है बल्कि पूरे प्रदेश में है। हार के डर से सपा के प्रत्याशी चुनाव लड़ने का साहस नहीं जुटा पा रहे है। उन्होंने कहा कि जनता ने कमल खिलाया इसीलिए श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर का निर्माण संभव हो सका। जनता ने कमल खिलाया तो सुशासन और कानून का राज स्थापित हो सका। श्री मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश सपा, बसपा के राज में माफिया, गुण्डे, अपराधियों की आरामगाह बन गया था। सत्ता का संरक्षण अपराधियों को था। सभी सरकारी योजनाएं भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की भेंट चढ़ जाती थी। श्री मौर्य ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में गुण्डे माफिया जेल में है और जो बाहर है उनकी भी जल्दी जेल भेजनी की तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान के जीवन में खुशहाली लाने के लिए देश की राजनीति सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के पथ पर आगे बढ़ रही है।

तीसरे चरण की दस सीटों के लिए नामांकन प्रारंभ, पहले दिन एक प्रत्याशी ने भरा पर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। 12 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। नामांकन करने की प्रक्रिया पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे के मध्य की जा सकेगी। तृतीय चरण के प्रथम दिन केवल एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन किया गया। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 23-बदायूं में भारतीय जनता पार्टी से दुर्विजय सिंह शाक्य ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तृतीय चरण के अंतर्गत 8-सम्भल, 16-हाथरस (अ.जा.), 18-आगरा (अ.जा.), 19-फतेहपुर सीकरी, 20-फिरोजाबाद, 21-मैनपुरी, 22-एटा, 23-बदायूं, 24-ऑवला तथा 25-बरेली कुल 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव सम्पन्न किया जाना है। तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों में 8 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 2 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं तथा बरेली सहित 12 जिलों के अंतर्गत तृतीय चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल, 2024 (शनिवार) को की जायेगी। 22 अप्रैल, 2024 (सोमवार) को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। तृतीय चरण का मतदान 7 मई, 2024 (मंगलवार) को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 4 जून, 2024 (मंगलवार) को मतगणना की जायेगी। 6 जून, 2024 से पूर्व निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करा ली जायेगी। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.01 करोड़ पुरूष मतदाता, 87.48 लाख महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 12339 मतदान केन्द्र तथा 20415 पोलिंग बूथ हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए प्रत्येक सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25,000 रुपए तथा अनु.जाति/ अनु.जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपए जमानत धनराशि जमा करनी होगी। राष्ट्रीय/ राज्यीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में तथा रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावकों की आवश्यकता होगी। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपए निर्धारित है। नामांकन के समय रिटर्निंग ऑफिसर/ सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर अधिकतम 3 वाहन तथा प्रत्याशी सहित अधिकतम 5 व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी। राजनैतिक दलों द्वारा खड़े किये गये उम्मीदवारों को फार्म-ए तथा फार्म-बी अंतिम तिथि 19 अप्रैल, 2024 को अपराह्न 3 बजे तक दाखिल करना होगा।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने विभिन्न गांवों में भ्रमण कर किया जनसभा

लखीमपुर खीरी। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विधानसभा लखीमपुर के विकासखंड लखीमपुर एवं नकहा के विभिन्न ग्रामों नक्की बाबा मंदिर के पास, ग्राम रवही में मंदिर के पास, फत्तेपुर, गोपालापुर, झसिया, बैरागर में मंदिर के पास, गौरिया भीलम एवं महमदपुर महेवा में जनसम्पर्क कार्यक्रम में रहे। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विधानसभा लखीमपुर के विकासखंड लखीमपुर एवं नकहा के विभिन्न ग्रामों नक्की बाबा मंदिर के पास, ग्राम रवही में मंदिर के पास, फत्तेपुर, गोपालापुर, झसिया, बैरागर में मंदिर के पासए गौरिया भीलम एवं महमदपुर महेवा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पहले कांग्रेस की सरकारें दुनिया से मदद मांगती थी, आज भारत दुनिया की मदद कर रहा है। आज विश्व में भारत का डंका बज रहा है, यह संभव हुआ आपके एक वोट से। आपके एक वोट ने एक मजबूत भाजपा सरकार बनाई। दुनिया की मुश्किलों के बीच भारत आज दिखा रहा है कि उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। कोरोना में भारत ने पूरी दुनिया में दवाइयां और वैक्सीन भेजी। कहीं भी युद्ध का संकट आया, एक.एक भारतीय को सुरक्षित वापस लाए। अफगानिस्तान से गुरु ग्रंथ साहिब के ग्रंथों को श्रद्धा से भारत लाए और ये सब आपके एक वोट की ताकत से हुआ है। योगेश वर्मा विधायक सदर, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह संजय रविन्द्र पाल सिंह प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख लखीमपुर, मिथलेश सिंह जिला पंचायत सदस्य, नीरज मिश्रा मण्डल अध्यक्ष ओयल, नीरज सिंह, अजय अवस्थी, अशोक अवस्थी मंडल अध्यक्ष खीरी, संदीप मौर्या मंडल अध्यक्ष नकहा, अनूप शुक्ला एड., कपिल वर्मा, शान्तनु तिवारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

हरेक सीएचसी में लैब खोलकर की जायेगी 125 जांचे

हमीरपुर। जिले में मरीजों की सुविधा के लिये प्रत्येक सीएचसी में हाईटैक लैब खोलने का फैसला किया है,नवीन हर प्रयोगशाला में कम से कम 125 जांचे की जायेगी। प्रयोगशाल कुरारा यह लैब स्थापित हो चुकी है,शेष आठ स्थानों में लैब की शीघ्र स्थापना की जायेगी। शासन ने स्वास्थ्य विभाग से प्रस्ताव मांगे है। सीएमओ डा.गीतम सिंह ने बताया कि शासन ने जिला अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हाईटेक लैव खोलने को कहा है, जिला अस्पताल में इंटीग्रेटेड प्रोग्राम हेल्थ यूनिट (आईपीएचएल) के तहत लैव की स्थापना की जायेगी। हरेक ब्लाक में स्थापित सीएचसी में ब्लाक प्लानिंग हेल्थ यूनिट (बीपीएचएल) के तहत लैब की स्थापना की जायेगी। लैब खुलने के बाद गाइड लाइन के अनुसार लैव की समय निश्चित किया जायेगा अनुमान है कि लैब में चौबीस घंटे जांचे की जायेगी। हरेक लैव की कीमत करीब 49 लाख रुपये होगी। अनुमान है कि कार्यदायी संस्था यूपीसीएल 13 करेगी। लैब खुलने से लोगों को गैर जिले में जाना नही पड़ेगा। सभी रोगों की जांच हर सीएचसी में हो जायेगी।

युवती को आंख की जगह थमा दी कान की दवा

सुमेरपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विदोखर में आंख के उपचार के लिए पहुंची एक युवती को फार्मासिस्ट ने आंख की जगह कान का ड्रॉप दे दिया तो इंफेक्शन फैलने से युवती के चेहरे व गले में सूजन आ गई, उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। विदोखर मेंदनी निवासी राजेश कुशवाहा की पुत्री रोशनी 21 वर्ष दस अप्रैल को आंख में खुजली जलन व लालिमा की समस्या को लेकर गांव के ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गई थी, डॉ.राहुल खरे ने दवा लिख दी, जब वह फार्मासिस्ट के पास दवा लेने पहुंची तो उसे दवा के साथ आई ड्रॉप की जगह ईयर ड्रॉप पकड़ा दिया गया ,मरीज के भाई अजय कुशवाहा ने बताया कि बहन ने शाम को आंखों में ड्रॉप डाला तो उसके इंफेक्शन फैलने लगा और चेहरे में सूजन आ गई, अगले दिन 11 अप्रैल को वह बहन को लेकर पीएचसी सुमेरपुर पहुंचा वहा से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया, वहां के डाक्टरों ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं।

संगठित होकर शिक्षक करें शक्ति का प्रयोग: वीके मिश्र

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

अमरौधा में शिक्षकों को संबोधित करते शिक्षक नेता वीके

उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट के पदाधिकारियों ने आज जनपद के कई विद्यालयों का दौरा किया। नए सत्र में शिक्षकों से उनकी समस्याओं को सुनीं तथा समस्या समाधान हेतु शिक्षकों को आश्वासन भी दिया। बृज बिहारी मेहरोत्रा इंटर कॉलेज अमरौधा में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा जी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश मा. शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री वी. के. मिश्रा ने शिक्षकों से अपील की कि संगठित होकर अपनी शक्ति का प्रयोग करें। संगठन को मजबूत रखें । अन्याय और शोषण का जमकर विरोध करें। उन्होंने कहा की जो सरकार शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और सम्मान छीन रही है हम उस सरकार का जमकर विरोध करें। जो शिक्षकों को पुरानी पेंशन और सेवा सुरक्षा प्रदान करें हम उसके पक्ष में मतदान करें।

उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट ही आज प्रदेश की शिक्षकों की आवाज है। संगठन ने सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को राजकीय विद्यालय घोषित किए जाने की मांग की है। उन्होंने ने बताया कि संगठन के महामंत्री लाल मणि द्विवेदी स्थानांतरण की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए तथा पुरानी पेंशन बहाली के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपील की संगठन के सदस्य बनकर संगठन को मजबूत करें । बैठक में मंडलीय मंत्री धीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, जिला कार्यकारिणी संरक्षक राज नारायण दीक्षित, जिला मंत्री आदर्श सचान, उपाध्यक्ष पन्नालाल जी, जिला कोषाध्यक्ष नंदलाल पाल, विनीत बाजपेई, प्रदीप पाल, अवनीश शुक्ला, पुष्पेंद्र पांडे, गंभीर सिंह, रामबाबू, सारिक अली आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

लोस चुनाव सकुशल, निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु दिया प्रशिक्षण

बांदा। बाँदा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं विधि अनुरूप संपन्न कराने हेतु आज जनपद में 202 माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें उन्हें मतदान प्रक्रिया, ईवीएम एवं वीवीपेट संचालन, वल्नरेबल व क्रिटिकल मतदान केंद्रों तथा उनके कार्य एवं दायित्वों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी माइक्रो आब्जॉर्बर्स को निर्देश दिए गए कि वह यह अवश्य समझें कि कोई भी बूथ क्रिटिकल या वल्नरेबल कैसे होता है तथा मतदान के दौरान उन्हें किन.किन घटनाओं को ऑब्जर्व करना है। मोक पोल के दौरान अपने बूथ पर उपस्थित रहें तथा यह सुनिश्चित कराया जाए कि मतदान अभिकर्ता मॉक पोल के समय उपस्थित रहें। यह अवश्य देखा जाए कि मतदाता रजिस्टर में सारी प्रविष्टि अंकित की जा रही हैं तथा वैलेट पेपर अकाउंट अर्थात 17 सी की प्रमाणित प्रति मतदान अभिकर्ताओं को अवश्य उपलब्ध कराई जाए। इसके अतिरिक्त अमित स्याही का प्रयोग ठीक प्रकार से किया जाए। मशीनों की सीलिंग के समय विशेष ऑब्जरवेशन रखी जाए किसी भी प्रकार की घटना होने पर उसका उल्लेख रिपोर्ट में अंकित किया जाए।

कानूनी गारंटी के रूप के सभी किसानों को एमएसपी देने का काम करेंगे: आनंद भदौरिया

लखीमपुर खीरी। धौरहरा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को गति देते हुए शुक्रवार को मितौली क्षेत्र में ताबड़तोड़ जन सभाएं कर मतदाताओं से सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

सपा प्रत्याशी ने मितौली कस्बा सहित क्षेत्र के परसेहरा, जमौरा, भीखमपुर, डोकरपुर, अवधपुर, सैतापुर, महमदपुर आदि गांवों में नुक्कड़ सभाएं की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। बीते दस सालों से केंद्र में एक ही पार्टी की सरकार हैए धौरहरा से उसी पार्टी की सांसद भी हैए लेकिन धौरहरा में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ है। सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने धौरहरा क्षेत्र के विकास के लिए लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बार सपा को जिताना होगा, सपा नाम बदलने में नहीं बल्कि काम करने में विश्वास रखती है, सपा

इस बार कानूनी गारंटी के रूप के सभी किसानों को एमएसपी देने और कृषि ऋण की निगरानी करने और किसानों को नियमित आधार पर राहत प्रदान करने के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगो ने किसानों पर थार चढ़ाने का काम किया उन्हें केंद्र की मोदी सरकार ने सम्मान देने का काम किया है। भाजपा के लोग भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम कर रहे हैंए इलेक्टोरल बांड के जरिए वसूली की जा रही हैए जिस कंपनी का कोई कारोबार नहीं है, उस कंपनी से सरकार ने पैसा वसूला है। इलेक्टोरल बांड से काले धन को सफेद कर दिया। नोटबंदी में भी यही काम किया। इस सरकार ने जितना पैसा वसूला है, उसकी वजह से ही आज इतनी महंगाई हैए भाजपा ने जिन उद्योगपतियों से पैसा वसूला है, अब वो अपनी वस्तुओ पर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं और हम लोगो को अनावश्यक मंहगाई की आग में धकेल रहे है।

आईटीआई जहानाबाद में निकली मतदाता जागरूकता रैली

फतेहपुर। चुनाव का पर्व देश का गर्व स्वीप के अंतर्गत जिलाधिकारी सी. इंदुमती के मार्गदर्शनानुसार उर्मिला सामाजिक जन कल्याण सेवा समिति द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जहानाबाद में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया स कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव अनुज कुमार श्रीवस्तव द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रध्छात्राओं के माध्यम से मतदाताओं को 20 मई 2024 को मतदान हेतु जागरूक किया तथा यह भी बताया कि अभी भी वोटर हेल्पलाइन एप व फॉर्म 6 भरकर मतदाता बन सकते हैं एवं सी विजिल एप के बारे में भी जानकारी दी। शैलेंद्र कुमार सैनी फोरमैन द्वारा मतदाता शपथ दिलाई गई। बच्चों ने आईटीआई रोड में मतदाता जागरूकता रैली निकाली, सभी बच्चे पहले मतदान फिर जलपान, सारे काम छोड दो पहले जाकर वोट दो के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर इच्छा राम, फोरमैन देवेश द्विवेदी, नितीश श्रीवस्तव अनुदेशक, रजा परवेज, भूपेन्द्र, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

मेडिकल कालेज कर्मी की डंपर से कुचलकर मौत

फर्रुखाबाद। बाइक सबार मेडिकल कालेज कर्मी को तेज रफ्तार डम्पर नें कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डम्पर चालक व हेल्पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गये। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम जनैया सठैया निवासी 35 वर्षीय सदानन्द शाक्य पुत्र रूपलाल बघार मेडिकल कालेज में कर्मचारी था। वह अपनी बाइक से मेडिकल कालेज की तरफसे आ रहा था। उसी दौरान बाईपास के ढिलावल बाईपास के निकट तेज रफ्तार डम्पर नें उसके जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सदानन्द की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना की सूचना मिलने पर रायपुर चौकी इंचार्ज तरुण सिंह भदौरिया मौके पर पंहुचे। उन्होंने भीड़ का दबाब बढ़ता देख शव को डीसीएम में रखाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

टिकैत गुट के भाकियू नेताओं सहित 20 आचार संहिता उलंघन में फंसे

फर्रुखाबाद। राजेपुर थानें के बाहर आचार संहिता के बाद में भी धरना प्रदर्शन करनें के मामले में भाकियू नेताओं सहित 20 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थानें के हेड मोहर्रर सत्यप्रकाश नें नीता पांडेय,भाकियू मंडल अध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा विजय कटियार,पूर्व प्रधान रामबरन, जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य, विपुल सिंह, सोनू सिंह, छविराम शाक्य व अजय कटियार सहित 20 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

फर्रुखाबाद। सुबह तड़के थाना कमालगंज के ग्राम रजीपुर बुलबुल कोल्ड के सामने फर्रुखाबाद कानपुर पैसेंजर ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। ट्रेन की चपेट मे आने से युवक के शरीर को कई टुकड़ों में बिखरा देखा गया। खुदागंज चौकी प्रभारी दीपक भाटी ने वरिष्ठ अधिकारियो को सूचित कर फोरेंसिक टीम को बुलाकर शव की जांच पड़ताल की। बाद में शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिए भिजवाया। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

टैक्स चोरी के मामले में जीएसटी विभाग ने मारा छापा

मौदहा हमीरपुर। नगर के किराना स्टोर पर जीएसटी चोरी की शिकायत मिलने पर जीएसटी विभाग ने की छापेमारी भरे नमूना। कस्बे के मलिकुआ चौराहा के निकट गोपाल उद्योग किराना स्टोर पर बांदा हमीरपुर जीएसटी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की हैए छापेमारी करते हुए नमूने भरकर जांच के लिए भेज दिए हैं। दोपहर जांच करने आई टीम से नगर के व्यापारियों में हड़कंप मच गया।जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर अवध कुमार पटेल ने बताया की गोपाल उद्योग के यहां टैक्स चोरी संबंधित मामले की शिकायत मिली थी जिसपर छापेमारी की जा रही है, जांच उपरांत ही की जाएगी। जीएसटी (एसआईबी) विभाग के कमिश्नर जांच के दौरान मौजूद रहे।

राजीनामा न होने पर जान से मारने की धमकी दी

राठ। छेड़छाड़ के मामले में जेल से छूट कर आए युवक ने मुकदमा में राजीनामा न करने पर दंपति सहित बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि तीन माह पहले राजेन्द्र यादव पुत्र खेमचंद्र के विरुद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसे कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बताया कि उक्त व्यक्ति 20 दिन पहले जेल से छूट कर आया है। अब वह मुकदमे में राजीनामा का दबाव बना रहा है। आरोप लगाया कि जब राजीनामा करने से मना किया तो उक्त व्यक्ति ने उसे व उसके पति, बच्चों को जान से मारने की धमकी दी है।

युवक को मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज (कन्नौज)। रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सौसरापुर निवासी इकबाल पुत्र हमीद द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 07 अप्रैल की शाम वह घर की ओर जा रहा था। तभी गांव के ही मुन्ना, सलमान, खुर्शीद, बिलाल ने रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस द्वारा घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

बेमौसम बारिश ने किसानों की तोड़ी कमर

कानपुर देहात। जनपद कानपुर देहात सहित रसूलाबाद तहसील क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर के बाद तेज हवाओं के साथ हुई बारिश व जगह जगह हुई ओलावृष्टि से किसानों के खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल तहस नहस हो गई है। इधर जो खड़ी हुई फ़सल भी लेट से कट पाएगी, जिससे किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें दिखने लगी है।

दिव्यांग से मंदिर में मारपीट करने पर आधा दर्जन पर मुकदमा

फर्रुखाबाद। मन्दिर में दिव्यांग युवक के साथ मारपीट करनें के मामले में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गयी है। दिव्यांग के पक्ष में हिन्दू महासभा भी उतर आयी है। शहर कोतवाली के मोहल्ला कटरा बू-अली खां निवासी रिषभ गुप्ता पुत्र अनिल कुमार गुप्ता नें दर्ज करायी गयी एफआईआर में कहा कि वह हाथ से दिव्यांग है। वह रेलवे रोड़ के पांडेश्वर नाथ मन्दिर में रोजाना दर्शन करने जाता है। बीते 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे आरती के बाद पीछे शिव मन्दिर में दर्शन करने गया तो एक युवती उसके साथ गाली-गलौज करने लगी। मना करने पर अज्ञात युवती नें अपनी बहन परमीला उर्फ पन्ना पुत्र लालाराम कश्यप को बुला लिया, वह गिरेवान पकड़कर खीचते हुए अपने कमरें में ले गयी । उसी दौरान आधा दर्जन लोगों नें लात-घूसों से जमकर पीटा। दोबरा मन्दिर में आनें पर दुकड़े कर देनें की धमकी दी।

गर्भवती महिलाओं में फोलिक एसिड की कमी से बर्थ डिफेक्ट बच्चों की संख्या में इजाफा

हमीरपुर। हमीरपुर जिले में महिलाओं में फोलिकएसिड तत्व की कमी के चलते जन्म दोष (बर्थ डिफेक्ट) टेढ़े मेढ़े पैर,कटे ओठों के पैदा होने वाले बच्चों की संख्या रुकने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमो में एक प्रश्न चिंह लग गया है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य केंद्र (आरबीएसके) के जिला नोडल अधिकारी एवं डिप्टी सीएमओ डा.संजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम मासूम बच्चों के सेहत सुधारने के लिये शासन से संचालित किया जा रहा है। जन्म दोष से पैदा होने वाले बच्चों के लिये तीन साल से शासन ज्यादा फोकस कर रही है। तीन साल पहले दो या तीन बच्चे टेढ़े मेढ़े पैर वाले कटे तालू बाले बच्चे चिंहित किये गये थे 2022-23 में साथ बच्चे चिंहित किये गये थे मगर पिछले वित्तीय वर्ष में इन बच्चों की संख्या बढ़कर अचानक 24 हो गयी जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है। जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डा फौजिया अंजुम रोमानी ने बताया कि बर्थ डिफेक्ट रोग गर्भवती महिलाओं में फोलिक एसिड की कमी होने से होता है। इससे ग्रामीण महिलाएं ज्यादा प्रभावित होती है। यह रोग न हो इसके लिये नौ माह तक गर्भवती महिलाओं को फोलिक एडिस की टेबलेट देना अनिवार्य होता है। महिलाओं को टेबलेट देने की जिम्मेदारी आशा बहुओ व एएनएम की होती है। गर्भवती महिलाओं को समय से पौष्टिक तत्व व टेबलेट न मिलने के कारण यह रोग बढ़ता जा रहा है। जो चिंता का विषय बना हुआ है। आरबीएसके के प्रबंधक गौरीश कुमार का कहना है कि पहले इस प्रकार के बच्चों को कानपुर में इलाज के लिये भेजा जाता था मगर अब शासन ने जिला अस्पताल के हडड्डी रोग विशेषज्ञ डा विपिन राजपूत को उपचार करने की जिम्मेदारी सौप दी है। जिले के हरेक सीएचसी व पीएचसी में फोलिकएसिड की टेबलेट पर्याप्त मात्रा में भिजवायी जाती है।

करो की वसूली में तेजी लायें कर्मी: अनिल पंडित

पालिका में कर्मियों को निर्देशित करते ईओ अनिल पंडित।

अधिशासी अधिकारी ने अधीनस्थ कर्मियों के कसे पेंच

गुरसहायगंज (कन्नौज)। पालिका कर्मी राजस्व वसूली में तेजी लाएं। जनहित की समस्याओं को समय रहते निस्तारित करें। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कर्मी प्रतिदिन टाइम टेबल के अनुसार कार्य करें और अपनी रिपोर्ट को उनकी टेबल पर पहुंचाएं। पालिका स्तर से किये जा रहे सभी कार्यों की वह स्वयं मॉनिटरिंग करेंगे। यह निर्देश शुक्रवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने अधीनस्थ कर्मियों की बैठक लेने के उपरांत दिए। कहा कि पालिका कर्मी वार्ड के नालों एवं नालियों सहित जल भराव बाले स्थानों में एंटी लारवा दवा का छिड़काव करें। साथ ही नागरिकों को उनके आसपास जल भराव न होने देने के लिए जागरूक करें। जिस समय रहते संचारी रोगों की रोकथाम की जा सके। इस दौरान उनके साथ प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह, मनोज तिवारी, मोहित गुप्ता, गौरव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश में मार्ग दुर्घटना कराकर पूर्व प्रधान की कराई थी हत्या

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जीजीआईसी स्कूल के समीप चार अप्रैल को हुई मार्ग दुर्घटना में परिजनों के आरोप पर पुलिस की जांच पड़ताल में पूर्व प्रधान की हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वहीं तीन निर्दोष लोगों को पुलिस ने अपनी विवेचना से अलग कर दिया है। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने पत्रकारों से बताया कि चार अप्रैल को कबीपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान रामशरन पुत्र राजाराम खराब मोटर बनवाने के लिए हुसैनगंज कस्बा आया था। जब वह जीजीआईसी स्कूल के समीप पहुंचा तभी एक लोडर ने उसको टक्कर मार दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद परिजनों ने पड़ोसियों पर पुरानी रंजिश में हत्या करवाए जाने का आरोप लगाया था। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रामसुमेर, रंजीत, सोनू व रज्जन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी थी।

विवेचना में नया मोड़ सामने आया और पुलिस ने छिवलहा रोड नहर के पास व कबीरपुर तिराहे से कमालपुर की तरफ जाने वाले रोड से अभियुक्त राहुल कुमार निवासी ग्राम गोधरौली, सोनू व छोटू निवासीगण ग्राम कबीरपुर मजरे चितीसापुर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों से पुलिस ने पूछताछ की तो मामला खुलकर सामने आ गया। एसपी ने बताया कि अभियुक्तों के अनुसार राहुल से मृतक पूर्व प्रधान की वर्चस्व की लड़ाई थी। जिस पर राहुल ने पूर्व प्रधान की हत्या की साजिश रची और योजना के तहत पड़ोसी नरेश कुमार का लोडर/पिकअप अपने ससुराल से गल्ला लाने के लिए मांगा। चार अप्रैल को लोडर आया और हुसैनगंज पहुंचा। राहुल का बड़ा साला सोनू भी साथ में था। फोन पर राहुल को बताया कि छोटू पूर्व प्रधान राम शरन की लोकेशन देगा। राहुल छोटू से वार्ता कर लोडर बजरंगापुर सिमौरा कमालपुर होते हुए औढ़ेरा रोड पर आकर रामशरन की हुसैनगंज से लौटने का इंतजार करने लगा।

खटौली के जय मा काली मंदिर में दो दिवसीय आयोजन आज से

फतेहपुर। बहुआ ब्लाक अन्तर्गत खटौली मे 13 व 14 अप्रैल को भव्य दुर्गा पूजन, हवन, श्रंगार व जागरण एवं नौटंकी कार्यक्रम जय मा काली मंदिर मे सम्पन्न होगा। कमेटी के सक्रिय सदस्य पूर्व जिला प्रवक्ता भाजपा राजा सिह कछवाह ने बताया कि पंचमी तिथि 13 अप्रैल को मंझनपुर की नौटंकी द्वारा भक्ति नाटक जागरण हेतु दिखाया जायेगा व छठ तिथि 14 अप्रैल को हथगाव की नौटंकी द्वारा भक्ति खेल जागरण हेतु भक्तो को दिखाया जायेगा। दिन मे हवन, पूजन, मा काली का भव्य श्रंगार व मेला आयोजित किया जाएगा। कमेटी के लाखन सिंह, इन्द्रजीत, अन्नू, शिवमोहन, रोहित सिंह, अनिल पटेल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विमल पासवान, रामोतार पासवान, देवीचरण, रामकृपाल, नरेंद्र सिंह, भारत सिह, अवधेश विश्वकर्मा, कालीदीन, बालकृष्ण, प्रदीप दुबे, नागेंद्र पटेल, रामशरण यादव, चंदन यादव, शिवबरन, करन पटेल आदि कार्यक्रम की व्यवस्था व सुरक्षा सम्भालेगे।

डीएम ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

लोकसभा सामान्य निर्वाचन.2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम ;निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेलद्ध का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और संबंधित कार्मिकों को दिशा.निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने फील्ड में मौजूद विधानसभावार फ्लाईंग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में भी जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी। सी.विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कड़ी निगरानी की जाएए कहीं पर भी एमसीसी का उल्लंघन न होने पाए। उन्होंने कंट्रोल रूम की पूरी टीम को अलर्ट रहकर कड़ी निगरानी रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिकायत व उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए उन्होंने विभिन्न माध्यमों से मिलने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों व कार्मिकों की ड्यूटी कंट्रोल रूम में लगाई गई हैए वे सभी पूरी निष्ठाए ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी, डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एडीईओ तौसीफ अहमद, एसडीएम श्रद्धा सिंह, विनोद गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष और पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए जिला मुख्यालय पर शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन होगा।

डीएम ने जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर ईवीएम, वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन की तैयारी का जायजा लियाए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।बताते चलें कि स्थिति में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियां की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में ऑनलाइन प्रथम रेंडमाइजेशन किया जाएगा। इसके पश्चात लोकसभा चुनाव के लिए बीयूए सीयू एवं वीवी पैट का विधानसभावार आवंटित हो जायेगी। इसके पश्चात विधानसभावार वीवी पैंट वेयरहाउस में सीयूए बी यू एवं वी वी पैंट को अलग अलग रूम में शील्ड कराया जायेगा।

अपीलीय अदालतें बरी करने का निर्णय एक व दृष्टिकोण के आधार पर नहीं पलट सकतीं

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अपीलीय अदालत आरोपी को बरी करने के आदेश को केवल इस आधार पर नहीं पलट सकती कि मामले में एक और दृष्टिकोण संभव है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि अपीलीय अदालत जब तक इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचती कि बरी करने का फैसला साक्ष्य के विरूद्ध है, फैसले में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, अपीलीय अदालत बरी करने के आदेश को केवल इस आधार पर नहीं पलट सकती कि एक और दृष्टिकोण संभव है। दूसरे शब्दों में, बरी करने का फैसला साक्ष्य के विरूद्ध पाया जाना चाहिए। जब तक अपीलीय अदालत इस तरह के निष्कर्ष पर नहीं पहुंचती है, बरी करने के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने हत्या के एक मामले में अपील पर फैसला करते हुए यह कहा। मामले में बरी करने संबंधी निचली अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय ने पलट दिया था।

पीठ की ओर से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि यह एक स्थापित कानून है कि बरी किए जाने के खिलाफ अपील पर फैसला करने के दौरान अपीलीय अदालत को साक्ष्य को ध्यान में रखना होगा। शीर्ष अदालत ने कहा, उच्च न्यायालय ने इस स्थापित सिद्धांत की अनदेखी की कि बरी करने का आदेश आरोपी के बेगुनाह होने की पूर्वधारणा को और मजबूत करता है। फैसले पर गौर करने के बाद, हमने पाया कि उच्च न्यायालय ने मुख्य बिंदु पर विचार नहीं किया। पीठ ने कहा कि सांविधिक प्रावधानों के अभाव में, इस मामले में आरोपी पर तार्किक संदेह से परे दोष साबित करने का दायित्व अभियोजन पर था। इसने कहा कि इस तरह उच्च न्यायालय का निष्कर्ष पूरी तरह से त्रुटिपूर्ण था और यह देश के कानून के प्रतिकूल है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के पास ऐसी कोई वजह नहीं थी कि बरी करने के आदेश को पलटा जाए। शीर्ष अदालत ने कहा, हम 14 दिसंबर 2018 के उच्च न्यायालय के फैसले और आदेश को निरस्त करते हैं और अपीलकर्ताओं की दोषसिद्धि रद्द करते हैं। निचली अदालत के पांच जुलाई 1997 के फैसले और आदेश को बहाल किया जाता है। यह मामला एक पिता-पुत्र से संबद्ध है, जिन पर गुजरात में पंजाभाई नाम के व्यक्ति की हत्या को लेकर मुकदमा चलाया गया था। यह घटना 17 सितंबर 1996 को हुई थी।

न्यायालय ने पूर्व सैनिक को 1.54 करोड़ मुआवजे के खिलाफ याचिका खारिज की

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2002 में संक्रमित खून चढ़ाने के चलते एचआईवी का शिकार हुए एक पूर्व सैनिक को 1.54 करोड़ रुपए का मुआवजा अदा करने का वायुसेना को निर्देश देने संबंधी शीर्ष अदालत के फैसले का पुनरीक्षण किए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने कहा कि पिछले साल 26 सितंबर को सुनाए गए फैसले में ऐसी कोई त्रुटि नहीं है कि इस पर पुनर्विचार किया जाए। पीठ ने तीन अप्रैल के अपने आदेश में कहा, हमने 26 सितंबर, 2023 के फैसले और आदेश के पुनरीक्षण के लिए अनुरोध के समर्थन में दिए गए आधार सहित पुनरीक्षण याचिका का अध्ययन किया...फैसले और आदेश में ऐसी कोई त्रुटि नहीं है कि इस पर पुनर्विचार किया जाए। न्यायालय ने सांबा के सैन्य अस्पताल के कमांडिंग ऑफिसर द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए कहा, इसके अलावा, याचिका में दावा की गई राहत प्रदान करने के लिए कोई अन्य पर्याप्त आधार स्थापित नहीं किया गया है। इसलिए पुनरीक्षण याचिका खारिज की जाती है। पूर्व सैनिक, 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन पराक्रम के दौरान अस्वस्थ हो गए थे और उन्हें सांबा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्हें एक यूनिट खून चढ़ाया गया था। शीर्ष अदालत ने सितंबर में सुनाए अपने फैसले में कहा था कि अपीलकर्ता (पूर्व सैनिक) मुआवजे का हकदार है। चिकित्सकीय लापरवाही बरते जाने के कारण मुआवजे के रूप में ।,54,73,000 रुपए अदा करने के लिए प्रतिवादी उत्तरदाई है। न्यायालय ने कहा था कि यह राशि वायुसेना द्वारा छह महीनों के अंदर अपीलकर्ता को अदा की जाए। शीर्ष अदालत ने वायुसेना के पूर्व कर्मी की अपील पर यह फैसला सुनाया था जिन्होंने मुआवजे के लिए उनके दावे को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग द्वारा खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी।

अदालत ने शहीद की पत्नी को लाभ प्रदान करने को लेकर निर्णय न लेने पर महाराष्ट्र सरकार से नाखुशी जताई

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने जम्मू कश्मीर में शहीद हुए सेना के एक मेजर की पत्नी को पूर्व सैनिकों के लिए महाराष्ट्र सरकार की नीति के तहत लाभ देने पर निर्णय लेने में विफल रहने को लेकर शुक्रवार को राज्य सरकार के प्रति अप्रसन्नता जताई। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदोश पूनीवाला की एक खंडपीठ ने कहा कि वह अदालत द्वारा मुख्यमंत्री को मामले को विशेष मामलौ मानने का आदेश दिए जाने के बावजूद सरकार के रुख से अप्रसन्नै और ैआश्चर्यचकितै है। अदालत दिवंगत मेजर अनुज सूद की पत्नी आकृति सूद द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 2019 और 2020 के दो सरकारी प्रस्तावों के तहत पूर्व सैनिकों के लिए (मौद्रिक) लाभ का अनुरोध किया गया था। मेजर सूद 2 मई, 2020 को जम्मू कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों से नागरिक बंधकों को बचाते समय शहीद हो गए थे और उन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।राज्य सरकार ने दलील दी है कि केवल महाराष्ट्र में पैदा हुए या 15 वर्षों तक लगातार राज्य में रहने वाले लोग ही मौद्रिक लाभ और भत्ते के पात्र हैं।शुक्रवार को, सरकारी वकील पी पी काकड़े ने पीठ को सूचित किया कि सूद को लाभ नहीं दिया जा सकता क्योंकि वह राज्य के अधिवासौ नहीं थे।काकडे ने कहा, हमें एक उचित नीतिगत निर्णय लेने की जरूरत है जिसके लिए हमें मंत्रिमंडल से संपर्क करने की जरूरत है। मंत्रिमंडल बैठक अभी नहीं हो रहीै।हालांकि, पीठ ने इस पर अप्रसन्नता जताते हुए कहा कि हर बार निर्णय न लेने के लिए कोई न कोई कारण दिया जाता है।अदालत ने कहा,ैआप (सरकार) ऐसे मामले से निपट रहे हैं...किसी ने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया है और आप ऐसा कर रहे हैं। हम खुश नहीं हैं।पीठ ने कहा कि उसने राज्य के सर्वोच्च प्राधिकारी (मुख्यमंत्री) को मामले को एक विशेष मामले के रूप में विचार करने और उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया था।न्यायमूर्ति कुलकर्णी ने कहा, हमने मुख्यमंत्री से निर्णय लेने का अनुरोध किया था। उन्हें निर्णय लेना चाहिए था। यदि वह निर्णय नहीं ले सकते या निर्णय लेना उनके लिए बहुत अनुचित था, तो हमें बताएं, हम इससे निपटेंगे। उन्होंने कहा,ैअब आप (जिम्मेदारी से) भाग नहीं सकते। अब आप कह रहे हैं कि मंत्रिमंडल को देखना होगा। मंत्रिमंडल की बैठक नहीं हो रही है। यह ठीक नहीं है। हमें सरकार से बहुत बेहतर की उम्मीद थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि सरकार ने मौखिक रूप से कहा है कि सूद को विशेषाधिकार नीति के तहत लाभ नहीं दिया जा सकता।

हरियाणा के राज्यपाल ने आडवाणी से मुलाकात की, भारत रत्न सम्मान मिलने पर बधाई दी

भाषा। चंडीगढ़

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के नई दिल्ली स्थित आवास पर जाकर उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि आडवाणी के योगदान ने आधुनिक भारत के विकास के परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया है। उन्होंने कहा कि वयोवृद्ध भाजपा नेता ने महत्वपूर्ण नेतृत्व प्रदान किया और देश को सही दिशा में ले जाने में एक राजनेता होने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

दत्तात्रेय ने देश के प्रति आडवाणी के अमूल्य योगदान को मान्यता देने और उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान करने के लिए भारत सरकार को भी बधाई दी। आडवाणी (96) से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात के बाद राज्यपाल ने कहा, मैं ऐसे महान व्यक्तित्व वाले दिग्गज नेता से मिलकर बहुत प्रसन्न और धन्य महसूस कर रहा हूं। दत्तात्रेय ने कहा, हमने पुरानी यादों को ताजा करते हुए चर्चा की और संस्मरण साझा किए। हमने अस्सी के दशक के अंत से लेकर 2014 तक देश को विकसित करने के लिए साथ बिताए गए अपने सफर के दौरान की बातों को भी साझा किया और वे इस दौरान की बेहतरीन यादों को लेकर मुस्कुराएं और हंसे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार दत्तात्रेय ने आडवाणी के बेहतर स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की ताकि उनकी गरिमामय उपस्थिति युवा नेताओं को राष्ट्र निर्माण के सही मार्ग पर चलने के वास्ते प्रेरित करती रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिछले महीने भाजपा के दिग्गज नेता आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया था।

सांसद बनने पर सुनिश्चित करूंगी मोदी की गारंटी हर नागरिक तक पहुंचे

भाषा। नई दिल्ली

भाजपा की नई दिल्ली लोकसभा सीट से उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने शुक्रवार को कहा कि सांसद बनने के बाद वह सुनिश्चित करेंगी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी हर दिल्लीवासी तक पहुंचे और संसदीय क्षेत्र में एक स्टार्ट-अप केंद्र विकसित हो ताकि युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुले। संपादकों के साथ एजेंसी के मुख्यालय में बातचीत में उन्होंने कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए कानून का दरवाजा खटखटाने समेत सब कुछ करेंगी कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की स्वार्थी राजनीति के कारण दिल्लीवासी मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न हों। भाजपा की दिग्गज नेता और पूर्व विदेश मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती से है। पार्टी ने स्वराज को दो बार की सांसद और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह नई दिल्ली संसदीय सीट पर उतारा है। नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के लिए अपनी प्राथमिकताओं और योजनाओं के बारे में स्वराज ने कहा कि वह मोदी सरकार की स्टैंड अप इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और लखपति दीदी जैसी योजनाओं से बहुत उत्साहित और प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, मैं नई दिल्ली क्षेत्र में एक स्टार्ट-अप केंद्र स्थापित करना चाहती हूं। स्वराज ने उम्मीद जताई कि नई दिल्ली में स्टार्ट-अप केंद्र से रोजगार के नए रास्ते खोलेगा, खासकर युवाओं के लिए। मैं यह भी चाहूंगी कि इसमें स्वयं सहायता समूहों के लोग हो। यह मेरे दिल के बहुत करीब है।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की सबसे युवा उम्मीदवार ने कहा कि सांसद चुने जाने के बाद उनका सबसे बड़ा एजेंडा यह सुनिश्चित करना होगा कि लोगों को मोदी सरकार की बहुत महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले जिन्हें केजरीवाल सरकार द्वारा अभी तक लागू नहीं होने दिया गया है। पांच लाख रुपए तक के नि:शुल्क स्वास्थ्य कवर के लिए

आयुष्मान भारत योजना का लाभ देश के बाकी हिस्सों में उपलब्ध है, लेकिन दिल्ली के लोग इससे वंचित हैं।उन्होंने आरोप लगाया, मुख्यमंत्री केजरीवाल दुर्भावना की राजनीति करते हैं और उन्होंने आयुष्मान भारत योजना को राष्ट्रीय राजधानी में लागू नहीं होने दिया। इसी तरह, पीएम आवास योजना के तहत, देश भर में चार करोड़ लोगों को पक्के घर प्रदान किए गए। लेकिन दिल्ली के लोग इस योजना से वंचित हैं क्योंकि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने स्वार्थ की राजनीति से इसे शहर में लागू नहीं होने दिया। स्वराज ने कहा, जनप्रतिनिधि के तौर पर मेरा पहला अभियान...अगर जनता मुझे सेवा का मौका देती है तो... केंद्र की योजनाओं को लागू करने के लिए सबकुछ करना होगा, यहां तक कि कानून का दरवाजा भी खटखटाना पड़ा तो करूंगी ताकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कारण लोग मोदीजी की इन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहें।

सांसद बनने के बाद एक गारंटी के बारे में पूछे जाने पर सुषमा स्वराज ने कहा, मोदी जी की गारंटी जो सारी गारंटी पूरी होने की गारंटी है उसको एक-एक दिल्ली वाले तक पहुंचाने की गारंटी बांसुरी की है। स्वराज दिल्ली में भाजपा द्वारा मैदान में उतारी गई दो महिला उम्मीदवारों में से एक हैं। पार्टी लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात सीटों पर जीत हासिल करने का प्रयास कर रही है। आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे के तहत नई दिल्ली लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है। उसने इस सीट से सोमनाथ भारती को मैदान में उतारा है।

सूचना आयोग ने ईवीएम पर आरटीआई का जवाब नहीं देने पर निर्वाचन आयोग की खिंचाई की

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत मांगी गई एक जानकारी निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा नहीं दिए जाने पर गहरी नाराजगी जताई है। इस आवदेन में चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर्स वेरीफाइबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की विश्वसनीयता के सवाल पर प्रतिष्ठित नागरिकों द्वारा दिए गए प्रतिवेदन पर की गई कार्वाई के बारे में पूछा गया था। सीआईसी ने इसे कानून का ैघोर उल्लंघनै करार देते हुए निर्वाचन आयोग को लिखित स्पष्टीकरण देने का भी निर्देश दिया है। ईवीएम और वीवीपैट एवं मतगणना प्रक्रिया की विश्वसनीयता को लेकर दिए गए प्रतिवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में शामिल पूर्व आईएएस अधिकारी एम. जी. देवसहायम ने आरटीआई कानून के तहत आवेदन देकर आयोग से प्रतिवेदन पर की गई कार्वाई के बारे में पूछा था। प्रतिवेदन दो मई, 2022 को आयोग को भेजा गया था, जबकि देवसहायम ने 22 नवंबर, 2022 को आरटीआई आवेदन के माध्यम से आयोग से जानना चाहा कि किन-किन व्यक्तियों और अधिकारियों को प्रतिवेदन अग्रसारित किया गया था। किसी भी बैठक का विस्तृत ब्योरा और प्रासंगिक फाइल नोटिंग की जानकारी भी मांगी थी। निर्वाचन आयोग ने अनिवार्य 30 दिन की अवधि के भीतर उन्हें कोई जवाब नहीं दिया और वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष देवसहायम की पहली अपील भी नहीं सुनी गई। इसके बाद, उन्होंने आयोग से जवाब न मिलने का हवाला देते हुए दूसरी अपील के साथ सीआईसी का दरवाजा खटखटाया था। जब मुख्य सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया ने पूछताछ की, तो निर्वाचन आयोग के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) इस बात पर संतोषजनक जवाब देने में विफल रहे कि देवसहायम को कोई जवाब क्यों नहीं दिया गया। सामरिया ने कहा, सुनवाई के दौरान मामले के रिकॉर्ड और दलीलों के अवलोकन के बाद आयोग आरटीआई अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन का कोई जवाब न देने पर तत्कालीन पीआईओ के आचरण के प्रति गंभीर नाराजगी व्यक्त करता है। इसलिए, आयोग मौजूदा पीआईओ के माध्यम से तत्कालीन पीआईओ को निर्देश देता है कि वह आरटीआई के प्रावधानों के घोर उल्लंघन को लेकर अपना स्पष्टीकरण दाखिल करें। यदि चूक के लिए अन्य लोग भी जिम्मेदार हैं, तो सीपीआईओ उन्हें आदेश की एक प्रति देंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे लोगों की लिखित दलीलें सीआईसी को भेजी जाएं। सामरिया ने चुनाव आयोग को 30 दिनों के भीतर आरटीआई आवेदन पर बिंदुवार जवाब देने का भी निर्देश दिया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) के प्राध्यापकों और सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों, पूर्व लोकसेवकों, जाने-माने तकनीकी पेशेवरों और शिक्षाविदों ने ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाते हुए निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा था।

धोनी की अवमानना याचिकाः न्यायालय ने पूर्व आईपीएस अधिकारी की सजा पर रोक बढ़ाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पूर्व क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी द्वारा दायर अदालत की अवमानना मामले में मद्रास उच्च न्यायालय की ओर से सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी जी. संपत कुमार को दी गई 15 दिन की साधारण कैद की सजा पर अंतरिम रोक बढ़ा दी है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए तीन मई की तारीख तय की है। पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा, अगले आदेश तक अंतरिम आदेश जारी रहेगा। उच्च न्यायालय ने पिछले साल 15 दिसंबर को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी कुमार को आपराधिक अवमानना का दोषी पाया था और उन्हें 15 दिनों के साधारण कारावास की सजा सुनाई थी। धोनी ने अपनी अवमानना याचिका में 100 करोड़ रुपए के मानहानि मुकदमे के जवाब के तहत दिए गए एक लिखित बयान में न्यायपालिका के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए पूर्व आईपीएस अधिकारी को सजा देने की मांग की थी। धोनी ने 2014 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सट्टेबाजी घोटाले में अपना नाम आने पर पूर्व पुलिस अधिकारी के खिलाफ अदालत का रुख किया था। अपने आदेश में, उच्च न्यायालय ने कहा था कि कुमार ने जानबूझकर बदनाम करने की कोशिश की थी और इस अदालत एवं उच्चतम न्यायालय के प्राधिकार को कमतर करने का प्रयास किया था।

सर्वोदय नेता मुरारी लाल का निधन

गोपेश्वर (उत्तराखंड)। सामाजिक कार्यकर्ता और सर्वोदय आंदोलन के नेता मुरारी लाल का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 91 साल के थे।उनके पारिवारिक सूत्रों ने यहां बताया कि मुरारी लाल को सांस और फेफड़ों से संबंधित दिक्कतों के कारण तीन दिन पहले एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया था जहां आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। चिपको आंदोलन की मातृ संस्था दशोली ग्राम स्वराज्य मंडल के अध्यक्ष मुरारी लाल का पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित रहा और मृत्यु के कुछ दिन पूर्व तक भी वह सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे। चिपको नेता एवं पर्यावरणविद चंडी प्रसाद भट्ट समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मुरारी लाल के निधन पर शोक जताया और कहा कि उनके कार्यों ने हमेशा समाज को एक दिशा दी। उन्हें अपने गांव में वृक्षविहीन बंजर भूमि को हरा-भरा बनाने और गांव के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और उपयोग के अभिनव माडल तैयार करने के लिए पूरे देश में जाना जाता है।

प्राथमिकी रद्द करने के आग्रह वाली याचिका पर विचार करने से न्यायालय का इनकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक तृतीय लिंग (ट्रांसजेंडर) कार्यकर्ता की उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है, जिसमें मणिपुर में जातीय झड़पों के विरुद्ध आमरण अनशन करने पर उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों को रद्द करने के निर्देश का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्ईय पीठ ने, हालांकि, कार्यकर्ता मालेम थोंगम को अपनी शिकायतों के निवारण के लिए मणिपुर उच्च न्यायालय का रुख करने की छूट दे दी। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।

पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता को दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 482 के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए मणिपुर उच्च न्यायालय का रुख करने की छूट होगी। इसलिए, हम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। थोंगम ने 22 फरवरी को दिल्ली विश्वविद्यालय में अपनी भूख हड़ताल शुरू की। वह 27 फरवरी को दिल्ली से मणिपुर के लिए रवाना हुई, जहां उसने इंफाल के कांगला पश्चिमी गेट पर अपनी भूख हड़ताल जारी रखी। मणिपुर पुलिस ने दो मार्च को थोंग को आत्महत्या के प्रयास और समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के आरोप में गिरफ्तार किया, लेकिन पांच मार्च को उसे रिहा कर दिया गय। एक दिन बाद, उसे सार्वजनिक स्थल पर विरोध करने के आरोप में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। पिछले साल मई में उच्च न्यायालय के उस आदेश के बाद मणिपुर में हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें राज्य सरकार को गैर-आदिवासी मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिया गया था। इस आदेश के कारण पूर्वोत्तर राज्य में बड़े पैमाने पर जातीय हिंसा हुईं।

हार्दिक पंड्या का सौतेला भाई धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार, इसे पारिवारिक मामला, गलतफहमी बताया

मुंबई। क्रिकेटर बंधु- हार्दिक और कुणाल पंड्या- के सौतेले भाई वैभव ने धोखाधड़ी के मामले में अपनी गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को मुंबई की एक अदालत से कहा कि यह पूरा मामला पारिवारिक है और सिर्फ एक गलतफहमी का परिणाम है। वैभव पंड्या (37) ने हिरासत को लेकर चल रही सुनवाई के दौरान अपने वकील के माध्यम से यह दलील दी। उनकी पुलिस हिरासत 16 अप्रैल तक बढ़ा दी गई। उन्हें सोमवार को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक धमकी, आपराधिक साजिश, जालसाजी और अन्य संबंधित धाराओं के आरोप में हिरासत में लिया था। शुक्रवार को उसकी शुरुआती पुलिस हिरासत खत्म होने पर उसे अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एस्प्लेनेड कोर्ट) एल. एस. पधेन के समक्ष पेश किया गया।

वैभव के वकील निरंजन मुंदारगी ने सुनवाई के दौरान अदालत से कहा, यह एक पारिवारिक मामला था और गलतफहमी के कारण मामला दायर किया गया है। मामले को सुलझाने के प्रयास जारी हैं। मुंदारगी ने यह भी दलील दी कि उनका मुवक्किल जांच में सहयोग कर रहा है और पुलिस की ओर से हिरासत की अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। ईओडब्ल्यू ने यह दावा करते हुए सात दिनों की और हिरासत मांगी थी कि जांच पूरी नहीं हुई है और आरोपियों से अभी तक महत्वपूर्ण जानकारी बरामद नहीं हुई है।

मजिस्ट्रेट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि जांच एजेंसी ने जांच में प्रगति की बात की है तथा उसे आरोपियों से पूछताछ के लिए और समय की जरूरत है, क्योंकि मामले से कई वित्तीय पहलू जुड़े हुए हैं। पुलिस के अनुसार, वैभव, हार्दिक और कुणाल ने 2021 में मुंबई में साझेदारी के तहत एक पॉलिमर व्यवसाय स्थापित किया। पुलिस के मुताबिक, हार्दिक और कुणाल ने 40-40 प्रतिशत पूंजी का निवेश किया, जबकि वैभव ने 20 प्रतिशत पूंजी निवेश किया और लाभ-हानि 2:2:। के अनुपात में साझा करने का समझौता किया। पुलिस के अनुसार, समझौते के तहत यह निर्णय लिया गया था कि वैभव कारोबार की दैनिक देखरेख करेगा, लेकिन उसने कथित तौर पर साझेदारी प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए हार्दिक और कुणाल को सूचित किए बिना समान व्यवसाय से संबंधित एक और कंपनी स्थापित की। इस घटनाक्रम के कारण मूल फर्म का मुनाफा कम हो गया, जिससे हार्दिक और कुणाल को तीन करोड़ रुपए का नुकसान हुआ, जबकि वैभव का खुद का मुनाफा 20-33 फीसदी बढ़ गया। पुलिस ने कहा कि आरोपी ने कथित तौर पर मूल कंपनी से लगभग एक करोड़ रुपए अपने खाते में भेज दिए, जिससे क्रिकेटर पंड्या बंधुओं को कुल चार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

पेज 1 का शेष

जम्मी-कश्मीर...

नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। मोदी ने कहा, दशकों के बाद, यह चुनाव आतंकवाद, अलगाववाद, पथराव, हड़ताल और सीमा पार आतंकवाद के डर के बिना हो रहा है, जो अब चुनावी मुद्दे नहीं हैं। वैष्णो देवी की सुरक्षा को लेकर चिंता रहती थी और अमरनाथ तीर्थयात्रा, लेकिन स्थिति पूरी तरह से बदल गई है, जम्मू-कश्मीर में विकास हो रहा है और लोगों का सरकार पर विश्वास मजबूत हो रहा है। मोदी ने कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों की लंबी पीड़ाओं को समाप्त करने का अपना वादा पूरा किया है और कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को संविधान के अनुच्छेद 370 को वापस लाने की चुनौती दी, जिसे अगस्त 2019 में भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र ने रद्द कर दिया था।

रैली में मौजूद भाजपा समर्थकों की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर मोदी ने वंशवादी पार्टियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, वंशवादी परिवार ने किसी अन्य की तुलना में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। ये पार्टियां परिवार की हैं, परिवार द्वारा और परिवार के लिए हैं और उन्होंने ही धारा 370 की दीवार खड़ी की है। उन्होंने एक भ्रम पैदा किया है कि केवल अनुच्छेद 370 ही यहां के लोगों के जीवन की रक्षा कर सकता है।

उन्होंने कहा, आपके आशीर्वाद से मोदी ने न केवल इस दीवार को गिरा दिया, बल्कि इसके मलबे को भी दफना दिया। मैं विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस को चुनौती देता हूं कि वे घोषणा करें कि वे अनुच्छेद 370 वापस लाएंगे। देश उनका मुंह भी नहीं देखेगा। मोदी ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों ने सोचा था कि अनुच्छेद 370 को हटाने से क्षेत्र में आग लग जाएगी और जम्मू-कश्मीर देश से अलग हो जाएंगे।

उन्होंने कहा, क्षेत्र के युवाओं ने उन्हें आईना दिखाया। जब लोगों को उनकी वास्तविकता के बारे में पता चला और उन्होंने उन्हें खारिज कर दिया, तो इन दलों ने देश के बाकी हिस्सों में यह धारणा फैलाना शुरू कर दिया। जम्मू-कश्मीर में मेरी बहनों और बेटियों से पूछें जो तरस रही थीं। उनके अधिकार? वे जानते हैं कि उनके भाई और उनके बेटे ने उन्हें उनका अधिकार दिया है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि अनुच्छेद 370 को रद्द करने से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए न्याय सुनिश्चित हुआ, जिन्हें आजादी के बाद पहली बार उनके संवैधानिक अधिकार मिले।

उन्होंने कहा, हमारे सैनिकों की माताओं को अब पथराव की चिंता नहीं है। घाटी में माताएं मुझे आशीर्वाद दे रही हैं क्योंकि उन्हें अब चिंता नहीं है कि उनके बेटे गलत हाथों में पड़ जाएंगे। वे आराम से सो रहे हैं।

पिछले साल सितंबर में जारी एक वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए, जिसमें राजद नेता लालू यादव और वरिष्ठ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एक साथ मटन पकाते हुए देखा गया था। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोगों को इसकी परवाह नहीं है। देश के बहुसंख्यक लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने में उन्हें मजा आता है, जिस व्यक्ति को अदालत ने सजा सुनाई हो और जो जमानत पर हो - वे ऐसे अपराधी के घर जाते हैं और मटन पकाने का आनंद लेते हैं। सावन का महीना और वे देश के लोगों को चिढ़ाने के लिए इसका वीडियो बनाते हैं।उन्होंने कहा, कानून किसी को कुछ भी खाने से नहीं रोकता है लेकिन इन लोगों के इरादे कुछ और हैं। जब मुगलों ने यहां पर हमला किया, तो जब तक उन्होंने मंदिरों को ध्वस्त नहीं कर दिया, तब तक वे संतुष्ट नहीं थे। इसलिए मुगलों की तरह, वे सावन के ही में वीडियो दिखाकर यहां के लोगों को चिढ़ाना चाहते हैं।

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, कांग्रेस कहती है कि राम मंदिर भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा है। मैं कहना चाहता हूं कि राम मंदिर कभी चुनावी मुद्दा नहीं था, न ही कभी चुनावी मुद्दा बनेगा। राम के लिए संघर्ष भाजपा के जन्म से पहले भी चल रहा था मंदिर... जब विदेशी आक्रमणकारियों ने हमारे मंदिरों को नष्ट कर दिया, तो भारत के लोगों ने अपने धार्मिक स्थलों को बचाने के लिए लड़ाई लड़ी, कांग्रेस और उसके सहयोगियों के नेता बड़े-बड़े बंगलों में रहते थे, लेकिन जब बदलने की बात आई रामलला के तंबू से वे मुंह मोड़ लेते थे।

आप का दावा...

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कुछ नोटों की गोपनीयता से जुड़े मुद्दे हैं क्योंकि जेल से जो भी जाएगा या बाहर आएगा उसे स्कैन करना होगा। सूत्रों ने कहा, देखते हैं कि अगर केजरीवाल तिहाड़ से सीएम के रूप में काम करना जारी रखते हैं तो निकट भविष्य में ऐसे मुद्दों को कैसे सुलझाया जाएगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पहले ही गृह मंत्रालय को शासन व्यवस्था के संबंध में दो रिपोर्ट भेज चुके हैं। दिल्ली भाजपा ने दावा किया कि कुछ विधायकों के पार्टी छोड़ने के बाद आप को दिल्ली में बहुमत खोने का डर है और इसलिए वह आरोप लगा रही है कि राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है।

महाराष्ट्र में...

है। चुनाव अधिसूचना के पांच दिनों के भीतर, पात्र मतदाताओं को फॉर्म 12डी पूरा करना होगा और रिटर्निंग अधिकारी को जमा करना होगा। पीडब्ल्यूडी मतदाता अपने आवेदन के साथ एक आधारभूत विकलांगता प्रमाणपत्र जमा करते हैं। बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) आवश्यक दस्तावेज पूरा होने पर मतदाता के निवास स्थान से फॉर्म 12डी प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार है। जवाबदेही और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उ

मोदी ने विपक्ष के झूठे विमर्श को ध्वस्त किया: भाजपा

● जम्मू एवं कश्मीर में चुनाव कराने का दावा कर विश्वास जताया : आशीष सूद

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और अन्य विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे झूठे विमर्श को ध्वस्त कर दिया है। भाजपा की यह प्रतिक्रिया उस वक्त आई है जब प्रधानमंत्री ने उधमपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह समय दूर नहीं है जब जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे और राज्य का दर्जा भी वापस मिल जाएगा। केंद्र शासित प्रदेश के लिए पार्टी के सह प्रभारी आशीष सूद ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई देना चाहूंगा क्योंकि प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव कराने का अपना संकल्प दोहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और अन्य विपक्षी पार्टियों के शीर्ष नेता यह दावा करके मुद्दे पर झूठी धारणा बना रहे हैं कि भाजपा नीत केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने से डरती है।उन्होंने कहा, वे एक गलत धारणा बना रहे हैं कि जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य नहीं है, सुरक्षा स्थिति सामान्य नहीं है और भारत सरकार चुनाव कराने से डर रही है। फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और अन्य इस तरह का विमर्श गढ़ रहे थे, जिसे अब ध्वस्त कर दिया गया है। सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले भी दोहराया था कि स्थितियां अनुकूल होने के बाद जम्मू एवं कश्मीर में चुनाव कराए जाएंगे।उन्होंने कहा, यह मोदी की गारंटी है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव होंगे। मुफ्ती, अब्दुल्ला और गांधी परिवार को समझना चाहिए कि मोदी की गारंटी कभी विफल नहीं होती।

जम्मू कश्मीर में कब होंगे विधानसभा चुनाव: कांग्रेस का प्रधानमंत्री से सवाल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जम्मू कश्मीर के उधमपुर में आयोजित रैली के बीच कांग्रेस ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर केंद्र शासित प्रदेश में लोकतंत्र को निलंबित करने का आरोप लगाया और पूछा कि वहां विधानसभा चुनाव कब होंगे? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि आज प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर के उधमपुर गए, जहां शासन की बागडोर अपने हाथ में रखने के लिए भाजपा सरकार ने हर स्तर के लोकतंत्र को सस्पेंड कर दिया है और चुनाव कराने से इनकार कर रही है। रमेश का यह सोशल मीडिया पोस्ट ऐसे समय में आया जब प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को उधमपुर में अपनी रैली में कहा कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव का समय दूर नहीं है और केंद्र शासित प्रदेश के लोग जल्द ही मंत्रियों और विधायकों के साथ अपने मुद्दे साझा कर सकेंगे। रमेश ने कहा, लोकतंत्र को निलंबित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को चार प्रश्नों का जवाब देना चाहिए। रमेश ने कहा जब से भाजपा ने 2018 में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लिया, तब से यह पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य केंद्र सरकार के सीधे शासन के अधीन है। जम्मू-कश्मीर के लोग बिना किसी निर्वाचित सरकार के हैं। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव में देरी के कारण राज्यसभा की चार सीटें भी खाली हैं। केंद्र अक्सर चुनाव कराने में देरी के लिए भारत के निर्वाचन आयोग को दोषी ठहराता रहा है, लेकिन अब मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने पलटवार करते हुए 2022 के परिसीमन के बाद देरी के लिए केंद्र को दोषी ठहराया है।

बीजेपी ने कांग्रेस व द्रमुक पर साधा निशाना

● इंडिया गठबंधन की रैली से पहले भाजपा ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के घटक दलों पर उनके कथित भ्रष्टाचार और क्षेत्रीय एवं धार्मिक आधार पर विभाजन के प्रयास को लेकर हमला बोला और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ गठबंधन भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए है। तमिलनाडु में इंडिया गठबंधन की रैली से पहले भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दावा किया कि भ्रष्टाचार का गोंद विपक्षी दलों को बांधता है। इस रैली में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के शामिल होने की उम्मीद है। भाटिया ने गांधी परिवार को सबसे भ्रष्ट परिवार बताते हुए तत्कालीन दूरसंचार मंत्री और द्रमुक नेता ए राजा से जुड़े 2जी स्पेक्ट्रम मामले का मुद्दा उठाया और दोनों विपक्षी दलों पर निशाना साधा। विपक्षी दलों की ओर से 2जी मामले में राजा समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने का जिक्र किए जाने पर भाटिया ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने कदाचार के कारण आवंटित सभी 122 लाइसेंस रद्द कर दिए थे। उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अपील पर विचार करेगा और दोषियों को दोषी ठहराएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि द्रमुक छल और कदाचार का प्रतीक है और वह सार्वजनिक धन का आदतन लुटेरा है। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि द्रमुक नेता वी सेंथिलबालाजी भ्रष्टाचार के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के बाद भी महीनों तक तमिलनाडु सरकार में मंत्री रहे। भाटिया ने द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन और राजा द्वारा सनातन धर्म के कथित अपमान और इस पर कांग्रेस द्वारा चुप्पी साधे जाने का भी उल्लेख किया और विपक्ष पर धार्मिक उन्माद और विभाजन के बीज बोने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि दूसरी तरफ मोदी ने तमिलनाडु को भारत का गौरव बताया और संविधान के अनुरूप भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले विशेष अनुष्ठानों के तहत मंदिरों का दौरा किया।

नवी मुंबई में सहपाठी की पिटाई के लिए छात्र पर मुकदमा दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई मे परीक्षा के दौरान मदद से इनकार करने को लेकर सहपाठी की पिटाई करने के आरोप मे कॉलेज के एक छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।एक अधिकारी ने बताया कि 20 वर्षीय छात्र के खिलाफ नेरुल थाने मे बृहस्पतिवार को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 324 (खतरनाक हथियार से स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और अन्य प्रावधानो के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने चार अप्रैल को परीक्षा के दौरान अपने सहपाठी से मदद करने को कहा था लेकिन पीड़ित ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। जुइनगर मे स्थित कॉलेज परिसर से निकलते वक्त आरोपी ने सहपाठी की बेरहमी से पिटाई की।अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नही हुई है।

फैबइंडिया ने त्यौहार को बनाया यादगार

कानपुर। फैबइंडिया ने ईद कलेक्शन पेश किय है। खूबसूरती और रवायत.रिवाज़ से ओत.प्रोत लिबास उतारा है। हमारी पारंपरिक लेकिन समकालीन पहनावे की अद्भुत रेंज का स्वागत कीजिए जो आपके त्योहारी वार्डरोब को श्रेष्ठता देने के लिए ध्यान से बनाया गया है। फैबइंडिया के महीन कशीदाकारी से सजा प्रत्येक कुरता हो या इसका कोई भी कलात्मक उत्पा, यह शिल्पकला और विरासत का अद्भुत संगम ह, जो आपको इस ईद सीजन में स्टाइल और ग्रेस से सुसज्जित करता है। फैबइंडिया की चिकनकारी कलेक्शन की रेंज में परंपरा का अनुभव करें, जहां प्रत्येक पहनावे में त्योहार की आभा को अभिव्यक्त किया गया है, ईद के शुभ अवसर पर सजाएँ अपनों को.अपने आप को। उत्कृष्ट चिकनकारी कला के साथ बनाया गयाए यह शानदार कुर्ता आपके त्योहारी वार्डरोब के लिए अनिवार्य है। हम इसे सफेद प्लाज़ो और चांदबालियों के साथ पसंद करते हैं . आपको क्या पसंद है। यह अत्यंत सुंदर कुर्ता महीन चिकनकारी कढ़ाई के साथ है जो आपके त्योहारी वार्डरोब की शान बढ़ाता है।

कपड़ा कारखाने में बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत, चार अन्य घायल

जयपुर। राजस्थान मे बालोतरा जिले के बालोतरा थाना क्षेत्र मे शुक्रवार को कपड़े के एक कारखाने मे बॉयलर के फटने से दो मजदूरो की मौत हो गई जबकि चार अन्य मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। थानाधिकारी ओमप्रकाश गोदारा ने बताया कि बोतरा के औद्योगिक क्षेत्र मे कपड़े के एक कारखाने मे बॉयलर का तापमान बढ़ने से वह फट गया जिससे दो मजदूरो जवाहरलाल (21) और मेघाराम (55) की मौत हो गई एवं चार अन्य मजदूर घायल हो गए। उन्होने बताया कि घायलो को उपचार के लिए स्थानीय जिला अस्पताल मे भर्ती करवाया गया है तथा उनमे से एक को जोधपुर रेफर किया गया है। उन्होने बताया कि बायलर फटने से कारखाने की एक दीवार भी ढह गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दिल्ली के सीलमपुर में व्यक्ति के सिर में गोली मारी

नई दिल्ली। उत्तर पूर्व दिल्ली के सीलमपुर इलाके मे 35 वर्ष के एक व्यक्ति को एक अज्ञात व्यक्ति ने शुक्रवार को करीब से सिर मे गोली मार दी। यह जानकारी पुलिस ने दी।पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व) जॉय तिर्की ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित शाहनवाज को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल पहुंचाया और बाद मे उसे लोकनायक अस्पताल ले जाया गया। उन्होने बताया कि उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्होने बताया कि शाहनवाज पेशे से एक श्रमिक है।डीसीपी ने कहा कि पुलिस को शुक्रवार पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे कबीर मार्केट मे एक व्यक्ति के सिर मे गोली मारे जाने के संबंध मे पीसीआर कॉल मिली।

हरियाणा में स्कूल बस हादसे की जांच के लिए समिति गठित

चंडीगढ़। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में बृहस्पतिवार को हुए स्कूल बस हादसे की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है। इस हादसे में छह स्कूली विद्यार्थियों की मौत हो गई थी और करीब 20 विद्यार्थी घायल हुए थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने निजी स्कूल के प्रधानाचार्य और बस के चालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। चालक कथित तौर पर नशे में था और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए गहन जांच के तहत महेंद्रगढ़ की उपायुक्त मोनिका गुप्ता द्वारा समिति का गठन किया गया है।गुप्ता की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक आदेश में कहा गया है, उस दुखद घटना के आलोक में, जहां कनीना के जीएल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को ले जा रही एक स्कूल बस उन्हाणी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे छह विद्यार्थियों की जान चली गई।

लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा विपक्ष : राजनाथ

● बोले- इन लोगों को अदालतों पर भरोसा नहीं

भाषा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान सामने आया है। जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा कि विपक्ष लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। राजनाथ ने कहा कि अगर संजय सिंह को कोर्ट से राहत मिल सकती है तो केजरीवाल को क्यों नहीं मिली। राजनाथ सिंह ने कहा कि विपक्षी दल अपनी गलतियों और कमजोरियों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के इस आरोप को भी खारिज कर दिया कि भाजपा की वॉशिंग मशी दूसरे दलों से इसमें शामिल होने वाले नेताओं को उनके खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को साफ कर देती है। राजनाथ ने कहा कि अगर संजय सिंह को जमानत मिल सकती है, तो अन्य पार्टी नेताओं को ऐसी राहत क्यों नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि विपक्ष को अदालतों पर भरोसा नहीं है। अगर अदालतों में खिलाफ फैसला आता है तो हम उसे स्वीकार करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए राजनाथ ने पूछा कि उन्हें अदालतों से राहत क्यों नहीं मिली। अगर यह मान भी लिया जाए कि वह हमारी वजह से जेल गए, तो उन्हें राहत क्यों नहीं मिल रही है? क्या हमने अदालतों पर भी कब्जा कर लिया है? ये लोग क्या कहना चाह रहे हैं? राजनाथ ने कहा कि कुछ देर बाद ये लोग यह भी कहेंगे कि भाजपा ने अदालतों पर कब्जा कर लिया है, लेकिन क्या ये संभव है।

राहुल गांधी अब वायनाड को अपना परिवार बता रहे हैं: स्मृति ईरानी

अमेठी (उप्र)। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी से सांसद रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि सभी ने नाम बदलते, गांव बदलते सुना है, लेकिन परिवार बदलते किसी ने नही सुना। उन्होने कहा कि राहुल गांधी ने वायनाड मे कहा कि वायनाड उनका परिवार है और वहां के लोग वफादार है। ईरानी ने कहा, इसका मतलब यह हुआ कि 15 साल तक जहां के वह (राहुल) सांसद रहे उस अमेठी के लोग वफादार नही है। वह वायनाड मे जाकर अमेठी को गालियां देते है। ऐसे लोगो को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए इस बार अमेठी का मतदाता तैयार है। यहां अपने आवास पर यादव बिरादरी के लोगो से मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गांधी खानदान खासकर राहुल गांधी चाहते थे कि अमेठी मे लोग गरीब बने रहे, इसीलिए जब कोई गरीब का बेटा भारत का प्रधान सेवक बनता है उसे ए पचा नही पाते।

क्विक न्यूज

हिमाचल में चोईनाला में कार दुर्घटनाग्रस्त, चार लोगों की मौत

कुल्लू। कुल्लू के पुलिस थाना आनी के अंतर्गत राणाबाग-करशाला मार्ग पर चोईनाला में एक मारुति आल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आनी से पुलिस की टीम मौके की ओर रवाना हो गयी है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सुरेंद्र कुमार चालक (40) पुत्र धर्मचन्द और सुशील कुमार (36) पुत्र मनसा राम निवासी बिशल डाकघर डिगेढ, बीर सिंह (43) पुत्र मोती राम और संजीव कुमार (34) पुत्र रोशन लाल, निवासी खनेरी डाकघर डिगेढ के रूप में हुई है। वहीं सूचना मिलते ही आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने दुर्घटना पर गहरा शोक जताया है और मौके की ओर रवाना हो गए हैं। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

बठिंडा में पेड़ से टकराई तेज रफ्तार ऑल्टो, महिला समेत तीन की जान गई

बठिंडा। मुक्तसर के बठिंडा रोड हाईवे पर गांव बुटटर शरीह के पास एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को सिविल अस्पताल मुक्तसर में भर्ती करवाया गया जहां से एक घायल की हालत गंभीर होने के चलते बठिंडा के लिए रेफर कर दिया गया। घटना शुक्र वार की सुबह साढ़े छह बजे के करीब की है। हादसे के बाद कार के परखच्चे उड़ गए हैं।मृतक और घायल मुक्तसर निवासी हैं और जिला बठिंडा के रामा मंडी में विगत वीरवार की रात को एक धार्मिक समारोह में शामिल होने के बाद शुक्रवार सुबह तड़के मुक्तसर को कार पर लौट रहे थे।लेकिन मुक्तसर के बठिंडा रोड हाईवे पर उनकी कार पेड़ से टकरा गई। हादसे का कारण अभी पता नहीं चल सका है। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ड्राइवर को नींद की झपकी आने से यह हादसा होने की बात कही जा रही है।

लहरदार बीट्स से झलकेगा आत्मविश्वास

मुबई। उभरती हुई पॉप आईकन शहत गिल अपना उत्साहवर्धक पंजाबी ट्रैक लेकर आई हैं। उन्होंने बहुत ही सुगमता से प्रभावशाली लिरिक्स को आकर्षक बीट्स के साथ मिश्रित कर ऐसा बेहतरीन ट्रैक बनाया ह, जिसमें आत्मविश्वास के साथ स्टाईल झलक रहा है। उनका पहला गीत ष्पागल ए फ्रीट पैंथर जून 2023 में रिलीज़ किया गया था जिसे उत्तर भारत के लोगों ने बहुत पसंद किया। कंपोज़र और लिरिसिस्ट तरनजीत सिंह और मनप्रीत सिंह उर्फकप्तान ने इस गीत के हर नोट में अपना पूरा अनुभव और रचनात्मकता डाल दिए हैं। इस डायनामिक ट्रैक के साथ शहत गिल ने म्यूज़िक वीडियो में अपना आत्मविश्वास और आकर्षण पूरे वैभव के साथ पेश करके बहुत ही सुंदर दृश्य निर्मित किए हैं। इसके आकर्षक विज़्युअल और डायनामिक कोरियोग्राफी ने मिलकर उनकी प्रभावशाली उपस्थिति का जश्न मनाते हुए बहुत ही दिलचस्प विज़्युअल और ऑडियो अनुभव उत्पन्न किया है। इसकी तीव्र धुन और मंत्रमुग्ध कर देने वाली लय के साथ यह ट्रैक पंजाबी पॉप म्यूज़िक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाएगाए जो उद्योग में एक उभरते हुए सितारे के रूप में शहत गिल की पहचान को मजबूत करेगा।अपने इस नए गीत के बारे में शहत ने कहा कि सबसे पहले मैं अपने पहले गीत पागल ए को दर्शकों से मिले प्यार व स्नेह के लिए उन्हें धन्यवाद देती हूँ।

नई कहानी से दो-चार होंगे वॉचो के दर्शक

मुंबई। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो एक्सक्लूसिव, इस अप्रैल में अपनी नई रहस्यमय थ्रिलर सीरीज, फ्लैश के साथ दर्शकों के मनोरंजन के लिए पूरी तरह तैयार है। इस सीरीज में अंशुल पांडे, सागर कपूर और ख्वाहिश मुख्य भूमिकाओं में नजर आएँगे। शौर्य सिंह द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक पोर्ट्रेट फोटोग्राफर की मनोरंजक कहानी को उजागर करती है, जो एक नियमित शूट के दौरान आने वाले अप्रत्याशित मोड़ में खुद को रहस्य और धोखे के जाल में फंसा हुआ पाता है। यह मनोरंजक सीरीज विशेष रूप से 5 अप्रैल, 2024 से वॉचो ऐप पर उपलब्ध है। इस सीरीज की कहानी एक कुशल पोर्ट्रेट फोटोग्राफर वंश कुंद्रा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रहस्यमयी अक्षा चौहान के साथ अपने करियर के शिखर को चुनता है। धन मिलने के वादे से आकर्षित होकर, वंश उसके भव्य और एकांत पेंटहाउस में जाता है, लेकिन वहाँ उसे एक अशांत माहौल का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अक्षा एक चौंकाने वाले परिवर्तन से गुजरती है, जिससे वंश की धारणा को चोट पहुँचती है। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट मार्केटिंग प्रमुख सुखप्रीत सिंह ने कहा, वॉचो में, हम मानते हैं कि थ्रिलर्स एक स्थायी अपील रखते हैं, जो लिंग और उम्र की सीमाओं से परे है। फ्लैश की रिलीज के साथ, हम अपनी पिछली थ्रिलर स्टेट वर्सेस आहूजाकी सफलता को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं।

विदेशी फिल्में भारतीय भाषाओं में दिखेंगी

मुंबई। अमेज़न कीस्ट्रीमिंग सेवा ने एक दिलचस्प ट्रेलर का अनावरण किया, जिसमें मिनीटीवी इंपोर्टेड के तहत एक्शन से भरपूर एशियाई फिल्मों की एक चौंकाने वाली लाइन-अप की घोषणा की। कोरियाई और चीनी फिल्मों की विशेषता वाला ट्रेलर विश्व स्तर पर प्रशंसित फिल्मों की एक झलक प्रदान करता है, जो एड्रेनालाईन से भरपूर रोमांच, ज़बरदस्त एक्शन दृश्यों और ज़बरदस्त कथानकों की दुनिया में गहराई से उतरता है। इस घोषणा के साथ, सेवा अप्रैल से जून तक हर महीने 15 शीर्षकों का खुलासा करेगी, जिनमें द स्विंडलर्स, बॉडीगार्ड, हिटमैन एजेंट जून और गोल्डन जॉब शामिल हैं। रिलीज़ की स्लेट को तमिल, तेलुगु और हिंदी में डब किया जाएगा, जिसमें दर्शकों के लिए उनकी मूल भाषा उपलब्ध होगी।मनोरंजक डकैतियों से लेकर अद्भुत मुकाबलों तक, यह रोमांचक रोस्टर एक जबरदस्त रोमांच का वादा करता है, जो दर्शकों को जोड़े रखेगा। गोल्डन जॉब दर्शकों को एक महाकाव्य डकैती को दिखाता है जो एक अंतिम मिशन के लिए पूर्व सेनानियों की एक समूह की पुनर्मिलन के रूप में प्रकट होता है। रिलीज़ उनकी मूल भाषा के साथ-साथ हिंदी, तमिल, तेलुगु में भी उपलब्ध किया जाएगा, जो सभी आयु वर्ग के दर्शकों को पसंद आएगी। अमेज़न मिनीटीवी के कंटेंट प्रमुख अमोघ दुसाद ने साझा किया, अमेज़न मिनीटीवी में, हम एशियाई कंटेंट की बढ़ती मांग की उत्कृष्टता को पहचानते हैं और इस उभरते क्षेत्र की पेशकश का सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक्शन फिल्में हमेशा मनोरंजन का एक मुख्य तत्व रही हैं, और हम खुशी हैं कि हम यह रोमांचक रोस्टर अपने दर्शकों के लिए मिनीटीवी इंपोर्टेड के माध्यम से लेकर रहे हैं।

अजमेर में बहुमंजिला भवन में लगी आग, कोई जनहानि नही

जयपुर। राजस्थान के अजमेर जिले मे क्लॉक टावर थाना क्षेत्र के हौजरी बाजार मे एक बहुमंजिला भवन के तलघर के एसी के गोदाम मे आग लग गई। पुलिस के अनुसार इस हादसे मे कोई जनहानि नही हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग सिंह राजपुरोहित ने बताया कि आग बाजार के एक तीन मंजिला भवन के भूमि तल स्थित एसी मे गैस भरने वाले गोदाम मे लगी थी जिस पर 50 दमकलो की मदद से काबू पाने का प्रयास जारी है। पुरोहित ने बताया कि आग मे कोई जनहानि नही हुई है। उन्होने बताया कि आग संभवतः एसी मे गैस भरने वाले गोदाम मे रातभर एसी के चालू रह जाने के कारण किसी तकनीकी खराबी के चलते लगी है। उनका कहना है कि कारणो का स्पष्ट खुलासा आग पर पूरी तरह काबू पाने का बाद हो सकेगा। उन्होने बताया कि आग ने आसपास की 14 कपड़ो की दुकानो को भी चपेट मे लिया।

बीआरएस नेता के. कविता अदालत में पेश

● 15 अप्रैल तक सीबीआई के हिरासत में

भाषा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शुक्रवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और कविता के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश जारी किया।सीबीआई ने कविता (46) को तिहाड़ जेल में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद रखा गया है। सीबीआई ने कविता को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 477-ए (खातों में हेराफेरी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (लोक सेवक को रिश्वत देने के आरोप में संबंधित अपराध) के तहत गिरफ्तार किया।इससे पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने दिल्ली आबकारी नीति के कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को यहां एक अदालत के समक्ष पेश किया और उनकी पांच दिन की पुलिस हिरासत मांगी। बहरहाल, अदालत ने सीबीआई की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

सीबीआई ने संदेशखाली में शिकायतें दर्ज कराने के लिए ई-मेल आईडी जारी किया

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन पर कब्जा किए जाने संबंधी शिकायतें दर्ज कराने के लिए एक ई-मेल आईडी जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह ईमेल आईडी उत्तर 24परगना जिले के संदेशखाली के लोगों के लिए शिकायत दर्ज कराने के वास्ते एक मंच के तौर पर काम करेगा। सीबीआई ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ की ओर से 10 अप्रैल 2024 को पारित आदेश के अनुपालन में सीबीआई ने एक समर्पित ईमेल बनाया है जिसमें महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन पर कब्जे के संबंध में संदेशखाली के लोगों की शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं।

दुनिया में 60 प्रतिशत प्लास्टिक कचरे के कुप्रबंधन के लिए जिम्मेदार बारह देशों में शामिल है भारत : रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत दुनिया में 60 प्रतिशत प्लास्टिक कचरे के कुप्रबंधन के लिए जिम्मेदार बारह देशों में से एक है। हालांकि तेजी से विकसित हो रहे इस दक्षिण एशियाई देश का प्रति व्यक्ति प्लास्टिक कचरा उत्पादन दुनिया में सबसे कम है। एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। स्विस गैर-लाभकारी संस्था ईए अर्थ एक्शन की प्लास्टिक ओवरशूट डे रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2021 के बाद से वैश्विक प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन में 7.11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अनुमान है कि इस वर्ष दुनिया में 22 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ है, जिसमें से 7 करोड़ टन अंततः पर्यावरण को प्रदूषित करेगा। यह रिपोर्ट कनाडा के ओटावा में संयुक्त राष्ट्र की अंतर सरकारी वार्ता समिति (आईएनसी) की चौथी बैठक से पहले आई है। वैश्विक नेता प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी उपाय विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं।

बंगाल पीडीएस घोटाला : पूर्व मंत्री ज्योति प्रिय मल्लिक, दो अन्य से जुड़ी संपत्तियां कुर्क

भाषा। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने पीडीएस राशन घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक और दो अन्य से जुड़ी 150 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। ए दो अन्य आरोपी मल्लिक के कथित सहयोगी- बकीबुर रहमान और तृणमूल नेता शंकर आध्या हैं। इस मामले में संघीय जांच एजेंसी ने तीनों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने एक बयान में कहा है कि कुर्क की गई संपत्तियों में विभिन्न व्यक्तियों और संस्थाओं की 48 अचल संपत्तियां शामिल हैं। इनमें बोलपुर के साल्ट लेक स्थित मल्लिक का घर, उनके करीबी सहयोगियों के नाम पर कई अन्य बेनामी संपत्तियां , कोलकाता और बेंगलुरु में रहमान के दो-दो होटल, विभिन्न बैंकों में जमा राशि सावधि जमा शामिल हैं। यह भी पाया गया है कि मल्लिक ने कथित तौर पर करोड़ों रुपए से अधिक की इन अचल संपत्तियों में से कुछ को अपने परिवार के सदस्यों या करीबी सहयोगियों के नाम पर उपहार के रूप में प्राप्त किया था। आध्या पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अंतर्गत बनगांव से तृणमूल कांग्रेस के नेता हैं। ईडी ने कहा कि इन

ममता ने निर्वाचन आयोग से सभी दलों को समान अवसर मुहैया करने का आग्रह किया

भाषा। कूच बिहार-अलीपुरद्वार

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और निर्वाचन आयोग से सभी दलों को समान अवसर मुहैया करने की अपील की। बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने राजनीतिक फायदों के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कूच बिहार और अलीपुरद्वार में रैलियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग हालिया तूफान में जलपाईगुड़ी में नष्ट हुए मकानों को पुनर्निमित करने की अनुमति नहीं दे रहा। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने कहा, भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है। वे लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के राजनीतिक एजेंडा को पूरा करने के लिए ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), सीबीआई और आयकर विभाग का इस्तेमाल कर रहे हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियां और बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) और सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) जैसे अर्द्धसैनिक बल भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध करेंगे कि सभी दलों को समान अवसर मिले।

इंडिया गठबंधन के पक्ष में दिखाई न पड़ने वाली समर्थन की एक लहर है: खरगे

भाषा। कलबुर्गी (कर्नाटक)

कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी इंडिया गठबंधन के पक्ष में दिखाई न पड़ने वाली समर्थन की एक लहर है, जिसके भय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्यापक प्रचार कर रहे हैं।खरगे ने मोदी को चुनौती दी कि वे अयोध्या मंदिर में राम की मूर्ति की शपथ लें और बताएं कि क्या उन्होंने प्रत्एक व्यक्ति को 15 लाख रुपए दिए जिसका वादा उन्होंने काला धन देश में वापस लाने पर

रूसी हमलों में यूक्रेन का शीर्ष ऊर्जा संयंत्र तबाह

एपी। कीव

रूस द्वारा मिसाइल और ड्रोन से किए गए भीषण हमलों में यूक्रेन के शीर्ष ऊर्जा संयंत्रों में से एक संयंत्र तबाह हो गया और साथ ही अन्य इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

रूस ने फिर से ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाने का अभियान शुरू किया है।

अधिकारियों ने बताया कि कीव, चर्कासी और जाइटॉमिर क्षेत्रों को बिजली की आपूर्ति करने वाले सबसे बड़े ऊर्जा संयंत्र ट्राइपिल्स्का को कई बार निशाना बनाया गया और इन हमलों में ट्रांसफार्मर और जनरेटर नष्ट हो गए और संयंत्र में आग लग गई।

संयंत्र का संचालन करने वाली सरकारी कंपनी सेंटरनेर्गो के पर्यवेक्षी बोर्ड के अध्यक्ष एंड्री गोटा ने बताया कि जैसे ही संयंत्र पर पहले ड्रोन से हमला हुआ कर्मचारियों ने जान बचाने के लिए एक आश्रय स्थल में शरण ली।

उन्होंने कहा कि संयंत्र के चारों ओर आग की लपटें उठ रही थीं और काले घने धुएं का गुबार छाया हुआ था। गोटा ने कहा कि यह भयावह था। इस हमले के घंटों बाद बचावकर्मी वहां पहुंचे और मलबा हटाने का काम शुरू किया।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मॉस्को में कहा कि यूक्रेन ने रूस की तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाया जिसके जवाब में उसके (यूक्रेन के) उर्जा संयंत्रों पर हमले किए गए हैं।

ट्राइपिल्स्का संयंत्र से तीस लाख लोगों को बिजली की आपूर्ति की जाती थी। हालांकि, इस हमले के बाद बिजली की आपूर्ति बंद नहीं हुई क्योंकि संयंत्र को सुधार लिया गया था। फिर भी आने वाले महीनों में इस हमले का परिणाम देखने को मिल सकता है क्योंकि बढ़ते तापमान के कारण एयरकंडीशंड (एसी) का उपयोग बढ़ेगा।

यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में रूस द्वारा रातभर किए गए कम से कम 10 हमलों में बिजली आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि इस क्षेत्र में 200,000 से अधिक लोग रहते हैं, जो बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने से परेशानी उठा रहे हैं।

यूक्रेन के सबसे बड़े निजी ऊर्जा संचालक डीटीईके ने इस हमले को इस साल के सबसे भीषण हमलों में से एक बताया। वहीं, ऊर्जा मंत्री हरमन हलुशचेंको ने संवाददाताओं से कहा कि यह एक बड़ा मिसाइल हमला था, जिससे हमारा ऊर्जा क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर नए सिरे से हमले शुरू किए हैं। वहीं, पिछले महीने रूसी हमलों से देश के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

यूक्रेन के नेताओं ने ऐसे हमलों से बचने के लिए और अधिक वायु रक्षा प्रणालियों की मांग की है। गोटा ने कहा, "आज की स्थिति दर्शाती है कि मिसाइलों को मार गिराने के लिए कुछ भी नहीं बचा है"।

साल 2022 का मसौदा समझौता यूक्रेन से भविष्य की शांति वार्ता का आधार हो सकता है: रूस

एपी। मास्को

रूस ने शुक्रवार को कहा कि रूस-यूक्रेन का एक मसौदा समझौता दोनों देशों के बीच संघर्ष को समाप्त करने की संभावित वार्ता के लिए आधार हो सकता है जिस पर 2022 में चर्चा हुई थी।

रूस के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने कहा कि इस्तांबुल में मार्च 2022 में जिस मसौदा दस्तावेज पर विचार-विमर्श हुआ था, वह बातचीत शुरू करने का आधार बन सकता है।

उन्होंने कहा कि भविष्य की संभावित वार्ता में नई वास्तविकताओं को संज्ञान में लेना जरूरी होगा। पेस्कोव ने संवाददाताओं से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बातचीत में कहा, तब से कई बदलाव हुए हैं, हमारे संविधान में नई चीजें जुड़ी हैं।

रूस ने सितंबर 2022 में चार यूक्रेनी क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया था और उसके इस कदम को कीव तथा उसके पश्चिमी सहयोगियों ने गैरकानूनी बताकर खारिज कर दिया। पेस्कोव के बयान से पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को जून में स्विट्जरलैंड की मेजबानी में संभावित यूक्रेन शांति वार्ता पर चुटकी लेते हुए चेतावनी दी कि मास्को जबरन लागू किसी शांति योजना को स्वीकार नहीं करेगा। पुतिन ने बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंद्र लुकाशेनको के साथ मास्को में हुई बैठक में कहा, हम सकारात्मक कार्य के लिए तैयार हैं, लेकिन इस तरह के किसी प्रयास को स्वीकार नहीं करेंगे जो वास्तविकताओं पर आधारित नहीं हो।

भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने में बड़ी सकारात्मक प्रगति हुई है: चीन

भाषा। बीजिंग

चीन और भारत ने सीमा गतिरोध को हल करने के लिए बड़ी सकारात्मक प्रगति की है और दोनों पक्षों के बीच गहन संवाद जारी है। विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यहां यह बात कही।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग की टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया बयान पर चीन की प्रतिक्रिया पर और विस्तार से आई है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं और सीमाओं पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए।

न्यूजवीक पत्रिका के साथ साक्षात्कार में, प्रधानमंत्री ने आशा जताई थी कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से, दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में न्यूजवीक को दिए गए मोदी के साक्षात्कार पर एक सवाल के जवाब में कहा, सीमा मुद्दे के बारे में, मैं आपको बता सकती हूं कि चीन और भारत के बीच राजनयिक एवं सैन्य चैनलों के माध्यम से गहन संवाद हुए हैं और बड़ी सकारात्मक प्रगति हुई है।

उन्होंने कहा, हम यह भी मानते हैं कि चीन और भारत के बीच स्वस्थ संबंध दोनों देशों के हितों की पूर्ति करते हैं।

माओ ने कहा, चीन को उम्मीद है कि भारत मतभेदों को ठीक से संभालने और द्विपक्षीय संबंधों को स्वस्थ एवं स्थिर मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए चीन के साथ इसी सकारात्मकता के साथ काम करेगा।

पिछले कुछ दिनों में यह दूसरा मौका है जब चीन ने मोदी के साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया दी है।

मोदी ने अपने साक्षात्कार में कहा, मेरा मानना है कि हमें अपनी सीमाओं पर लंबे समय से चल रही स्थिति का तत्काल समाधान करने की आवश्यकता है ताकि हमारी द्विपक्षीय बातचीत में असामान्यता को पीछे छोड़ा जा सके।

उन्होंने कहा, भारत और चीन के बीच स्थिर एवं शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों, बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं।

माओ ने बृहस्पतिवार को मोदी के साक्षात्कार पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि चीन ने प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणियों पर गौर किया है।

उन्होंने कहा, मजबूत और स्थिर चीन-भारत संबंध दोनों देशों के हितों की पूर्ति करते हैं और क्षेत्र एवं उससे परे शांति तथा विकास के लिए जरूरी हैं।

विदेश सचिव क्वात्रा ने अमेरिकी अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रमुखों के साथ बैठकें की

भाषा। वाशिंगटन

विदेश सचिव विनय क्वात्रा इस सप्ताह अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें करने और रक्षा एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग जगत के प्रमुखों के साथ बातचीत के लिए यहां हैं।

क्वात्रा ने विदेश विभाग के फॉगी बॉटम मुख्यालय में उप विदेश मंत्री (प्रबंधन एवं संसाधन) रिचर्ड वर्मा और उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल के साथ अलग-अलग बैठकें कीं।

वर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका-भारत के बीच जारी सहयोग को आगे बढ़ाने और क्षेत्रीय सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए हमारे देशों की करीबी साझेदारी की आवश्यकता पर भारतीय विदेश सचिव क्वात्रा के साथ सार्थक बातचीत"।

इससे पहले दिन में, यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) द्वारा इसके बोर्ड अध्यक्ष और एनएएसडीएक्यू के कार्यकारी उपाध्यक्ष एड नाइट की क्वात्रा के साथ जलपान पर एक बैठक की मेजबानी की गई।

यूएसआईबीसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "वे निवेश बढ़ाने, नवाचार और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने तथा हमारे देशों के बीच वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने संबंधी चर्चा में शामिल हुए"।

दौरे पर आए विदेश सचिव क्वात्रा रक्षा विभाग, व्हाइट हाउस और वाणिज्य विभाग सहित अमेरिकी सरकार की विभिन्न इकाइयों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

इस यात्रा को मीडिया की चकाचौंध से दूर रखा गया है। यह यात्रा भारत में आम चुनावों और वाशिंगटन डीसी में भारत-प्रशांत क्षेत्र संबंधी एक सप्ताह की व्यस्त और गहन राजनयिक गतिविधियों के बीच हो रही है।

बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ ऐतिहासिक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी की।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामकता के बीच शिखर सम्मेलन महत्वपूर्ण है। एक दिन पहले, बाइडन ने किशिदा के लिए राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी की थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की ऐतिहासिक आधिकारिक राजकीय यात्रा के बाद, द्विपक्षीय संबंधों में कुछ असहजता आई है, विशेष रूप से अमेरिका में सिख अलगाववादी आंदोलन के मुद्दे पर और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे पर विदेश विभाग के असामान्य बयान से। भारत ने विदेश विभाग की ऐसी टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई थी।

रक्षा विभाग के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने पेंटागन में संवाददाताओं से कहा कि भारत अमेरिका का एक बहुत महत्वपूर्ण भागीदार है और दोनों देशों के बीच संबंध लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, "हम स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने साझा मूल्यों की दिशा में भारत के साथ काम जारी रखने के लिए बहुत उत्सुक हैं"।

इस सप्ताह की शुरुआत में, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सीनेट सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को बताया था कि बाइडन प्रशासन अपनी प्रमुख रक्षा साझेदारी के तहत अमेरिका-भारत संबंधों में एक नया अध्याय शुरू कर रहा है। उन्होंने कहा, "हमारी सेनाएं हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त अभ्यास, सूचना-साझाकरण और अन्य परिचालन गतिविधियों में तेजी ला रही हैं"।

बेल्जियम यूरोपीय संघ के चुनावों में रूस के संदिग्ध हस्तक्षेप की जांच करेगा

एपी। ब्रसेल्स

बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने जून में यूरोप भर में होने वाले चुनावों में संदिग्ध रूसी हस्तक्षेप की जांच की शुक्रवार को घोषणा की और कहा कि उनके देश की खुफिया सेवा ने यूक्रेन को जारी समर्थन को कमजोर करने की कोशिश कर रहे एक नेटवर्क की मौजूदगी की पुष्टि की है।

डी क्रू ने यहां संवाददाताओं से कहा, बेल्जियम की खुफिया सेवाओं ने कई यूरोपीय देशों और यहां बेल्जियम में भी अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे रूस-समर्थित हस्तक्षेप नेटवर्क के अस्तित्व की पुष्टि की है"।

बेल्जियम फिलहाल यूरोपीय संघ का अध्यक्ष है। डी क्रू ने कहा कि वहां रूस-समर्थित प्रभाव अभियान का खुलासा होने के बाद बेल्जियम की एजेंसियां चेक अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जांच से पता चला है कि यूरोपीय संसद के सदस्यों से संपर्क किया गया था और रूसी दुष्प्रचार को बढ़ावा देने के लिए धन की पेशकश की गई थी। उन्होंने कहा, हमारी खुफिया सेवा के अनुसार मॉस्को के उद्देश्य बहुत स्पष्ट हैं। इसका उद्देश्य यूरोपीय संसद के लिए अधिक से अधिक रूसी-समर्थक उम्मीदवारों के निर्वाचन में मदद करना और इसमें (संसद में) रूस-समर्थक एक निश्चित विमर्श को मजबूत करना है।

डी क्रू ने कहा कि "लक्ष्य बहुत स्पष्ट है: यूक्रेन को मिलने वाले यूरोपीय समर्थन को कमजोर करने से युद्ध के मैदान में रूस को मदद मिलती है तथा पिछले हफ्तों में जो उजागर हुआ है उसका वास्तविक उद्देश्य यही है"। यूरोपीय संघ की संसद के नए चुनाव के लिए पूरे यूरोप में छह से नौ जून तक मतदान होगा।

डी क्रू ने कहा कि बेल्जियम के अभियोजक कार्वाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा, बेल्जियम में पैसा नहीं बांटा जाता था, लेकिन हस्तक्षेप होता है"।

उन्होंने कहा, ए गंभीर चिंताएं हैं और इसीलिए मैंने कार्वाई की है।

प्रधानमंत्री ने कहा, हम अपने बीच इस प्रकार के रूसी खतरे की अनुमति नहीं दे सकते। हमें कार्य करने की आवश्यकता है, और हमें राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ यूरोपीय संघ के स्तर पर भी कार्य करने की आवश्यकता है।

माली की सरकार ने मीडिया पर प्रतिबंध लगाया

एपी। बमाको (माली)

माली की सैन्य सरकार ने देश की मीडिया पर राजनीतिक दलों और संगठनों की गतिविधियों की रिपोर्टिंग करने पर बृहस्पतिवार को प्रतिबंध लगा दिया।

देश के सैन्य शासन ने सोशल मीडिया में इस संबंध में एक नोटिस जारी किया है।

यह आदेश टेलीविजन, रेडियो, ऑनलाइन और प्रिंट समाचार पत्रों सहित मीडिया के सभी प्रारूपों पर लागू होता है। इससे एक दिन पहले बुधवार को सैन्य शासन ने अगले आदेश तक सभी राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। माली में 2020 से दो बार सैन्य तख्तापलट हो चुका है जिससे देश में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। राजनीतिक उठा-पटक के साथ-साथ देश में आतंकवादी संगठन अलकायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े आतंकवादियों की गतिविधियां भी तेजी से बढ़ी हैं।

अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बृहस्पतिवार को मीडिया में जारी किए गए प्रतिबंध संबंधी आदेश का दायरा क्या होगा। मसलन इस बात को लेकर स्पष्टता नहीं है कि क्या पत्रकार अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों पर खबर प्रकाशित कर सकते हैं जो सीधे तौर पर देश के राजनीतिक हालात से जुड़ी है। साथ ही यह भी अस्पष्ट है कि पत्रकारों के कामकाज की निगरानी कौन करेगा।

देश में पत्रकारों के संगठन मैसन डे ले प्रेस ने कड़े शब्दों में इस आदेश की आलोचना की है।

पाकिस्तान के लोगों को अपनी नियति बदलने के लिए शुरुआत करनी होगी: पूर्व राष्ट्रपति अल्वी

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने कहा कि पाकिस्तान के लोगों को अपनी नियति बदलने के लिए बीती ताहि बिसार के एक नई शुरुआत करनी होगी। अल्वी 2018 से मार्च 2024 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति रहे। उन्होंने नकदी संकट से जूझ रहे इस देश की वर्तमान स्थिति की बृहस्पतिवार को आलोचना की।

अल्वी (74) ने एक्स पर लिखा कुछ लोगों का यह तर्क कि यह पहले भी हो चुका है और दूसरों ने भी ऐसा ही किया है तर्कसंगत नहीं है। यह प्रतिगामी सोच है जिसमें आगे बढ़ने का कोई रास्ता नहीं है।

उन्होंने कहा कि अपनी नियति बदलने के लिए बीती ताहि बिसार के एक नई शुरुआत करनी होगी।

अल्वी ने कहा, यह कौन करेगा? यह कौन कर सकता है? क्या यह संभव है? मुझे लगता है कि ऐसा हो सकता है, क्योंकि हमारे पास क्षमता है और यह गरीब लेकिन मेहनती देश निश्चित रूप से बेहतर का हकदार है।

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था, राजनीति और न्यायपालिका की गिरती हालत की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि देश की संस्थाओं पर गहरा दबाव है और उन्हें पक्षपाती रुख अपनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

अल्वी पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी हैं और 2018 में राष्ट्रपति बनने से पहले पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के वरिष्ठ नेता थे। उन्होंने कहा कि चुराए गए जनादेश के साथ संसद में पूरी तरह से राजनीतिक तमाशा किया जा रहा है।

खान और उनकी पार्टी पीटीआई ने लगातार कहा है कि आठ फरवरी के आम चुनावों के नतीजे में धांधली हुई थी और पाकिस्तान सेना ने सत्ता संभालने के लिए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का साथ दिया है।

कैलीफोर्निया प्रांतीय एसेम्बली में महावीर जयंती मनाई गइ

भाषा। वाशिंगटन

कैलीफोर्निया प्रांतीय एसेम्बली में पहली बार महावीर जयंती समारोह मनाया गया तथा जैन समुदाय के एक मशहूर नेता ने डिजिटल विद्वेष उन्मूलन अभियान शुरू किया।

बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार, सोमवार को सैक्रामेंटो में प्रांतीय एसेम्बली में भगवान महावीर की जयंती मनाई गई तथा शांति, करुणा, अहिंसा और प्रेम के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

जैन समुदाय के आध्यात्मिक नेता लोकेश मुनि भारत से यहां पहुंचे और उन्होंने फेडरेशन ऑफ जैन एसोसिएशन्स इन नॉर्थ अमेरिका के पूर्व अध्यक्ष प्रेम जैन, निदेशक बिरेन शाह एवं अन्य नेताओं के साथ समारोह में हिस्सा लिया।

लोकेश मुनि ने कहा, कैलीफोर्निया प्रांतीय एसेम्बली में गरिमामय वातावरण में, खासकर कैलीफोर्निया के सीनेटर तथा एसेम्बली के सदस्यों की गौरवशाली उपस्थिति में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जयंती मनाई जा रही है।

उन्होंने कहा, भगवान महावीर का दर्शन बहुत महत्वपूर्ण एवं प्रासंगिक है। आज यह उतना ही

प्रासंगिक है जितना कि अतीत में उपयोगी था। भगवान महावीर के दर्शन में कई वैश्विक समस्याओं का हल ढूंढा जा सकता है।

प्रांतीय एसेम्बली परिसर से डिजिटल विद्वेष उन्मूलन अभियान को प्रारंभ करते हुए जैन समुदाय के प्रख्यात नेता अजय भूटोरिया ने प्रांतीय सीनेटर डेव कोंटिस, कैलीफोर्निया एसेम्बली के सदस्य एस कालरा, एलेक्स ली और लिज ओर्टेगा के साथ अनुव्रत डिजिटल विद्वेष उन्मूलन अभियान के फायदों से संबंधित बातें साझा कीं।

भूटोरिया ने जैन आध्यात्मिक नेता आचार्य महाश्रमण के उपदेशों के प्रसार के लिए अनुव्रत डिजिटल विद्वेष उन्मूलन अभियान शुरू किया।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य लोगों को डिजिटल विकर्षण के लिए तथा इस पर्दे से परे जीवन के सार को पुन: ढूढ़ने में मदद करना है।

भूटोरिया ने कहा, अनुव्रत डिजिटल विद्वेष आंदोलन की शुरुआत को योगेश मुनि और जागृत

इज़राइल पर गाजा में हजारों लोगों को निशाना बनाने के लिए एआई के इस्तेमाल का आरोप

द कन्वरसेशन। मेलबर्न

इजरायली सेना ने एक नई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली का उपयोग करके गाजा में संभावित हवाई हमलों के लिए हजारों मानव लक्ष्यों की सूची तैयार की। पिछले सप्ताह प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट गैर-लाभकारी आउटलेट ‚972 मैगज़ीन से आई है, जो इज़रायली और फ़लस्तीनी पत्रकारों द्वारा चलाया जाता है।

रिपोर्ट में इज़रायली खुफ़िया विभाग के छह अज्ञात स्रोतों के साक्षात्कार का हवाला दिया गया है। सूत्रों का दावा है कि सिस्टम, जिसे लैवेंडर के नाम से जाना जाता है, का उपयोग अन्य एआई सिस्टम के साथ संदिग्ध आतंकवादियों को लक्षित करने और उनकी हत्या करने के लिए किया गया था - जिनमें से कई अपने ही घरों में थे - जिससे बड़ी संख्या में नागरिक हताहत हुए।

गार्डियन की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, ‚972 रिपोर्ट के समान स्रोतों के आधार पर, एक खुफिया अधिकारी ने कहा कि सिस्टम ने बड़ी संख्या में हमलों को अंजाम देना आसान बना दिया , क्योंकि मशीन ने इसे ठंडे दिमाग से किया।

जैसा कि दुनिया भर की सेनाएं एआई का उपयोग करने की होड़ में हैं, ए रिपोर्टें हमें दिखाती हैं कि यह कैसा दिख सकता है: सीमित सटीकता और कम मानवीय निरीक्षण के साथ मशीन-स्पीड युद्ध, जिसमें नागरिकों को भारी नुकसान होगा।

इज़रायली रक्षा बल इन रिपोर्टों में कई दावों का खंडन करता है। गार्जियन को दिए एक बयान में, उसने कहा कि वह आतंकवादी गुर्गों की पहचान करने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली का उपयोग नहीं करता है। इसमें कहा गया है कि लैवेंडर एक एआई सिस्टम नहीं है बल्कि सिर्फ एक डेटाबेस है जिसका उद्देश्य खुफिया स्रोतों को क्रॉस-रेफरेंस करना है।

लेकिन 2021 में, एरूसलम पोस्ट ने एक खुफिया अधिकारी की रिपोर्ट में कहा कि इज़राइल ने अपना पहला एआई युद्ध जीता है। डेटा का निरीक्षण करने और लक्ष्य तैयार करने के लिए वह कई मशीन लर्निंग सिस्टम का उपयोग कर रहा है।

उसी वर्ष द ह्यूमन-मशीन टीम नामक एक पुस्तक, जिसमें एआई-संचालित युद्ध के दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया था, एक लेखक द्वारा छद्म नाम के तहत प्रकाशित की गई थी, जिसे हाल ही में एक प्रमुख इजरायली गुप्त खुफिया इकाई का प्रमुख बताया गया था।

पिछले साल, एक अन्य ‚972 रिपोर्ट में कहा गया था कि इज़राइल संभावित आतंकवादी इमारतों और बमबारी सुविधाओं की पहचान करने के लिए हब्सोरा नामक एक एआई सिस्टम का भी उपयोग करता है। रिपोर्ट के अनुसार, हब्सोरा लगभग स्वचालित रूप से लक्ष्य उत्पन्न करता है, और एक पूर्व खुफिया अधिकारी ने इसे सामूहिक हत्या का कारखाना बताया।

हालिया ‚972 रिपोर्ट में एक तीसरी प्रणाली का भी दावा किया गया है, जिसे व्हेयर इज डैडी? कहा जाता है, जो लैवेंडर द्वारा पहचाने गए लक्ष्यों की निगरानी करती है और जब वे अपने परिवार के पास घर लौटते हैं तो सेना को सचेत करती है।

कई देश सैन्य बढ़त की तलाश में एल्गोरिदम की ओर रुख कर रहे हैं। अमेरिकी सेना का प्रोजेक्ट मावेन एआई लक्ष्ईकरण की आपूर्ति करता है जिसका उपयोग मध्य पूर्व और यूक्रेन में किया गया है। चीन भी डेटा का विश्लेषण करने, लक्ष्यों का चयन करने और निर्णय लेने में सहायता के लिए एआई सिस्टम विकसित करने की ओर अग्रसर है।

सैन्य एआई के समर्थकों का तर्क है कि यह तेजी से निर्णय लेने, अधिक सटीकता और युद्ध में हताहतों की संख्या को कम करने में मदद करेगा।

वैसे पिछले साल, मिडिल ईस्ट आई ने बताया कि एक इजरायली खुफिया कार्यालय ने कहा कि गाजा में प्रत्एक एआई-जनित लक्ष्य की मानव समीक्षा करना बिल्कुल भी संभव नहीं है। एक अन्य सूत्र ने ‚972 को बताया कि वे व्यक्तिगत रूप से प्रत्एक लक्ष्य के लिए 20 सेकंड लगाएंगे जो केवल अनुमोदन से ज्यादा और कुछ नहीं होगा।

नवीनतम रिपोर्ट पर इजरायली रक्षा बल की प्रतिक्रिया में कहा गया है, विश्लेषकों को स्वतंत्र परीक्षा आयोजित करनी चाहिए, जिसमें वे सत्यापित करें कि पहचाने गए लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार प्रासंगिक परिभाषाओं को पूरा करते हैं।

सटीकता के लिए, नवीनतम ‚972 रिपोर्ट में दावा किया गया है कि लैवेंडर पहचान और क्रॉस-चेकिंग की प्रक्रिया को स्वचालित करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संभावित लक्ष्य हमास का एक वरिष्ठ सैन्य व्यक्ति है। रिपोर्ट के अनुसार, लैवेंडर ने निम्न-रैंकिंग कर्मियों और साक्ष्य के कमजोर मानकों को शामिल करने के लिए लक्ष्ईकरण मानदंडों को ढीला कर दिया, और लगभग 10 प्रतिशत मामलों में त्रुटियां कीं।

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि एक इजरायली खुफिया अधिकारी ने बताया है कि व्हेयर इज डैडी? से जानकारी मिलने पर प्रणाली, लक्ष्यों पर बिना किसी हिचकिचाहट के, पहले विकल्प के तौर पर उनके घरों पर बमबारी करेगी, जिससे नागरिक हताहत होंगे। इज़रायली सेना का कहना है कि वह हजारों लोगों को उनके घरों में मारने की किसी भी नीति के दावे को सिरे से खारिज करती है।

जैसे-जैसे एआई का सैन्य उपयोग आम होता जा रहा है, नैतिक और कानूनी चिंताओं पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। सैन्य एआई के बारे में अभी तक कोई स्पष्ट, सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत या कानूनी रूप से बाध्यकारी नियम नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र दस वर्षों से अधिक समय से घातक स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर चर्चा कर रहा है। ए उपकरण ऐसे हैं जो मानव इनपुट के बिना लक्ष्य साधने और फायरिंग करने का निर्णय ले सकते हैं, जिन्हें कभी-कभी हत्यारे रोबोट के रूप में जाना जाता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने यह सुनिश्चित करने के लिए एक नए मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया कि एल्गोरिदम को हत्या से जुड़े निर्णयों पर पूर्ण नियंत्रण नहीं होना चाहिए। पिछले अक्टूबर में, अमेरिका ने एआई और स्वायत्तता के जिम्मेदार सैन्य उपयोग पर एक घोषणा भी जारी की, जिसे तब से 50 अन्य देशों ने समर्थन दिया है। सैन्य एआई के जिम्मेदार उपयोग पर पहला शिखर सम्मेलन भी पिछले साल नीदरलैंड और कोरिया गणराज्य की सह-मेजबानी में आयोजित किया गया था।

कुल मिलाकर, सैन्य एआई के उपयोग पर अंतरराष्ट्रीय नियम उच्च तकनीक, एआई-सक्षम युद्ध के लिए देशों और हथियार कंपनियों के उत्साह के साथ तालमेल रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

एआई-सक्षम उत्पाद बनाने वाले कुछ इज़राइली स्टार्टअप कथित तौर पर गाजा में अपने उपयोग को विक्रय बिंदु बना रहे हैं। फिर भी गाजा में एआई सिस्टम के उपयोग पर रिपोर्टिंग से पता चलता है कि एआई गंभीर मानवीय नुकसान भले पहुंचा ले, लेकिन सटीक युद्ध के सपने को पूरा करने के मामले में बहुत पीछे है।

एआई सुझावों को बिना किसी मानवीय जांच के स्वीकार करना भी संभावित लक्ष्यों के दायरे को बढ़ाता है, जिससे अधिक नुकसान होता है।

लैवेंडर और हब्सोरा पर रिपोर्ट हमें दिखाती है कि वर्तमान सैन्य एआई पहले से ही क्या करने में सक्षम है। सैन्य एआई के भविष्य के जोखिम और भी बढ़ सकते हैं।

उदाहरण के लिए, चीनी सैन्य विश्लेषक चेन हंगहुई ने भविष्य की युद्धक्षेत्र विलक्षणता की कल्पना की है, जिसमें मशीनें निर्णय लेती हैं और इतनी तेज़ गति से कार्वाई करती हैं कि कोई इंसान उनका अनुसरण नहीं कर सकता। इस परिदृश्य में, हम दर्शकों या हताहतों से अधिक कुछ नहीं रह गए हैं।

इस साल की शुरुआत में प्रकाशित एक अध्ययन में एक और चेतावनी दी गई थी। अमेरिकी शोधकर्ताओं ने एक प्रयोग किया जिसमें जीपीटी-4 जैसे बड़े भाषा मॉडल ने युद्ध अभ्यास में राष्ट्रों की भूमिका निभाई। मॉडल लगभग अनिवार्य रूप से हथियारों की दौड़ में फंस गए और परमाणु हथियारों का उपयोग सहित अप्रत्याशित तरीकों से संघर्ष बढ़ गया।

जिस तरह से दुनिया सैन्य एआई के वर्तमान उपयोग पर प्रतिक्रिया करती है - जैसा कि हम गाजा में देख रहे हैं - भविष्य में प्रौद्योगिकी के विकास और उपयोग में एक नई मिसाल कायम होने की आशंका है।

बडोनी पर भारी पड़ गए फ्रेजर, दिल्ली की जीत

मिहिर चंद्र श्रीवास्तव। लखनऊ

● सुपरजायंटस का घर में लगातार तीसरी जीत का सपना टूटा, दिल्ली कैपिटल्स ने 6 विकेट से दी मात

एलएसजी के लिए निचले क्रम पर आए आयुष बडोनी के नाबाद 55 रन पर दिल्ली कैपिटल्स के जैक फ्रेजर का 55 रन भारी पड़ गया और लखनऊ को अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीसरी जीत हासिल करने में सफलता नहीं मिली और उसे 6 विकेट से हारना पड़ा। लखनऊ को सात विकेट पर 167 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए जैक फ्रेजर मैकगुर्क ने 55 जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रन का योगदान दिया। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई ने दो विकेट चटकाए। इससे पहले अटल बिहारी बाजपेई इकाना स्टेडियम में बादलों और हल्की हवा के बीच शुरू हुए मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी। आज उसके शीर्ष बल्लेबाजों ने निराश किया आयुश बडोनी के नाबाद 55 रनों की नाबाद अर्धशतकीय पारी और आठवें विकेट के लिए अरशद खान (नाबाद 20) के साथ 42 गेंद में 73 रन की अटूट साझेदारी के दम पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शुक्रवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट पर 167 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर पाई। बडोनी और अरशद की यह साझेदारी आईपीएल इतिहास में आठवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

कुलदीप यादव (20 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम 13 ओवर के बाद 94 रन पर सात विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन बडोनी ने 35 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। कुलदीप ने लोकेश राहुल (39), मार्कस स्टोइनिस (आठ) और निकोल्स पूरन (शून्य) के अहम विकेट चटकाकर लखनऊ को बड़े झटके दिए।खलील अहमद को दो सफलता मिली जबकि इशांत शर्मा और मुकेश कुमार ने एक-एक विकेट लिए। डिकॉक ने पारी की पहली ही गेंद पर खलील के खिलाफ चौका जड़ने के बाद ओवर का अंत भी इसी अंदाज में किया। कप्तान राहुल ने तीसरे ओवर में इस गेंदबाज का स्वागत कवर क्षेत्र के ऊपर से छक्का लगाकर किया लेकिन बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने डिकॉक को पगबाधा कर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने अपने अगले ओवर में देवदत्त पडिक्कल (तीन रन) को भी चलता किया।

राहुल इस बीच इशांत शर्मा की गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाने के साथ छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए मुकेश का स्वागत लगातार दो चौके से किया जिससे लखनऊ के रनों का पचासा पूरा हुआ। चोट से उबर कर टीम में वापसी कर रहे कुलदीप ने आठवें ओवर में लगातार गेंदों पर स्टोइनिस और पूरन (शून्य) को आउट कर दो बड़े झटका दिया।

स्कोरबोर्ड

एलएसजी पारी: डिकॉक पगबाधा खलील 19, राहुल का पंत बो कुलदीप 39,पडिक्कल पगबाधा खलील 03,स्टोइनिसका इशांत बो कुलदीप 08, पूरन बो कुलदीप 00,हुड्डा का वार्नर बो इशांत 10, बडोनीनाबाद 55, पंड्याका पंत बो मुकेश 03,अरशद नाबाद 20, **अतिरिक्त:** 10,**कुल योग:** (20 ओवर मे सात विकेट पर) 167 रन,**विकेट पतन:** 1-28, 2-41, 3-66, 4-66, 5-77, 6-89, 7-94, **गेंदबाजी :** खलील 4-0-41-2,इशांत 4-0-36-1,मुकेश 4-0-41-1,अक्षर 4-0-26-0 ,कुलदीप 4-0-20-3

पंजाब किंग्स के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा राजस्थान रॉयल्स को

● आईपीएल में आज होंगे आमने-सामने

भाषा। मुल्लांपुर

पिछले मैच में जीत की दहलीज पर पहुंचकर हारी राजस्थान रॉयल्स को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा क्योंकि मेजबान टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद बेहद सक्षम है। रॉयल्स के पास लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका था लेकिन राशिद खान की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने बुधवार को आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की। रॉयल्स के लिए अपने गढ जयपुर में हारना किसी झटके से कम नहीं था। वे इसे भुलाकर अब जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे। संजू सैमसन की कप्तानी वाली रॉयल्स के गेंदबाज कुलदीप सेन (19वां ओवर) और आवेश खान (20वां ओवर) ने 12 गेंदों के भीतर 35 रन दे डाले। सैमसन ने ट्रेंट बोल्ट से चार ओवर का कोटा पूरा नहीं कराके बड़ी चूक की जबकि बोल्ट ने दो ओवर में सिर्फ आठ रन दिए थे। दबाव के क्षणों में उनका अनुभव काफी काम आता। दूसरी ओर शिखर धवन की कप्तानी वाली पंजाब टीम ने पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाए हैं। उसके धाकड़ बल्लेबाज चल नहीं पा रहे और शशांक सिंह तथा अभिषेक शर्मा जैसे गुमनाम बल्लेबाजों पर रन बनाने की सारी जिम्मेदारी आ गई है। सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (पांच मैचों में 81 रन) और मध्यक्रम के बल्लेबाज जितेश शर्मा (पांच मैचों में 77 रन) अपेक्षा के अनुरूप नहीं खेल पाए हैं जिससे टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी। सैम कुरेन गेंदबाजी में औसत रहे हैं और बल्ले से भी अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं कर पाए हैं। मध्यक्रम में टीम को चोटिल लियाम लिविंगस्टोन की कमी खल रही है। पंजाब के गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहतर रहा है लेकिन पहले गेंदबाजी करने पर उन्होंने काफी रन लुटाए हैं। पिछले तीन मैचों में पंजाब के खिलाफ विरोधी टीम ने 199, 199 और 182 रन बनाए हैं जबकि कैगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह जैसे गेंदबाज टीम में हैं। रॉयल्स के सामने चुनौती अच्छी लय बनाए रखने की भी है क्योंकि टूर्नामेंट में आम तौर पर अच्छी शुरूआत के बाद वे लड़खड़ा जाते हैं। यही वजह है कि पिछले छह सत्र में सिर्फ दो बार प्लेआफ में पहुंच सके।

खाचानोव को हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचे सिटसिपास

मोनाको। दो बार के चैम्पियन स्टेफानोस सिटसिपास ने रूस के कारेन खाचानोव को 6-4, 6-2 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल मे जगह बना ली। अब उनका सामना यानिक सिनेर या होल्गर रूने से होगा। वही दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की भिड़ंत एलेक्स डि मिनौर से होगी जबकि उगो हुम्बर्ट का सामना कैस्पर रूड से होगा। जोकोविच ने लोरेंजो मुसेत्ती से मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए उन्हे हराकर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश कर लिया। दो बार के चैम्पियन जोकोविच को पिछले साल तीसरे दौर मे मुसेत्ती ने हराया था। उन्होंने छह मे से पांच ब्रेक प्वाइंट तब्दील करके 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने यहां 2013 और 2015 मे खिताब जीता है।

शीर्ष आकांक्षा अमेरिका में स्क्वाश टूर्नामेंट में हारी

नई दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके अमेरिका के सेट लुईस मे चल रहे आर सी प्रो सीरिज स्क्वश के क्वार्टर फाइनल मे मिस्र की जाना सापी से 2 . 3 से हार गई। राष्ट्रीय खेलो की स्वर्ण पदक विजेता आकांक्षा को 11-8, 3-11, 11-9, 5-11, 3-11 से पराजय झेलनी पड़ी। एकघंटे से अधिकचला यह मुकाबला पीएसए चैलेंजर टूर का हिस्सा था और ईनामी राशि 15000 डॉलर है।

आई लीग : गोकुलम ने ट्राउ एफसी को हराकर विदा ली

कोझीकोड। गोकुलम केरला ने ट्राउ एफसी को 6 .1 से हराकर शानदार जीत के साथ आई लीग फुटबॉल से विदा ली। ट्राउ एफसी पहले ही निचले दर्जे मे खिसक चुकी है। इस जीत के साथ गोकुलम केरला तालिका मे तीसरे स्थान पर है।अगर रीयल कश्मीर शनिवार को नामधारी को नही कर पाती है तो गोकुलम तीसरे स्थान पर ही रहेगा। ट्राउ आखिरी स्थान पर रहा है।

ओसाका की जीत से जापान मजबूत स्थिति में

तोक्यो। नाओमी ओसाका ने शुक्रवार को कजाकिस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा पर 6-2, 7-6 की जीत से जापान को बिली जीन किंग कप फाइनल मे पहुंचने के करीबी ला दिया है। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन की जीत के बाद तोक्यो मे नाओ हिबिनो ने अन्ना डेनिलिना पर 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की और जापान की बढ़त को 2-0 कर दिया। जापान के अलावा शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिस्बेन मे मैक्सिको पर 2-0 की बढ़त ले ली। नवंबर मे होने वाले फाइनल मे पहुंचने के लिए जापान और ऑस्ट्रेलिया को शनिवार के उलट एकय या युगल मैच मे जीत की जरूरत है।

हार्दिक पंड्या को पसंद हैं चुनौतियां, प्रशंसक जल्दी ही उसे चाहने लगेंगे : ईशान

मुंबई। आईपीएल के इस सत्र में भले ही हार्दिक पंड्या दर्शकों का कोपभाजन बन रहे हों लेकिन ईशान किशन को यकीन है कि मुंबई इंडियंस के कप्तान को उनका दिल जीतने की चुनौती मे मजा आ रहा है। आईपीएल का मौजूदा सत्र शुरू होने से पहले रोहित शर्मा की जगह मुंबई के कप्तान बने पंड्या की स्टेडियम के भीतर लगातार हूटिंग हो रही है। आरसीबी के खिलाफ बृहस्पतिवार को खेले गए मैच में भी यही आलम था लेकिन वानखेड़े स्टेडियम पर दर्शकों का एक छोटा समूह उनकी हौसलाअफजाई करता दिखा जिन्हें विराट कोहली से भी प्रोत्साहन मिला। ईशान ने कहा , उसे (पंड्या को) चुनौतियां पसंद है। वह पहले भी इन हालात में रह चुका है और अब फिर है। वह इसके बारे में बात नहीं करेगा और ना ही इसे रोकने के लिए कहेगा। उन्होंने कहा , मुझे पता है कि उसे इसमें मजा आ रहा होगा। मैं उसे निजी तौर पर जानता हूं। मैने उसके साथ काफी समय बिताया है। वह चुनौतियों के लिए तैयार है।

संन्यास के बारे में सोचा नहीं , 2027 वनडे विश्व कप खेलना चाहता हूं : रोहित शर्मा

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह कुछ साल और खेलना चाहते हैं और 2027 वनडे विश्व कप जीतने की दिली ख्वाहिश है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम जीत के अश्वमेधी अभियान पर सवार होकर 2023 विश्व कप फाइनल तक पहुंची लेकिन फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गई। 36 वर्ष के रोहित 2007 टी20 विश्व कप टीम जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे लेकिन वह वनडे विश्व कप को इससे ऊपर रखते हैं। अहमदाबाद में आस्ट्रेलिया के हाथों विश्व कप 2023 फाइनल में मिली हार से वह काफी व्यथित थे। उन्होंने यूट्यूब पर ब्रेकफास्ट विद चैम्पियंस शो में कहा , मैने संन्यास के बार में अभी सोचा नहीं है। लेकिन पता नहीं जिंदगी कहां ले जाए। मैं इस समय अच्छा खेल रहा हूं और कुछ साल और खेलना चाहता हूं। मैं विश्व कप जीतना चाहता हूं। 50 ओवरों का विश्व कप ही असली विश्व कप है। हम इसे देखकर ही बड़े हुए हैं। लॉडर्स पर 2025 में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल होना है। उम्मीद है कि हम उसमें खेलेंगे। विश्व कप फाइनल में मिली हार को छह महीने बीत चुके हैं लेकिन रोहित को अभी तक वह हार कचोटती है। उन्होंने कहा , विश्व कप भारत में हो रहा था। हमने फाइनल तक अच्छा खेला। सेमीफाइनल जीतने के बाद लगा कि एक कदम की दूरी पर ही है। मैने सोचा कि ऐसी कौन सी एक बात है जिसकी वजह से हम फाइनल हार सकते हैं और मेरे दिमाग में कुछ नहीं आया। उन्होंने कहा , हमारे अभियान में एक खराब दिन आना था और वही दिन था।

जेहन में चस्पा हो गए हैं, अपने ढेरों साहसी शॉट्स पर बोले सूर्यकुमार

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेगलोर के खिलाफ आईपीएल के मैच मे ढेरो साहसी शॉट्स खेलने वाले मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा किए सारे शॉट उनके जेहन मे चस्पा है और वे नेट्स पर इनका लगातार अभ्यास करते है। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार ने 19 गेद मे चार छक्कों और पांच चौको की मदद से 52 रन बनाए थे। उनकी टीम ने आरसीबी से मिला 197 रन का लक्ष्य 15 . 3 ओवर मे ही हासिल कर लिया। सूर्यकुमार ने कहा , मै इन शॉट्स का नेट पर अभ्यास करता हूं। ए सब मुझे अच्छी तरह से याद हो गए है। खेल हर्निया की सर्जरी से उबरने के बाद सूर्यकुमार का यह आईपीएल के इस सत्र मे दूसरा ही मैच था। उन्होने कहा , वानखेड़े स्टेडियम पर लौटना हमेशा अच्छा लगता है।

टी20 प्रारूप में अहं की कोई जगह नही, धीमी गेंद डालना जरूरी : बुमराह

मुंबई। बल्लेबाजों पर दबाव बनाने के लिए वैरिएशन पर लगातार काम कर रहे जसप्रीत बुमराह एक तेज गेंदबाज के तौर पर अपने अहं को तिलांजलि देने को तैयार है और उन्हें विविधता की तलाश के लिए धीमी गेंद डालने से भी गुरेज नहीं है। बुमराह ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ सात विकेट से मिली जीत में मुंबई इंडियंस के लिए 21 रन देकर पांच विकेट लिए। वह अब दस विकेट लेकर युजवेंद्र चहल के साथ गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। बुमराह ने मैच के बाद कहा , आपको हमेशा यॉर्कर डालने की जरूरत नहीं है। कई बार यॉर्कर और कई बार धीमी गेंद भी डालनी होती है। इस प्रारूप में अहं के लिए जगह नहीं है। आप 145 किमी की रफ्तार से भी गेंद डाल सकते हैं लेकिन कई बार धीमी गेंद डालना जरूरी होता है। उन्होंने कहा , यह प्रारूप गेंदबाजों के लिए काफी कठिन है। मैने अपने कैरियर की शुरूआत से ही विविधता पर काम किया है। जब प्रदर्शन अच्छा नहीं हो रहा था , तब मैने वीडियो देखे और समीक्षा की।

अतुलनीय बूमराह आईपीएल के सुपरस्टार : हरभजन

मुंबई। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि अब खेल को अलविदा कह चुके लसिथ मलिंगा के अलावा कोई और गेदबाज अकेले दम पर मैच जिताने की जसप्रीत बुमराह की काबिलियत का मुकाबला नही कर सकता और यही वजह है कि बुमराह आईपीएल के इस सत्र मे सुपरस्टार है। बुमराह ने रॉयल चैलेंजर्स बेगलोर के खिलाफ पांच विकेट लिए जिसके दम पर मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से जीत दर्ज की। हरभजन ने स्टार स्पोटर्स के क्रिकेट लाइव कार्यक्रम पर कहा , पहले दिन से आज तक मैने उसे गेदबाजी करते देखा है और उसकी गेदबाजी मे काफी बदलाव आया है। वह सीखने को लालायित रहता है। उसने भले ही आज पांच विकेट ले लिए लेकिन वह फिर जाकर वीडियो देखेगा कि कहां सुधार हो सकता है। उन्होने कहा , वह इतना शांत रहता है और दबाव के क्षणो मे उससे बेहतर कोई नही खेल सकता। लोग अक्सर विराट कोहली और एम एस धोनी की बात करते है क्योकि यह बल्लेबाजो का खेल है लेकिन अगर कोई आईपीएल के सुपरस्टार की बात करे तो वह बुमराह है। उन्होने कहा , अपना दिन होने पर वह मैच जिताता है और ऐसा कितने बल्लेबाज कर पाते है। हरभजन ने कहा , बल्लेबाजो की बात करे तो तीन या चार है लेकिन गेदबाजो मे सिर्फ बुमराह या मलिंगा है। हर प्रारूप मे। अविश्वसनीय प्रदर्शन। सबसे अच्छी बात तो यह है कि वह सीखना और बेहतर करते रहना चाहता है। उन्होने अर्धशतक जमाने वाले सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए कहा , जब सूर्यकुमार यादव फॉर्म मे होता है तो आप किसी और को देखना नही चाहते। वह एबी डिविलियर्स का बेहतर संस्करण है। अगर मै किसी भी टीम मे रहूंगा तो नीलामी मे वह मेरी पहली पसंद होगा।

एशियाई चैंपियनशिप: आकाश कांस्य पदक दौर में पहुंचे

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारतीय पहलवान आकाश दहिया और अनिरुद्ध कुमार ने एशियाई चैंपियनशिप मे खुद को कांस्य पदक की दौड़ मे बनाए रखा है, लेकिन उनके तीन अन्य साथी शुक्रवार को यहां अपने-अपने भार वर्गों के अलग-अलग चरणो मे हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। गैर-ओलंपिक 61 किग्रा वर्ग मे प्रतिस्पर्धा कर रहे आकाश ने उज्बेकिस्तान के सरदार रजिमोव पर 10-8 की करीबी जीत के साथ शुरुआत की और इसके बाद क्वार्टर फाइनल मे कोरिया के सांघयोन सोन को 7-3 से आसानी से हराया। वह सेमीफाइनल मे कजाकिस्तान के असिल एतकिन की चुनौती से पार नही पा सके और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना मुकाबला हार गए। अब उनका मुकाबला मंगोलिया के एनखबोल्ड एनखबाट से होगा। यश तुशिर (74 किग्रा) अपने रेपेचेज चरण मे कजाकिस्तान के सिरबाज तलगट से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए। संदीप सिंह मान (86 किग्रा) भी जल्दी बाहर हो गए। वह अपना क्वालीफिकेशन मुकाबला जापान के तात्सुया शिराई से 0-5 से हार गए।वनय भी 92 किग्रा क्वालिफिकेशन राउंड मे कजाकिस्तान के अनुभवी पहलवान अदिलेत देवलुम्बाएव से हारकर बाहर हो गए। अनिरुद्ध कुमार 125 किग्रा भार वर्ग मे पाकिस्तान के जमान अनवर पर 3-0 से जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन क्वार्टर फाइनल मे ईरान के अमीर हुसैन अब्बास जारे से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए। ईरान के पहलवान के फाइनल मे पहुंचने के कारण अनिरुद्ध के लिए कांस्य पदक का दरवाजा खुल गया। अब वह बहरीन के शमील मैगोमेद ए शारिपोव के खिलाफ कांस्य के लिए भिड़ेंगे। भारत के लिए गुरुचार को उदित (57 किग्रा, रजत), अभिमन्यु (70 किग्रा, कांस्य) और विक्की (97 किग्रा, कांस्य) ने पदक जीते थे।ुरुषो की फ्री-स्टाइल प्रतियोगिता आज समाप्त होगी और महिलाओ के मुकाबले शनिवार से शुरू होगे।

धावक लक्ष्मणन एक साल में तीन बार स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन पर प्रतिबंधित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन पर 12 महीने की अवधि मे तीन बार स्थान संबंधी नियमो के उल्लंघन के साथ एक बार जांच के लिए उपलब्ध नही होने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया है। लक्ष्मणन ने 2017 एशियाई चैंपियनशिप मे 5000 मीटर और 10,000 मीटर मे स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 मे तीसरी (जुलाई से सितंबर) और चौथी (अक्टूबर से दिसंबर) तिमाही के दौरान अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देने मे विफल रहे और 26 मार्च 2023 को जांच करने के लिए उपलब्ध नही हुए। लक्ष्मणन को 2022 मे नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) मे शामिल किया गया था। नाडा की 19 मार्च, 2024 को पारित एक आदेश के मुताबिक नाडा की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीआरपी) ने उन्हे 10 अगस्त, 2023 से दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। नाडा के आरटीपी मे शामिल एथलीटो को हर तीन महीने मे अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देनी होती है। इसके तहत खिलाड़ियो को अपनी नियमित गतिविधियो को साझा करने के साथ प्रत्एक दिन 60 मिनट की अवधि प्रदान करनी होगी जब वह परीक्षण के लिए उपलब्ध होगे। आरटीपी मे शामिल खिलाड़ी अगर अपने ठिकाने की जानकारी दर्ज करने मे विफल रहते है या खुद के द्वारा दी गई 60 मिनट के विंडो (समय अवधि) के दौरान उपलब्ध नही होते है तो उसे स्थान संबंधी नियमो की विफलता मानी जाती है। आरटीपी खिलाड़ी के द्वारा 12 महीने मे तीन विफलता को डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन (एडीआरवी) हो माना जा सकता है। ऐसे मे उस पर प्रतिबंध लग सकता है। नाडा ने 10 अगस्त, 2023 को लक्ष्मणन को एक अधिसूचना जारी की, जिसमे उन्हे एडीआरवी के बारे मे सूचित किया गया और उन्हे अनुशासनात्मक कार्यवाही के समापन तक किसी भी प्रतियोगिता मे भाग लेने से अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया। अधिवक्ता ज्योति जोग्लुजू की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा पारित आदेश के अनुसार, लक्ष्मणन ने ठिकाने की जानकारी देने मे विफलताओ को स्वीकार किया, लेकिन कहा कि वह परीक्षण से इस लिए चूक गए क्योकि उनकी बेटी गंभीर रूप से बीमार थी और उसकी देखभाल के लिए उन्हे अपने पैतृक स्थान की यात्रा करनी पड़ी। उन्होने कहा कि उन्होने अपने ठिकाने की जानकारी को अपडेट करने का प्रयास किया लेकिन इसमे तकनीकी कठिनाइयो का सामना करना पड़ा। उन्होने यह भी कहा कि उस समय वह चोटिल थे और आयुर्वेदिक उपचार ले रहे थे। डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने लक्ष्मणन के स्पष्टीकरण को असंतोषजनक करार दिया और उन पर अस्थाई निलंबन की तारीख 10 अगस्त, 2023 से दो साल का प्रतिबंध लगा दिया।

साथियान और मनिका विश्व मिश्रित युगल टेबल टेनिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन में हारे

नई दिल्ली। जी साथियान और मनिका बत्रा की भारतीय जोड़ी शुक्रवार को चेक गणराज्य के हाविरोव मे विश्व मिश्रित युगल ओलंपिक क्वालीफिकेशन टेबल टेनिस टूर्नामेंट (चरण दो) के क्वार्टर फाइनल मे मलेशिया के चूंग जावेन और लिन करेन की जोड़ी से हार गई। मलेशिया की जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को 4-1 (11-9 11-9 11-9 7-11 11-8) से शिकस्त दी। भारतीय जोड़ी को ओलंपिक टिकट पक्का करने के लिए चरण दो मे तीन मैच जीतने की जरूरत थी। टीम को शुरुआती मुकाबले मे बाई मिली थी। नॉकआउट तीन मे शामिल भारतीय जोड़ी जावेन और करेन के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने मे विफल रही। भारतीय जोड़ी ने 3-0 से पिछड़ने के बाद एक गेम जीत कर वापसी की लेकिन अगले गेम मे उन्हे फिर से शिकस्त का सामना करना पड़ा। आईटीटीएफ मिश्रित युगल मे 18वे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने इससे पहले गुरुचार को अंतिम 16 चरण मे यूनान की स्टैमाटूरोस जॉर्जियोस और पापदिमित्रीउ मालामातेनियाद की जोड़ी को 4-0 (11-8 11-9 11-8 11-6) से हराया था। आठवी वरीयता प्राप्त साथियान और मनिका की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल (चरण एक) मे उत्तर कोरिया की रि लोग सिक और किम कुम योग की जोड़ी ने 4-1 (7-11 10-12 11-9 6-11 6-11) शिकस्त दी। टीम के सामने इसके बाद दूसरे चरण मे तीन मैच जीतने की चुनौती थी।

भारत की हॉकी टेस्ट श्रृंखला में चौथी हार

● ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से किया पराजित

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के अहम दौरे पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है जहां पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच में उसे 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ ही श्रृंखला में अपनी बढ़त को 4-0 कर लिया। मैच का परिणाम भारतीयों के पक्ष में नहीं रहा लेकिन टीम के प्रदर्शन के स्तर में काफी सुधार दिखा। मेजबान टीम हालांकि हर मामले में भारत से बेहतर साबित हुई। आकाशीय बिजली के कारण 40 मिनट देर से शुरू हुए मैच में सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए। भारत ने 12वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह की बदौलत बढ़त बना ली, लेकिन जेरेमी हेवर्ड (19वें, 47वें) और जैक वेल्च (54वें) के गोल ने ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में लगातार चौथी जीत दिला दी। भारत शुरुआती टेस्ट में 1-5 से हार गया था, जबकि दूसरा और तीसरा टेस्ट क्रमश: 2-4 और 1-2 से हार गया था। मैच का शुरुआती क्वार्टर काफी प्रतिस्पर्धी रहा जहां दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ गोल के कई मौके बनाए। मनदीप सिंह ने मैच पहले मिनट में ही भारत के लिए मौका बनाया। हरमनप्रीत सिंह के पास पर सर्कल के पास से किए गए उनके प्रहार को ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर ने बचा लिया।ऑस्ट्रेलिया ने जवाबी हमला करते हुए दूसरे मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन अनुभवी भारत के गोलकीपर पीआर श्रीजेश के शानदार बचाव से उनका दोनों प्रयास विफल हो गया। भारतीय खिलाड़ियों ने इस मैच में मिडफील्ड का चतुराई से उपयोग कर गोल करने के मौके बनाए। भारत को 10वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन जुगराज सिंह मौके को भुनाने में नाकाम रहे। इसके एक मिनट बाद, ऑस्ट्रेलिया को तीसरा और चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीयों ने मजबूती से बचाव किया। भारत ने 12वें मिनट में हरमनप्रीत के गोल से बढ़त बना ली। भारतीय कप्तान ने टीम के दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर गोलकीपर के बाईं ओर से जोरदार फ्लिक से गोल किया। एक गोल से पिछड़ने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में जोरदार वापसी की। मैच के 19नें मिनट में हेवर्ड ने टीम को पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर बढ़त दिला दी। इसके तुरंत बाद भारत के पास बढ़त बनाने का मौका था लेकिन राजकुमार पाल का रिवर्स हिट गोलपोस्ट से टकराकर दूर चला गया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके कुछ समय के बाद छठा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने कमाल का बचाव किया।

कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश हारे, प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला

भाषा। टोरंटो

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश फ्रांस के फिरोजा अलीरजा के हाथों पहली हार के बाद कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद शीर्ष स्थान से खिसक गए लेकिन आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। इस हार के बाद 17 वर्ष के गुकेश अब कारूआना और प्रज्ञानानंदा के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के 4 . 5 अंक हैं और उन्होंने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर आधा अंक से बढत बना ली है। निजात अबासोव के साथ ड्रॉ के बाद विदित गुजराती संयुक्त पांचवें स्थान पर नकामूरा के साथ है जबकि अलीरजा सातवें स्थान पर हैं।अबासोव दो अंक लेकर आखिरी स्थान पर हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली को तीसरी हार का सामना करना पड़ा। उन्हें चीन की तिंगजी लेइ ने हराया जबकि बाकी तीनों मुकाबले ड्रॉ पर छूटे।चीन की झोंग्ई तान ने रूस की अलेक्जेंदा गोरियाश्किना से ड्रा खेला और वह आधा अंक आगे हैं। रूस की कैटरीना लागनो ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा से ड्रॉ खेला जबकि अन्ना मुजिचुक ने भारत की कोनेरू हम्पी को ड्रॉ पर रोका। तान अब पांच अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि गोरियाश्किना उनसे आधा अंक पीछे हैं। हम्पी और वैशाली के 2 . 5 अंक हैं और उन्हें अब वापसी के लिए दूसरे हाफ में चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा।

मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस : जोकोविच ने मुसेत्ती से बदला लिया, मेदवेदेव हारे

भाषा। मोनाको



दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने लोरेंजो मुसेत्ती से मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए उन्हें हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के चैम्पियन जोकोविच को पिछले साल तीसरे दौर में मुसेत्ती ने हराया था। उन्होंने छह में से पांच ब्रेक प्वाइंट तब्दील करके 7-5, 6 -3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने यहां 2013 और 2015 में खिताब जीता है लेकिन उसके बाद से क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके। दूसरी रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अब उनका सामना होल्गर रूने से होगा जिसने ग्रिगोर दिमित्रोव को 7- 6, 3 -6, 7 -6 से हराया। इससे पहले रूस के कारेन खाचानोव ने हमवतन दानिल मेदवेदेव को 6 -3, 7-5 से हराया था। अब वह दो बार के चैम्पियन स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे जिन्होंने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7- 5, 7 -6 से मात दी।

पेरिस ओलंपिक में अभियान प्रमुख पद से हटी मैरी कॉम

भाषा। नई दिल्ली

छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम शुक्रवार को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के अभियान प्रमुख के पद से हट गई है। उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी टी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से फारिग करने के लिए कहा है। मैरी कॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा , देश की किसी भी रूप में सेवा करना फख्र की बात है और मैं इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थी। लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं। उन्होंने कहा , इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिल